तन्त्र साहित्ये बहूनि स्तोत्राणि सन्ति । तेषु कानिचिद्देवानां स्तोत्राणि कानिचिद् देवीनां स्तोत्राणि वर्तन्ते । तेषु देवीस्तोत्रेष्वपि दशविध देवीसहस्रनामस्तोत्राणि मुख्यानि । तानि च भवानि, गायत्री, काली, लक्ष्मी, सरस्वती, राजराजेश्वरी, श्यामला, दुर्गासहस्रनाम (वगला), भुवनेश्वरी, ललिता सहस्रनाम स्तोत्राणि । एषु दशस्वपि सहस्रनाम स्तोत्रेषु ललितासहस्रनाम स्तोत्रं मुख्यम् । अत एव ललितासहस्रनाम स्तोत्रं तन्त्रमार्गेऽतीव महत्त्वपूर्णं स्थानं भजते ।

बहुभिरूपासकैः तन्त्रसाधनमार्गे साधनी कृतमिदं स्तोत्रम् । दक्षिणभारतेऽनेके विद्वांसः साधकाश्च अस्य स्तोत्रस्य नित्यपाठं कुर्वन्ति ।

पितृसंवत्सरान्तःपाति-मातृसांवत्सरिकानुष्ठानविचारः

डा० जयकृष्ण मिश्र

आयुःप्रजाद्यैहिकफललाभाय, स्वर्गादिपारलौकिकफललाभाय सर्वोपरि मोक्षलाभाय च पितृयज्ञो धर्मशास्त्रेषु विहितः । स च पितृयज्ञः श्राद्धनाम्ना प्रसिद्धः । पुत्रैः क्रियमाणं श्राद्धकर्म पितृणामस्तित्वप्रयुक्त भक्तिप्रयुक्तं च । तत्र च नित्यनैमित्तिककाम्यभेदेन श्राद्धं बहुविधं शास्त्रकारैः प्रतिपादितम् । सांवत्सरिकश्राद्धं नैमित्तिकान्तर्गतम् । सन्दर्भेऽस्मिन् प्रथमसांवत्सरिकस्यानुष्ठानकालः विचार्यते ।

सांवत्सरिकं श्राद्धं प्रतिसवत्सरं मृततिथौ एव क्रियते । प्रथमसावत्सरिकमपि तथैव द्वादशमासानन्तरमधिमासं सन्त्यज्य मृततिथौ एव पाल्यते । द्वादशमासेऽधिमासपाते शुद्धमासि एव कर्त्तव्यम् ।

विद्यापतिमहाकविः तदीया पुरुषपरीक्षा च

श्रवणकुमार लोधा

प्राचीनभारते नीतिशास्त्रस्योपदेशप्रणाली–कथाप्रसङ्गेन प्रचलिता आसीत् । पञ्चतन्त्रम्—हितोपदेशः —जातकमाला—बौद्धावदानमाला—इत्यादिक्रमेण विभिन्न–उपदेशपराः ग्रन्था सन्ति । तेष्वेव-विद्यापतिमहाकवेः पुरुषपरीक्षापि–नीतिशास्त्रस्य–विशेषतो व्यावहारिक क्षेत्रीय विभिन्न कोटिघटकी भूतस्य विशेषेण ज्ञानाय सदवशिष्यते । पाटलिपुत्रस्य राजकुमार कथापि–विशाखदत्तस्यकथया ऐतिहासिकतत्त्व ज्ञानेन सह स्मियोऽविश्वसनीयतामभिव्यञ्जयति । अत एव निबन्धेऽस्मिन्–प्रमाणपुरः सरं नीतिग्रन्थेषु-पुरुष परीक्षायाः स्थानं मया निरूपितम् । आधुनिकजीवने लोकव्यवहारज्ञानाय–कियानस्योपयोगः स्याहितिविषये—न किमपि वक्तुमुचितमवशिष्यते ।

उत्तररामचरिते शिक्षामनोविज्ञानतत्त्वानां परिशीलनम्

वसन्तकुमार मिश्र, पुरी

साम्प्रतिको युगः बुद्धिवादी । मानवस्य सर्वोऽपि सिद्धान्तः कार्यकारणशृङ्खलया बद्धः । सामाजिक-राजनैतिक-धार्मिक-नैतिक-मनोवैज्ञानिकविषयाणां मीमांसा वैज्ञानिकविधिना संस्क्रियते । मानवस्य मानसिक-शारीरिकश्च व्यापारः विज्ञानपद्धत्या निरीक्ष्यते परीक्ष्यते समाधीयते च ।

मानवव्यवहाराध्ययनरूपस्य शास्त्रस्यास्य मनोविज्ञानस्योपलब्धिः पौरस्त्यपाश्चात्यनाट्यकृतिषु सूक्ष्माविरलगत्याऽवलोक्यते । तत्र पाश्चात्यनाट्यकाराणां पूर्वमपि भारतीयनाट्यपद्धतौ मनोवैज्ञानिकस्रोतः भास-कालिदास-भवभूत्यादिविरचितेषु नाटकेषु स्पष्टमवभासते ।

'भाणश्चतुर्भाणी च'

आचार्य डा० वनेश्वर पाठक, रांची

(१) रूपकेषु भाणस्य स्थानम् ।
(२) भाणस्य शास्त्रीयं वैशिष्ट्यम् ।
(३) भाणरचनायाः पारम्परिकत्वम् ।
(४) भाणेषु चतुर्भाण्याः स्थानम् ।
(५) चतुर्भाण्याः संक्षिप्तः परिचयः ।
(६) भाणस्य शास्त्रीयं वैशिष्ट्यमधिकृत्य चतुर्भाण्याः समीक्षणम् ।
(७) निष्कर्षः ।

रामणीयक-सम्प्रदायः—पण्डितराजस्याभिनवः काव्यसम्प्रदायः

शङ्करजी झा, दरभंगा

यथा खलु रसवादिनो रससत्तां ध्वनिवादिनश्च वस्त्वलङ्काररसरूपत्रिविधव्यङ्ग्यान्यतमसत्तामावश्यकीम्मन्वते काव्यत्वव्यपदेशाय न तथा पण्डितराजो जगन्नाथः । केवलं वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्यान्यतमरमणीयमर्थं काव्यात्मानं मन्वानेनानेन स्वकीयकाव्यलक्षणे व्यञ्जकपदमनुपादाय वाचकादित्रितयसङ्ग्रहार्थं "प्रतिपादकमिति पद सामान्येनोपात्तम् । उपमानिरूपणावसरे रसगङ्गाधरे व्यङ्ग्येन सहे वाच्यार्थविशेषस्याप्यलङ्कार्यत्वेन प्रतिपादितत्वात् सिद्ध्यति पदरमणीयव्यङ्ग्यस्थलेऽपि रमणीयवाच्यसत्त्वे काव्यत्वमिष्टं पण्डितराजस्य । नापि चायं रसवादी विश्वनाथसदृशः, यतो ह्यसौ रसमात्रं (असंलक्ष्यक्रमध्वनिं) काव्यात्मानं नो मनुते ।

जगन्नाथः वैदिक देवता न वा

अमलरंजन मुखोपाध्याय

यद्यपि सनातन शास्त्रेषु जगन्नाथः देवरूपेण वर्णितः तथापि वैदेशिकपण्डिताः जगन्नाथं वौद्धकालात् परं तथा वौद्ध आदर्शेन प्रभावित इत्युच्यन्ते। तेषां नये जगन्नाथ-वलराम-सुभद्राया यथार्थरूपं हि वुद्ध-धर्म-संघाश्चेति । अपि च जगन्नाथ अनार्याणां देवतासीत् कालप्रभावेन तदार्थदेवत्वंगतः इत्यादि पूर्वपक्षीणां नास्तिकं मतं वेद-पुराणान्तर्गतेषु प्रमाणेष्वस्वीक्रियते इस्मिन् प्रवन्धे ॥

ऋग्वेदे पापपुण्ययोर्विमर्शः

डा० कन्हैयालाल पाराशर, होशियारपुर

संसारस्य सर्वेऽपि धर्मग्रन्थाः महापुरुषाः दार्शनिकाः अन्ये च विद्वांसः पापकर्मणां निषेधं पुण्यकर्मणां च विधानं कृतवन्तः । यथा धर्मविषये "धर्मस्य तत्त्वं निहित गुहायाम्" इति कथ्यते तथैव "पापपुण्ययोस्तत्त्वं निहितं गुहायाम्" इत्यपि कथयितुं शक्यते। श्रीमद्भगवद्गीतायां श्रीकृष्ण महाराजैरपि कथितमस्ति "किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः" इति। यदा कस्मिन्नपि विषये सन्देहो जायते तदा तत्समाधानाय नास्ति भारतीये समाजे वैदिकसाहित्यात्पर प्रमाणम् । कर्मणा पापपुण्यविषयिका या समस्या तस्याः समाधानाय ऋग्वेदात् प्रमाणाना संकलनस्य तेषा विवेचनस्य च महती आवश्यकता वर्तते । यतो हि, भारतीयस्य समाजस्य धर्मदर्शनसंस्कृतिसभ्यतानाम् अन्येषां च चिन्तनक्षेत्राणाम् मूलं वैदिक साहित्यमेवास्ति । ऋग्वेदस्य न केवलम् इतरेषु वेदेषु अपितु समस्तेऽपि विश्वसाहित्ये प्राचीनतमत्वात् पापपुण्ययोरपि विषये प्राचीनतम चिन्तनम् ऋग्वेदे एव लभ्यते ।

संगणके संस्कृतम्

हरेकृष्ण मिश्र, कटक

सांप्रतिकानुसन्धाने संगणक यन्त्रे शब्दानां समनुकूलन निमित्तं स्वीकृतोविधिः प्रबन्धेऽस्मिन् पर्य्यालोचितः ।

अत्र संगणक भाषा निर्माणे संस्कृतस्योपयोगः, संस्कृताश्रित भाषिककल्पनानां विनियोग श्च संक्षिप्तरीत्या प्रदर्शितः, यन्त्रानुवादं क्षेत्रे संस्कृतस्योपयोगः,. कृत्रिममेधायाः संस्कृताश्रित पद्धतीनामुपयोगः, अपि च शब्दसामग्रीणां समनुकूलन विषयिणि चर्चा प्रबन्धेऽस्मिन् प्रदर्शितम् ।

पादाघातादशोको विकसति : मूलं परम्परा च

डा० हरिशंकर झा, भागलपुर

काव्यपरम्परासु कविपरम्परानि: कविसमयव्यवहार: प्राचीनकालादेव समादृतो वर्तते। राजशेखरात् पूर्वं काव्यरचनाचतुरा: कालिदासादयो–महाकवयस्तु कविसमयप्रयोगं काव्येषु सौन्दर्यातिशयमाधातुं यथावसरं विहितवन्त: । नतु लक्षणग्रन्थे एतत्प्रसंगे कश्चिद् संकलितविचार: आलंकारिकै: कुत्रापि कृत: । सर्वप्रथमं राजशेखरेणैव स्वकाव्यमीमांसाया: १४, १५, १६ तत्रे अध्याये कविसमयसम्बन्धे विस्तृतो विचार: प्रदर्शित: । कविसमयं परिभाषमाणेन तेन लक्षितं यत्—

'अशास्त्रीयमलौकिकञ्च परम्परायातं यमर्थमुपनिषध्नन्ति कवय: स कविसमय:' इति ।

न्यायशास्त्रे अद्वैतम्

दोर्बलप्रभाकर शर्मा, कोव्वूरु

अस्मिन्निबन्धे न्यायशास्त्रे अद्वैतबीजानां सद्भाव: वर्णित: निरूपितश्च । अनित्यत्वं पुरस्कृत्य परमाणुशेषता वर्णिता । परमाणुपरममहतो: निरवयवत्व संयोगञ्चाश्रित्य सर्वव्यापि त्व ब्रह्मात्मकत्व व्यवस्थापितम् । नश्वराणाञ्च परिणामशीलिनां पदार्थाना व्यावहारिकत्वं, पारमार्थिकतया ब्रह्मात्मकत्वं सूचितम् ।

कर्तृकर्मणो: कृति

डा० एस. टी. के. एस. रंगाचार्युलु, राजामुन्दरी

कर्तृकर्मणो: कृति २-३-६५ इति, सूक्षे षष्ठी शेषे २-३-५० इति सूत्रात षष्ठीत्यनुवर्तते। अनभिहिते २-३-१ इत्यधिक्रियते। सूत्रे कृतीति सत्सप्तमी । तथाय कृत्प्रकृतिभूतधातूपस्थाप्य क्रियाया अनभिहिते ये कर्तृकर्मणी तत्र षष्ठी स्यादिति सूत्रार्थस्सिध्यति । उदाकृष्णस्य कृति:, जगत: कर्ता कृष्ण इति ।

ननु धातोश्च द्वितये प्रत्ययास्तिङ: कृतश्च । तत्र तिङां लादेशत्वेन तद्योगे न लोकेति २-३-६९ निषेधेन पारिशेष्याद् कृद्योग एव षष्ठी सिद्धौ सूत्रे कृति इति पदं व्यर्थं स्यदिति चेत्—

न। कृतपूर्वी कटमित्यादौ षष्ठी वारणार्थमावश्यकत्वात्। अत्र कृतशब्द: भावक्तान्त:। कृदन्तशक्तिज्ञानसहकारिणोपस्थिताया: क्रियाया ये कर्तृकर्मणी तत्र यथा स्यान्न तु तद्धितान्तशक्तिग्रह प्रयोज्यक्रियाया इत्येतदर्थमावश्यकत्वात् । यथा ओदनस्य पाचक इत्यादि ।

भोजने नैवेद्य निरूपणम्

काशीनाथ झा, मधुबनी

विश्वस्मिन् भारतभूमिरेव कर्मभूमिरिति शास्त्रसम्मतत्त्वेन कर्मणोऽत्र प्राधान्यं स्वाभाविकम् । तत्र आश्रमचतुष्ट्यान्तर्गतसर्वाश्रमिणां परिपोषकत्त्वेन गृहस्थाश्रमस्य प्राधान्यं सर्वैः स्वीकृतम् । गृहस्थाश्रमिणां चतुर्विधपुरुषार्थलाभाय निर्द्धारितकर्त्तव्येषु विभिन्नकर्मसु नित्यकर्त्तव्यकर्मणः सर्वथा प्राधान्यं भवत्येवेति । तस्मिन् नित्यकर्मणि षोडश कर्माणि सन्ति । तेषु अन्यतम भोजनकर्मणः नितान्तं महत्त्वं सर्वैरनुभूयते । यतः तस्मिन् कर्मणि गृहस्थाश्रमिणां नित्यप्राप्त 'सूना' शब्दप्रतिपादितपञ्चमहापातक-निष्कृत्यर्थं कर्त्तव्येषु पञ्चमहायज्ञेषु अन्यतम देवयज्ञस्य नैवेद्यरूपेण प्रतिपादनम् । तत्र विभिन्न गोत्राणां विभिन्न नैवेद्यस्य शास्त्रीय वैज्ञानिकञ्च वैशिष्ट्यं सर्वथा अपेक्ष-णीयमिति संक्षेपः ॥

पशुबन्धविमर्शः

डा० दामोदर झा

वैदिकयज्ञेषु यज्ञीयद्रव्यभेदेनेष्टिपशुसोमत्वेन त्रैविध्यं विद्यते । यत्र मुख्यद्रव्यं दुग्धदधिघृतादि भवति सेष्टिरुच्यते । यत्र पुनर्द्रव्यं पशुर्भवति कश्चनः स पशुबन्धः पशुयागोवा भण्यते । यत्र च द्रव्यं सोमो भवति स सोमयागः । तत्र प्रत्येकं बहवो भेदा भवन्ति ।

पशुबन्धे पशुशब्दो न चतुष्पदादिपशुमात्रवाचकः अपितु बलिरूपेणोपाहृतः प्राणि-विशेषोऽस्यार्थः । तेषु प्राणिषु वैविध्यं विद्यते । देवताभेदेन, कामनाभेदेन, कालभेदेन, यज्ञभेदेन च पशूनां वैशिष्ट्यं तत्र-तत्र गृह्यते ।

अथ क्षयाधिमाससमीक्षा

मदनमोहन पाठक, पुरी

अर्कसंक्रमणद्वययुक्तस्य शुक्लादिचान्द्रमासस्य क्षयमासत्वं, तथा अर्कसंक्रान्ति विहीनस्य शुक्लादिचान्द्रमासस्य अधिमासत्वमिति शास्त्रेषु प्रतिपादितमस्ति ।

तत्र स्पष्टमानेन चान्द्रमासान्तःपातिसावनदिनसंख्या २९/३१/५० तथा च सौरमासान्तःपाति सावनदिनसंख्या ३०/२६/१७/३१/५२/३० ॥ इत्यनयोर्कालयोर्मध्ये यदन्तरं तद् कुदिनात्मकमधिदिनम् । यथा-"दर्शाग्रतः संक्रमकालतः प्राक् सदैव तिष्ठत्यवमा-वशेषम्" । अयमेव सौरचान्द्रान्तराधिशेषजन्यकालः दशनैवलाद्यै (३२/१६) मासैः अधि-मासपातस्य कारणं भवति ।

प्रायश्चित्तानां पापक्षयहेतुताविमर्शः

संसारेऽस्मिन् जायमानो मनुष्यः स्वकर्मानुसारं सुखं दुःखञ्च भुंक्ते । सुखदुःखयो हेतुत्वेन पुण्यं पापञ्च धर्मशास्त्रविद्भिः पौराणिकैश्च निर्णीतम् । पुण्यं पापञ्च अपूर्वत्वेन मीमांसकैः कल्प्यते । यतो हि धर्मजन्यं पुण्यापूर्वम् अधर्मजन्यं च पापापूर्वमिति । अतः अधर्म आचरन् वेदे निन्दितं निषिद्धं च कर्म कुर्वन् नरः पापभागे भवति । तदर्थं च प्रायश्चित्तीयते । प्रसंगेऽस्मिन् उक्तं मनुना —

अकुर्वन् विहितं कर्म निन्दितं च समाचरन् ।
प्रसक्तश्चेन्द्रियार्थेषु प्रायश्चीत्तीयते नरः ॥

अस्मात् ज्ञायते यत् पापस्य कृते प्रायश्चित्तं मन्वादिमहर्षिभिः उपदिष्टम् ।

सांप्रतिकी संस्कृत–कथा

डा० निरंजनकर, पुरी

संस्कृत काव्य शृंखलायाम् गद्यकाव्यस्य महती भूमिका वर्त्तते । गद्यकाव्ये प्रकार द्वयमुपलभ्यते एकः कथाप्रकारः अपरः आख्यायिकाप्रकारः, आलंकारिकैः प्रकारद्वयमनुमतम् । परं गछताकालेन कथाप्रवृत्तौ महत्परिवर्त्तनं परिलक्ष्यते । सांप्रतीके काले आख्यायिका प्रकारः उपन्यासेषु दीर्घकथासु च उपलभ्यते । कथा प्रकारः लघुकथासु लघुतमकथासु च प्राप्यते । अत्र यद्यपि आलंकारिकलक्षणेषु सर्वथा संगतिः न दृश्यते तथापि तत्स्पर्शः अनुभूयते ।

सांप्रतिक कथाकाराः ये निरतं कथाप्रणयने मग्नाः तेषु डॉ. राधावल्लभत्रिपाठी, डॉ. राजेन्द्रमिश्रः, डॉ. केशवचन्द्रदाशः, इत्यादयः अन्यतमाः, दीर्घकथा प्रकारे राधावल्लभ त्रिपाठी महोदयस्य कतिपय-रचना संस्कृत पत्रिकासु प्रसिद्धिगताः । राजेन्द्रमिश्र महोदयस्य 'इक्षुगन्धा' दीर्घकथायाः उदाहरणं प्रस्तौति ।

कथावस्तुसंयोजनदृष्ट्या शकुन्तलाप्रणयवल्लर्य्योः तुलनात्मकं समीक्षणम्

मनोमोहन आचार्य, उड़ीसा

कालिदासस्याऽभिज्ञानशाकुन्तलमनुसरन्नुत्कलीयः कविर्गङ्गाधरमेहेरः प्रणयवल्लरीनामकं सार्थकनाम काव्यं प्रणिनाय । महाकवेः कालिदासस्य स्पष्टः प्रभावो गङ्गाधरोपरि परिलक्ष्यते । गङ्गाधरस्य प्रणयवल्लर्य्याः सप्त सर्गा यथाक्रमं प्रणयांकुरः - प्रणयपल्लवः—प्रणयप्रसूनं—प्रणयसौरभं प्रणयपुष्पे कीटः—प्रणयफलं—प्रणयच्छाया इति संज्ञिताः । एताः संज्ञाः काव्यस्य नाम प्रणयवल्लर्य्याः सर्वात्मना प्रणयप्राचुर्य्यं व्यञ्जयन्ति ।

वाग्भटस्य—काव्यादर्शः

डा० वसन्त कृष्णराव कान्हे, रायपुर

अन्वर्थाभिधानोऽयं वाग्भट: चिकित्साशास्त्रेषु चरकसुश्रुतयोरनन्तरं स्मर्यते । आयुर्वेदविद्यं काव्यमर्मज्ञोऽपि आसीत् । काश्मीरेपल्लविता अस्य प्रज्ञा स्थानानुगुणं रामणीयकं धत्ते । सुसंस्कृता, पाणिनीयाओजस्विनी अस्खलिता च वाणी हृदये प्रगाहिता । हृदये सर्वथा पद्यमयी भाषा छन्दो वैचित्र्यं च दरीदृश्यते । अनुष्टुप् आर्या स्रग्धरा वसन्त तिलका प्रभृतीनां पञ्चचत्वारिंशत् छन्दसां प्रयोगाः दृश्यन्ते ।

उपमा रूपक - दीपक—अनन्वय प्रभृतीनां अलंकाराणा प्रयोगेण बहुवोऽय चिकित्साग्रन्थः काव्यशास्त्र विनोद्रमपि करोति ।

संकर्षकाण्डस्यविंशति लक्षणमीमांसाशास्त्र पूरकत्वम्

डा० स.वें. रंगरामानुजाचार्य, कोव्वूरू

सङ्कर्षकाण्डस्य किंदेवता काण्डत्वम् उतकर्मकाण्डत्वम् । इत्यत्र अयं सम्प्रदायो जागर्ति वेदान्तसम्प्रदाये यत् सङ्कर्षकाण्डात्मक मीमासासूत्र सम्बन्धि अध्यायचतुष्ट्य देवतास्वरूपादिप्रतिपादकतया देवताकाण्डभिति, सङ्कर्षनाम्ना केनचित् भाष्यनिर्माणेन भूषितत्वात् सङ्कर्षकाण्डमिति च । अस्ति मीमांसाशास्त्रस्य षोडशलक्षणीति व्यवहार. । तत्र द्वादशलक्षणी तावत् शाबरभाष्यादि विशिष्टा कुमारिल प्रभाकरादि मीमांसकैः शास्त्रमूलत्वेन स्वीकृता महीयते जैमिनिप्रणीता । मीमांमा परिशिष्ट भूतायाः चतुर्लक्ष्यास्याः पुनः शाबरभाष्याद्यभावात् मीमासकैरपि विशेषयोगदाना दर्शनाञ्च प्रायशः अप्रसिद्धैव अस्ति ।

ओंकारस्वरूपविमर्शः

के० सी० पाधी

वेदागमोपनिषद्दर्शनधर्मशास्त्रपुराणादिषु ओंकारस्य महती चर्चा विद्यते । ओंकारः प्रणव इति वेदागमेषु श्रुतम् । अकारः विष्णुः, उकारः महेश्वरः, मकार. ब्रह्मा: । एतेषां सम्मेलनेन ओंकारो भवतीति पुराणेषु वर्णितमस्ति । ओंकारः प्रणव इति अमरकोषेऽपि ।

अव्ययरूपेण ओमित्यस्य प्रयोगो दृश्यते । तत्र औपचारिकपुष्टीकरणार्थे (एवमस्तु, तथास्तु) अङ्गीकरणार्थे च महाभारतादौ अस्य प्रयोगः प्राप्यते ।

अवधातोः 'अवतेर्टिलोपश्च' इति सूत्रेण मन्प्रत्यये ओमिति सिध्यतीति माधवीयधातुवृत्तौ कोशे च लिखितमस्ति । सन्दर्भेऽस्मिन् अनुस्वारविसर्गयोः सयोगेन 'ओम्' इति भवतीति सिद्धान्तयिष्यते ।

पाणिनिव्याकरणे परिभाषातत्त्वम्

डा० श्रीवर्द्धन ठाकुर, दरभङ्गा

शास्त्रसिद्धार्थव्युत्पादनार्थं परितः भासमानार्थञ्च परिभाषायाः भाष्ये निर्देशो वर्तते। परिभाषाणामपि तथैव प्रामाण्यमस्ति यथा सूत्राणाम्। यतश्च भगवता पतञ्जलिनैव क्वचिदिष्टविषये मुख्यलक्षणेन असिद्धिं परिज्ञाय गत्यन्तरमाश्रयता परिभाषा समाश्रिता। तथा च परिभाषाणां समाश्रयणे यदि नानिष्टं प्रसज्यते तर्हि तत्प्रामाण्यं सर्वथा अक्षुण्णमिति। अत एव नु राजकीयमित्यत्र 'एकदेशविकृतमनन्यवत्' इति परिभाषाश्रयणात् 'अल्लोपोऽन. (६-४-१३८)' इति सूत्रं न प्रवर्तते। आचार्यपारम्पर्योपदेशात् सन्देहेऽपि विशेषावगतिर्भवति। उक्तं नु 'व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षणमि' ति। एतेन लक्षणस्य व्याख्यानमेव परिभाषाणां प्रधानं लक्ष्यमिति भवति सुप्रतीतम्।

लक्षणाशक्तिविचारः

डा० देवनारायण झा, दरभङ्गा

यत्तु पण्डितराज जगन्नाथेन स्वकीये रसगङ्गाधरे 'शक्यसम्बन्धो लक्षणा' इति लक्षणमकारि, तन्न समीचीनं प्रतिभति। तन्मते यत्किञ्चिच्छक्यार्थ प्रतियोगिको यत्किञ्चिदर्थानुयोगिकः सम्बन्ध विशेषो लक्षणा पदार्थः सम्पद्यते। लक्षणाबीज निरूपणावसरे तस्याश्चार्थोपस्थापकत्वे मुख्यथितावच्छेदके तात्पर्यविषयान्वयितावच्छेदकताया अभावो न तन्यम्, शक्यतावच्छेदक रूपेण लक्ष्यमाणस्य स्वीकारात् इत्यपि प्रतिपादितम्मूले। तन्न सङ्गच्छते यतोहि शक्यतावच्छेदक रूपेणलक्ष्य माणस्य स्वीकारे भवेन्नाम गगायां घोष इत्यत्र लक्षणा यतोहि तत्र लक्ष्यतावच्छेदकस्य तटत्वस्य बोधः शक्यतावच्छेदक रूपेण गगात्वेनैव सभवतीति शक्यतावच्छेदकारोप रूपा लक्षणा सिद्ध्यति।

श्रीमद्भगवद्गीतायां मनोविश्लेषणम्

भगबान साहू

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद् दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्य वायोरिव सुदुष्करम्॥ (भ. गी.–६/३४)

प्राचीनभारतीया चिन्ताधारा न केवलम् आध्यात्मिका, अपितु मनोवैज्ञानिकीत्यत्र नास्ति सन्देहावसरः। यद्यपि तत्र मनोवैज्ञानिक समस्याध्ययनाय न कश्चन शृङ्खलितः क्रमः समुपलभ्यते तथापि ज्ञानशास्त्र-तर्कशास्त्र-नीतिशास्त्रादीनामध्ययनाय सोल्लासकरः क्रमः सम्प्राप्यते। यतोहि आध्यात्मिकशास्त्रेण नीतिशास्त्रेण च सह मनोविज्ञानस्य समीपसम्बन्धः वर्तते इति विदुषां मतिः। मनोविज्ञानाकाश्वे भास्करोपमस्य फ्रयड्महोदयस्य सिद्धान्ताऽपि श्रीमद्भगवद्गीतायाः सिद्धान्तः श्रेष्ठायते इति उपरितनश्लोकाद् प्रकटितं भवति।

श्रीमद्भागवतानुसारं भजभञ्जाभ्यां भक्तेः-सिद्धि

डा० हरिशंकर पाण्डेय, बोधगया

भज सेवायाम् भञ्जो आमर्दने इति भ्वादिरुधादिगणीय धातुभ्यां क्तिनि प्रत्यये कृते भक्तिशब्दस्यसिद्धिः संजायते । भजधातोः निष्पन्ना भक्तिः सेवारूपा यस्यां केवलभगवच्चरणरतिरेव विद्यते । भक्ताः मुक्तिमपि विहाय भगवतः दासत्वं कामयन्ते । न तत्र संसारबन्धनविच्छेदनमथवा संसृतिचक्रोच्छेदनम् । शाश्वद् जन्मलब्ध्वा हरेर्भक्तिमिच्छन्ति भक्ताः । प्रह्लादपृथु नलकुबरमणिग्रीवादीनां भक्तिः भजात्मिका ।

भञ्जात्मिकया भक्त्या रागद्वेषादिसंसारिककामकर्मान् विधूय भगवतः शाश्वत्पदमुपैति भक्तः । श्रीमद्भागवते बहुविधस्थलेष्वस्याः प्रयोगमुपलभ्यते । भक्ति—आत्मरजस्तमोपहा कामकर्मक्लेशमुक्तिदा शोकमोहभयापहा इति ।

सामवेदस्य स्वतन्त्रं महत्त्वं वैशिष्ट्यं च

प्रतिभा, जम्मू

निस्सीमज्ञानसरसि सकलेऽपि वैदिकसाहित्ये स्वसुमहन्महत्त्वेन समुल्लसति सामवेदः । शास्त्रेषु 'सामवेद एव पुष्पम्' 'सामानि यो वेत्ति स वेद तत्त्वम्' 'सामवेदश्च वेदानाम्' 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' इत्यादिप्रचुरप्रशस्तिभिः प्रथिता अस्यापूर्वप्रतिष्ठा ।

सहस्रशाखाभिस्संवलितस्यास्य वेदस्य सर्वाधिकं साहित्यम्—अष्टौ ब्राह्मणग्रन्थाः, द्वौ आरण्यकग्रन्थौ, अनेकानि कल्पसूत्राणि, प्रतिशाख्यानि, अनेके शिक्षाग्रन्थाः, विशालतमम् अनुक्रमणीसाहित्यञ्च ।

आर्चिकसंहिताख्यः काण्डानां काण्डान्तर्गतमन्त्राणाञ्च क्रमः नितरां सुव्यवस्थितः वैज्ञानिकश्च ।

लक्षणा शब्दव्यापारोऽर्थव्यापारो वा ?

सुरेशचन्द्र दास, पुरी

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये ।

जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ॥ इत्यादौ तत्रभवता महाकवि कालिदासेन शब्दार्थयोः यो नित्यसम्बन्धः प्रदर्शितः, सः मुख्यतया पदशास्त्रस्य व्याकरणस्य विवेच्यविषयः । तथापि शास्त्रान्तरेषु आनुषङ्गिकतया प्रसङ्गक्रमेण तद्विषयिकी चर्चा विहिता । साहित्यशास्त्रेऽपि काव्यात्मभूतस्य रसस्य विभावादिसंयोजनमूलकत्वं सर्वसम्मतम् । विभावादिसंयोजनं च शब्दार्थमुखेन पुरस्क्रियते । अतः प्रायशः सर्वैरालङ्कारिकैः यथामति शब्दार्थयोः सम्बन्धस्योपरि शब्दस्यार्थप्रत्यायक शक्तीनां चोपरि विमर्शो विहितः । ध्वन्यालोककारेणापि प्रसङ्गे अस्मिन् उक्तम् ।

कालिदासकाव्ये प्रकृतिवर्णनवैचित्रम्

प्रो० प्रमेश आचार्य, आसाम

वैदिकसाहित्यादारभ्य संस्कृत वाङ्मये प्रकृतेः स्थानमुच्चैभसिवेतराम। तथापि कालिदासस्य काव्येषु तथा नाटकेषु समुपस्थापितायाः प्रकृतेः चित्रं निरुपमतया सर्वेषां साहित्यरसिकानां दृष्टिं समाकर्षति। कवेरस्य कृतिषु प्रकृतेरुपस्थापनं बहुधा भिद्यते। तथाहि क्वचित् प्रकृतेः यथायथं रुपवैचित्रं विलसति। क्वचित् प्रकृतौ मानविकधर्म-समारोपनद्वारा तस्याः प्राणिधर्मत्वं प्रकाशयितुं कविना प्रयतितम्। कुत्रापि प्रकृतिः मानवानां सुहृद्रूपेण मुपस्थापिता महाकविनानेन। कुत्रापि वा मानवेतरप्रकृतिः मानव-प्रकृतेः समुद्दीपकतया चित्रिता। एवं कालिदासकाव्ये प्रकृतेरुपस्थापनशैल्याः वैचित्रं प्रबन्धेऽस्मिन् प्रदर्शयितुं प्रयतितम्।

'विवेकानन्दविजयम्' महानाटके राष्ट्रियतानिरूपणम्

अरुणकुमार पाण्डेय, इन्दौर

डॉ० श्रीधर भास्कर वर्णेकर महोदयेन विरचिते "विवेकानन्दविजयम्" इत्याख्ये महानाटके साद्यन्तं राष्ट्रियतायाः अभिव्यञ्जना प्राप्यते। यद्यपि राष्ट्रस्य राष्ट्रियतायाश्च प्रचलनम् तदैव जातम्, यदा आंग्लदेशीयैः निरुद्धस्य भारतवासीनां मनसि राष्ट्रकृते प्रतिक्रियारूपेण चिन्तनं समारब्धम्। यदि राष्ट्रियतापदस्यार्थः स्वदेशप्रेमतः क्रियते तदवश्य-मेव देशस्य जड़चेतनद्रव्ययोः तादात्म्यमेव राष्ट्रियतायाः परिधौ सन्निविष्टं भविष्यति।

स्वर्गतानां पण्डितकविवरलक्ष्मीझाशर्मणां काव्यकृते स्त्रिवेणिकायाः समीक्षात्मकमध्ययनम्

स्वर्गीयः पण्डित कविझोपाख्यो लक्ष्मीनाथशर्मा स्ववैदुष्या कविप्रतिभया सदविप्रसमुदाचारेण च मिथिलायां विश्रुतो लोकप्रियश्चाभूत्। अयं ख्रैस्तोनविंशाब्दस्य चरमभागे मैथिलश्रोत्रिय ब्राह्मणानां नरोन कुलस्य जनिमग्रहीत्। अस्य पितुर्नाम यदुनाथशर्मा आसीत्। मिथिलायां 'नरोन' कुलस्य सारस्वती साधना लोक विश्रुता आसीत्। अयं स्वजन्म भूमौ मिथिलायां विद्यानिकेतन भूतायाञ्च वाराणस्यां स्व० पण्डित लोकनाथ शर्मभ्यः, स्व० म०म० परमेश्वर झा शर्मभ्यः, स्व० पण्डित शिविकुमार शास्त्रिभ्यश्च व्याकरण न्याय–काव्य शास्त्राणि समधीतवान्। समधीत विविधविद्योऽयं काश्यांहरद्वारे मथुरायाञ्च कञ्चित् कालमध्यापनमकार्षीत्। परं पुत्रसन्निधौ मृत्युं वैकल्पिकंमुक्ति साधनं मन्यमाने वृद्धेन पित्राऽऽगृहीतः स्वकीय ग्राम निकट वर्तिनि विहारप्रान्तस्य मधुवनी मण्डलान्तर्गते–मधेपुराख्ये ग्रामे आंग्लोच्च विद्यालये संस्कृताध्यापकोऽभूत्।

पुराणेषु अपाणिनीयप्रयोगः

सर्वविदितमिदं यत् वैदिक-वाङ्मयवत् पौराणिक-वाङ्मयेऽपि सर्वप्रथमं ब्रह्मणा प्रादूर्भूतम् । यथा—मत्स्यपुराणे –

पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम् ।
उत्तमं सर्वलोकानां सर्वज्ञानोपपादकम् ॥

अथर्ववेदेऽपि—

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुवा सह ।
उच्छिष्ट्यज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा विपश्चितः ॥

उत्सन्न यज्ञविमर्शः

उदयचन्द्र बन्दयोपाध्याय, आसनसोल

अत्र ब्राह्मणात्मकेषु वेदेषु यज्ञाणाम् विवरणप्रसङ्गे उत्सन्नयज्ञेति शब्दस्य प्रयोगः केषुचित् स्थलेषु परिलक्ष्यते । धातुपाठानुसारतः 'विशरणगत्यवसादनेषु' सद्धातुः प्रयुज्यते । अतः उत्सन्नशब्दस्य विनष्टः (विशरण) विनष्टप्रायश्च (अवसादन इत्यर्थद्वयं सम्भवति । संश्लिष्टेषु वेदवाक्येषु उत्सन्नयज्ञेति शब्दस्य विहगदृष्ट्या पाठेन प्रतिभाति यत् शब्दस्यास्य एकस्मिन्नेव विशेषार्थे ग्रहणं न युज्यते इति । तद् यथा अथर्ववेद संहितायाम् (शौ ११/७/८) सत्रयाग विषये उत्सन्न यज्ञेति शब्दः प्रयुक्तः । अत्र तु विनष्टार्थे ग्रहणम् युज्यते । ऋक्संहितायाम् बाहुल्येन सत्र शब्दस्य व्यवहारात् यागस्यास्य प्राचीनत्वविषये सन्देहो नास्ति । (ऋग्वेदीये युगे कौमस्य मंगलार्थे समवाय प्रथया सत्रयागः प्रचलति स्म ।) किन्तु अवरेकाले अथर्वसंहितायुगे सत्रस्य उत्सादनम् जातम् इति तत्रोत्सन्न-शब्दप्रयोगः ।

कैयटतः भट्टोजिदीक्षितं यावत् पाणिनिव्याकरणस्य समीक्षणम्

डा० गौराङ्गचरणदास, बालेश्वरम्

कैयटस्य समयः प्रायशः एकादशशतकः । दीक्षितस्य तु सप्तदशशतकः । अनयोर्मध्ये षड्शतवर्षात्मकं व्यवधानम् । अस्मिन् समयाभ्यन्तरे पाणिनिव्याकरणस्य धारा अतीव महत्त्वपूर्णा ।

पाणिनिव्याकरणस्य धारा त्रिभिः प्रकारैः विभक्तुं शक्यते । (i) त्रिमुनिकालः (ख्री० पू० ५०० - ख्री-१००), (ii) त्रिमुनि टीकाकालः (ख्री—१००—ख्री—१३००), (iii) प्रक्रियाकालश्च (ख्री - १३००) । एतस्मिन् समयाभ्यन्तरे ।

(i) प्राचीन व्याख्यानपरम्परायां बलिष्ठ भाष्यवृत्तिव्याख्यानम् ।

(ii आपाणिनीयव्याकरणानां दृढसमादरः, तथा पाणिनिव्याकरणस्यावरुद्धकालः ।

(iii) प्रक्रियाग्रन्थानां क्रमशः पूर्णताप्राप्तिः ।

स्त्रीप्रत्ययानामर्थवैज्ञानिकविवेचनम्

डा० वैद्यनाथ मिश्र, इस्पातनगर

प्राय: संप्रति आधुनिकभाषाविज्ञानदृष्ट्या कृदन्ततद्धितादय: प्रत्यया एव विवेचनीक्रियन्ते। तत्र स्त्रीप्रत्यानां विवेचनं न विधीयते। किन्तु सम्यग् विचारेण परिशीलनेन अनुसंधानेन च तथ्यमिदं स्पष्टीभवति यत् स्त्रीप्रत्यया: भाषाविज्ञानस्य प्राय: समस्तभेदोपभेदै: अङ्गै: समीक्षणीया: सन्ति। यथा—आकृतिविज्ञानदृष्ट्या, ध्वनिविज्ञानदृष्ट्या, अर्थविज्ञानदृष्ट्या वाक्यविज्ञानदृष्ट्या च। तत्र शोधपत्रविस्तारभयात् प्रस्तुतशोधपत्रे स्त्रीप्रत्ययानां केवलम् अर्थवैज्ञानिकं विवेचनं हि समुपस्थाप्यते। अत्र मया:—

(क) अर्थस्य स्वरूपं लक्षणं च संक्षेपेण प्रस्तूय अर्थविज्ञानस्य कार्यक्षेत्राणि समीक्षणीयानि।

(ख) अर्थनिर्धारणोपाया: प्रस्तोतव्या:।............

शांकरवेदान्ते मूर्च्छावस्था

प्रभातरञ्जन महापात्र, पुरी

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तयस्तिस्रोऽवस्था: शरीरे स्वीक्रियन्ते वेदान्तशास्त्रे। चतुर्थी च शरीरादपसृति: मृत्युरिति। एताभि: सह मूर्च्छावस्थानाम्नी काचिदवस्था परिलक्ष्यते। अमुं प्रकृत्य शारीरकभाष्ये विचारोऽयं प्रथमं प्रवृत्त:। तत्र श्रुतिप्रमाणं लौकिकदृष्टान्तश्च अवलम्बितौ। सुषुप्तिमृत्युभ्यां मूर्च्छा पृथगिति प्रत्यक्षमेव। घनघनोच्छ्वासप्रश्वासवान् मूर्च्छित: सुषुप्तस्तु धीरतया नि:श्वास प्रश्वासवान् इति लोकेदृश्यते। कदाचित् मूर्च्छित: चिकित्सया जीवितुं शक्नोति। मृतस्तु न तथा। इति भेद:। आयुर्वेदविदोऽपि भेदममुमामनन्ति। किन्तु तस्या: स्वातन्त्र्यमस्ति न वेति, प्रामाण्यं वर्तते न वा इति विचारकोटौ अन्तर्भाव्य मूर्च्छा मरणस्य द्वारं किं च अर्द्धसुषुप्तिरिति प्रबन्धेऽस्मिन् विशदं सिद्धान्तयिष्यते।

संस्कृतालंकारशास्त्रे काव्यहेतुविमर्शः

डा० राजदेव मिश्र

संस्कृतालङ्कारशास्त्रीयपरम्परा नितरामुदात्ता समृद्धा प्राचीना चास्ति। एकत: संस्कृते काव्यप्रतिभामण्डितै: कविभि: स्वालौकिक काव्यसृष्टिमिस्तस्य (संस्कृतस्य) भाण्डागारं परिपूर्णतां नीतं, पुनरपरत: काव्यतत्त्वमीमांसकैरलङ्कारशास्त्राचार्यैस्तस्य काव्यतत्त्वचिन्तनपरम्पराऽपि नितान्तं समृद्धिं प्रापिता। परम्परायामस्यां काव्यसम्बद्धसर्वविषयाणां सम्यक् विचारो जात:।

स्वप्नवासवदत्ताऽभिज्ञान शाकुन्तलयोः संवादानुशीलनम्

डा० वदुल सुब्रह्मण्य शास्त्री, विशाखपट्टणम्

संस्कृत रूपक रचयितॄणां भासः अतिप्राचीनः। नाटकरचना वैदग्ध्येन महाकविरयं वाग्देवतायाः हासः इति "भासो हासः" इति आभाणकेन प्रख्यातम्। तस्य रूपकेषु स्वप्नवासवदत्तम् अग्नि शुद्धिमपि संप्राप्य वैशिष्ट्यं प्रकटयति।

तथा। संस्कृत कवीषु कालिदासः अग्रगण्यः इति साहित्यलोके विश्रुतिं गतः। तस्य रचनासु सर्वासु अभिज्ञानशाकुन्तलं बहुजनप्रशंशापात्रं भवति।

एवं उभावपि महाकवी। तथा सुमेधसौ। सुमेधसां च भावेषु, रचनाशिल्पे च बहुशः सादृश्यं दृश्यते। तच्च प्रातभा सिद्धमेव। न कृतकमिति आलंकारिक समयः। "संवादास्तु भवन्त्येव बाहुल्येन सुमेधसाम्' इति आनन्दवर्धनाचार्येण समुद्घुष्टं खलु।

हिन्दुविवाहप्रथा त्रुटिपूर्णा न वा

महामाया चौधुरी

रवीन्द्रनाथादय नव्यपण्डितानां गते हिन्दुविवाहप्रथा त्रुटिपूर्णा। हिन्दूनां विवाहः मात्र भोगाय, तत्र न किञ्चित् आध्यात्मिकतायावसरः। सगोत्रविवाहः असवर्ण-विवाहश्च शास्त्रसिद्धः। हिन्दुविवाहः इस्लामधारया प्रभावितः—इत्यादय नव्यानां पाश्चात्यानां मतं निराकृष्य यथामतिः प्रबन्धेऽस्मिन् विचार्यते मया।

सुखदुःखानां बाह्यत्वाबाह्यत्वविमर्शनम्

डा० दीपक घोष, कलकत्ता

रचनानुपपत्तेश्च नानुमानम् (२/२/१) इति वेदान्तदर्शनस्य सूत्रमवलम्बय सांख्यमतखण्डनावसरे भाष्यकारेण शंकराचार्येण एवमुक्तं यत् — न हि बाह्याध्यात्मिकानां भेदानां सुखदुःखमोहात्मकतया अन्वय उपपद्यते, सुखादीनामान्तरत्वप्रतीतेरिति। भामतीटीकाकृताऽपि तथैव समाहितम् - तस्मात् सुखादिरूपसमन्वयो भावानामसिद्ध इति नानेन तद्रूपं कारणमव्यक्तमुन्नीयत इति। अर्थात् आचार्यशंकरमतेन अहं सुखी अहं दुःखी इत्यादिप्रतीत्या सुखदुःखानि केवलम् अन्तःकरणधर्माः, न तु वस्तुधर्माः, वस्तुस्वरूपा वा। न्यायवैशेषिकमतेन सुखदुःखानि हि आत्मधर्मविशेषाः। अद्वैतमतेन सांख्यमतेन च आत्मनो निर्धर्मकत्वात् सुखदुःखादीनाम् आत्मधर्मत्वं भवितुं नार्हति।

'हिन्दीभाषा खण्ड'

वेद और ब्रह्माण्ड विज्ञान

डा० कैलाशनाथ तिवारी, इटावा

वेद आदिकाल से ही कवियों, मनीषियों तथा ऋषियों की क्रान्तदर्शिनी प्रज्ञा के चिन्तन और मनन का विषय रहे हैं जिनसे ज्योतिष आदि शास्त्रों के विपुल आर्ष साहित्य का प्रादुर्भाव हुआ। अर्वाचीन मनीषियों और विद्वानों ने भी विविध दृष्टिकोणों से पर्याप्त अनुसंधान करके वेदमन्त्रों के अनेक अर्थों एवं गूढ तथ्यों के उद्घाटन का प्रयास किया है तथापि वेदमन्त्रों में सृष्टि के अनेक ऐसे अस्पृष्ट एवं गूढ रहस्य विद्यमान हैं जो वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हुए अनुसंधान की अपेक्षा रखते हैं।

वेद मन्त्रों में विभिन्न वैदिक देवताओं का वर्णन विविध रूपों में हुआ है जिनके आधार पर विविध प्राचीन एवं अर्वाचीन ज्ञान-विज्ञानों पर प्रकाश पड़ता है। वेदमन्त्रों में प्राप्त जिज्ञासाओं तथा इन्द्र, वरुण, यम, सूर्य, उषा, तथा अंगिरस आदि के विषय में प्राप्त कतिपय वर्णन खगोल विज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

ऋग्वेद में समाजवाद की परिकल्पना

डा० हेमलता विद्यालंकार, भागलपुर

प्रस्तुत निबन्ध में ऋग्वेद में समाजवाद से सम्बन्धित तथ्यों को उजागर करने का प्रयत्न किया गया है।

वैदिक उषा के स्वरूप का वैज्ञानिक विवेचन

डा० अवतारकृष्ण गुर्टू, मथुरा

वेदों में उषा सूक्तों की पर्याप्त संख्या है। अन्य सूक्तों में भी उषा के विषय में मन्त्र मिलते हैं। इन सभी स्थलों मे उषा के स्वरूप, स्वभाव, वेशभूषा और उसके द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन है। यह सभी साहित्यिक दृष्टि से और कविहृदय से लिखा गया प्रकृतिचित्रण मात्र है। इस पत्र मे सामान्यरूप से प्रसिद्ध धारणा, जिसमें उषा को कही सूर्य की पुत्री, कही पत्नी, कही प्रेयसी आदि बताया गया है, से हट कर शुद्ध वैज्ञानिक ढंग से उषा के स्वरूप को समझने का प्रयास किया गया है। ठोस वैज्ञानिक प्रयोगों और नियमों के आधार पर उषाकाल में होने वाले आकाशीय परिवर्तनों और प्राणिजगत पर पड़ने वाले उसके प्रभाव का विस्तृत विश्लेषण एव विवेचन करने की दिशा में यह एक प्रयास है।

उपनिषत्कालीन उपनयन संस्कार

डा० कान्तिलाल रा० दवे, विद्यानगर

उपनिषत्काल में उपनयन संस्कार को विद्याभ्यास की समाप्ति का सूचक माना जाता था। प्रारम्भ में यह संस्कार त्रिवर्णों के ब्रह्मचारियों के लिए विद्याप्राप्ति के हेतु आचार्यकुल में प्रवेश की एक धार्मिक विधि के रूप में प्रचलित था। त्रिवर्णों के ब्रह्मचारियों को क्रमशः आठवें, ग्यारहवें एवं बारहवें वर्ष की आयु में और अपवादरूप में क्रमशः बारहवें, सोलहवें और चौवीसवें वर्ष की आयु में इस संस्कार से दीक्षित करने का विधान था। श्वेतकेतु एवं उपकोसल के दृष्टांत से इस अपवाद की पुष्टि होती है। ऋग्वेद में इस संस्कार का उल्लेख प्राप्त होता है। अथर्ववेदकाल में इस सस्कार से दीक्षित व्यक्ति को द्विजत्व प्राप्त होने की मान्यता दृढ़ थी। त्रिरात्र व्रत के समापन में ब्रह्मचारी की बुद्धि, स्मृति एवं प्रज्ञा को अधिक तीक्ष्ण बनाने के प्रयोजन से 'मेधाजनन' विधि की जाती थी।

वैदिक स्वर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में

डा० सुधीरकुमार गुप्त, जयपुर

ऋग्वेद में तीन प्रकार की वाणी का उल्लेख है—धीर तत्त्वों द्वारा निर्मित, देवी वाक् और जगत् की उपादान कारण अव्याकृत वाक्। इन में से पहली ही ब्रह्मवत् व्यापक मन्त्रों की भाषा है जो बीजगणित के सूत्रों के समान प्रकरण आदि के अनुसार अनेक अर्थों की प्रकाशक है। स्वर अर्थों की सीमा बाँधता है, अतः इस भाषा में स्वरों का अर्थ से कोई सम्बन्ध नहीं। स्वर बोलचाल की मृतभाषा में ही उपयोगी हो सकता है। मन्त्रों की भाषा ऐसी नहीं मानी गई है। स्वरों की उत्पत्ति और विकास का इतिहास भी इंगित करता है कि उदात्त आदि के वेदार्थ में योग की मान्यता पर्याप्त अर्वाचीन है।.........

साहित्य अकादमी पुरस्कृत संस्कृत कथाकृति 'इक्षुगन्धा'

डा० योगेशचन्द्र दुबे, इलाहाबाद

साहित्य अकादमी भारतीय संविधान द्वारा अनुमोदित भारतीय भाषाओं में प्रतिवर्ष लिखे जाने वाले सर्वोत्तम साहित्य को संस्तुत एवं सम्मानित करने वाली एक स्वायत्त संस्था है। अभिराज डा० राजेन्द्र मिश्र की संस्कृत कथाकृति 'इक्षुगन्धा' को सत्र १९८८ के लिए इसी साहित्य अकादमी के पुरस्कार से सम्मानित होने का सौभाग्य मिला है। इस महान राष्ट्रीय पुरस्कार को प्राप्त करने वाले डा० मिश्र संस्कृत रचनाकारों की वर्तमान पीढ़ी के सर्वाधिक समर्थ, सशक्त और सक्रिय रचनाकार हैं। खण्डकाव्य, नवगीत, महाकाव्य, एकाँकी, नाटिका तथा कथा—इन समस्त विद्याओं में सोलह से अधिक मौलिक कृतियों की सर्जना करने वाले डा० मिश्र को राष्ट्र का सर्वोच्च साहित्य अकादमी पुरस्कार उनकी कथाकृति 'इक्षुगन्धा' पर मिला, यह कम सुखद आश्चर्य नहीं है।.........

संस्कृत रूपकों में अद्भुत रस का स्थान

डा० श्यामसुन्दर शर्मा, शिवपुरी (म.प्र.)

अद्भुत रस का स्थायी भाव विस्मय होता है तथा विस्मय की उद्भावना लोक में सामान्यरूप से उपालभ्यमान व्यवहारों से नहीं होती, अपितु असाधारण अथवा अलोक सामान्य घटनाओं के द्वारा ही होती है। यह सत्य है कि अलोक सामान्य घटनायें मानव जीवन में घटित होती रहती हैं जिनके कारण विस्मय भाव मानवमन में स्थायित्व प्राप्त करता है। किंतु ऐसी घटनायें विरल भाव से एवं प्राय: अपवादस्वरूप होती हैं। अत: जब कभी ऐसी असाधारण घटनायें घटती हैं जिनके पीछे कोई विवेचनीय कारण लक्षित नहीं होता तो व्यक्ति उन्हें विस्मय के साथ ग्रहण करता हुआ उनके पीछे किसी अलौकिक शक्ति को कारण मान लेता है।.........

छन्दः पादौ तु वेदस्य

प्रो० इन्द्रनाथ झा, बिहार

भारतीय छन्द: शास्त्र की परम्परा अति प्राचीन है। वैदिक वाङ्मय से लेकर लौकिक साहित्य तक इसका क्रमबद्ध विकास भी होता रहा है। यद्यपि छन्द का शास्त्रों में वश, स्वैराचार, अभिप्राय, आच्छादन आदि अनेकों अर्थ में इसकी व्युत्पत्ति एवं उत्पत्ति की विवेचना की गई है, किन्तु यहाँ छन्द शब्द रूढ़ है, 'पदवद्ध रचना' के अथ मे। जिस प्रकार जल के बहाव एवं विस्तार को नियन्त्रित करने के लिए नदी के तट को बाँध दिया जाता है उसी प्रकार रचना को वर्ण एवं मात्रा सम्बन्धी कुछ नियमों के द्वारा पदबद्ध एवं पादबद्ध कर नियन्त्रित कर दिया जाता है। इस प्रकार की छन्दोबद्ध रचना की सबसे बड़ी विशेषता है कि सबको सुर तथा लय मे बाँधकर गाया जा सकता है।

वैदिक मन्त्रों में कवित्वगत समस्यापूर्ति की अवधारणा

डा० मोतीलाल पुरोहित 'प्रज्ञाचक्षु', जबलपुर

वैदिक मंत्रों में अनेक मन्त्र ऐसे उपलब्ध होते हैं जिनके पठन से यह स्पष्ट हो जाता है कि इन मन्त्रों में काव्यगत समस्यापूर्ति की अवधारणा विद्यमान है। ऋग्वेद के अन्तर्गत इन्द्र के सम्बन्ध में कहा गया सूक्त जिसमें आये हुए प्रत्येक मन्त्र के अन्त में "...स जनास इन्द्र:" यह वाक्य प्रयुक्त हुआ है। यजुर्वेद के अन्तर्गत भी (१) पतये नम: (२) ...भ्यश्च वो नमो नम: (३) ...यज्ञेन कल्पन्ताम् ।। (४) हविषाविधेम ।। (५) मन: शिव संकल्पमस्तु ।। (६) तेषा ॐ सहस्त्रयोजनेऽबधन्वानितन्मसि, इत्यादि । इस प्रकार के वाक्य मन्त्रों के अन्त में प्रयुक्त हुए हैं। इन वाक्यों से ऐसा ज्ञात होता है कि वैदिक मन्त्रों में काव्यगत समस्यापूर्ति का स्वरूप विद्यमान है।

योगाश्रित कैवल्य

डा. सूरता विद्यालंकार, देहरादून

भारतीय दर्शन में कैवल्यप्राप्ति के साधनरूप में अनेक विचारधारायें प्रचलित हैं। विद्वानों ने ज्ञान, कर्म एवं भक्ति को साधनरूप में स्वीकृत किया है। सांख्य दर्शन में ज्ञान को ही मुख्यतया मोक्षप्राप्ति का मार्ग बताया है परन्तु योग दर्शन ने ज्ञानजन्य योग को ही कैवल्य के साधन के रूप में स्वीकृत किया है। अतः विस्तृतरूप से द्विविध-योग का निरूपण महर्षि पतंजलि मुनि ने किया है।

संस्कृत व्याकरण में रूपस्वनिमिक

विश्वनायकम्, तरवारा, सिवान, बिहार

भाषा-विज्ञान में पाणिनीय व्याकरण का महत्वपूर्ण योगदान है। रूपस्वनिम-विज्ञान में दो रूपिमों के संलेख से भाषा में ध्वन्यात्मक परिवर्तन होता है। संस्कृत व्याकरण प्रत्ययों एवं विभक्तियों का है। प्रत्ययों के योग से ही शब्दों एवं पदों का निर्माण होता है। अर्थतत्व और सम्बन्धतत्व के समवेत होने पर ये सम्बन्धतत्व अनेक प्रकार से ध्वन्यात्मक परिवर्तन करते हैं।

भाषा वैज्ञानिकों ने स्वनिमिक परिवर्तनों से केवल संधि का ही अर्थ लिया है। भाषा वैज्ञानिकों की दृष्टि में सन्धि शब्द के लिए ही यह रूढ़ हो गया है। परन्तु यह बात समुचित प्रतीत नहीं होती क्योंकि दो पदों के मेल से जो ध्वनि परिवर्तन होता है वह केवल सन्धि में ही नहीं अपितु नामरूप-रचना, समस्त पद, कृदन्त-तद्धित में और स्त्री प्रत्ययों में भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

रामचरितमानस में 'राजधर्म'

डा० (श्रीमती) सुमनलता गुप्ता

अपने युग के स्वार्थी एवं भोगविलास में लिप्त राजा-महाराजाओं को देखकर प्रतिक्रियास्वरूप गोस्वामी तुलसीदास जी के मन में आदर्श राजा की जो छवि उभरी वह वस्तुतः कोरी कल्पना न होकर सत्य पर आधारित थी। उनकी दृष्टि में राजा धर्म का साक्षात् साकार रूप है। श्री रामचन्द्र जी के राज्य का चित्रण करते हुए तुलसी ने राजनीति के सर्वमान्य सिद्धान्तों का सर्वत्र ध्यान रखा है। इसी से उनका राजनीतिक ज्ञान भक्ति से गुम्फित होकर सशक्त रूप से अभिव्यक्त हुआ है। तत्कालीन अव्यवस्था ने उनको अतीत की ओर देखने की प्रेरणा दी। उनके राजनीतिक विचार वेद, उपनिषद, बाल्मीकि रामायण आदि धार्मिक ग्रन्थों पर आधारित होने के साथ ही नवीन और मौलिक हैं।

नाट्यशास्त्रीय भावों का विशिष्ट परिशीलन एवं समीक्षा

डा० रंजना कुमारी, मुजफ्फरनगर

काव्यानन्द के सन्दर्भ में भाव को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, क्योंकि इसके उद्बोधन के पश्चात् ही काव्यशास्त्र के अन्य साधनों में गति आती है। काव्यात्मक अनुभूतियाँ दो रूपों में उपलब्ध होती हैं—सुखात्मक एवं दुःखात्मक। भाव के अनुभूतिगम्य इन दो रूपों में महान अन्तर है। सुख की उपलब्धियों के उपकरणों, व्यापारों तथा व्यक्तियों के सामीप्य की विकलता का यही आधार है। इसके विपरीत दुःखात्मक भाव होते हैं, जो अनिष्ट की स्थिति उत्पन्न करते हैं, जिसे पाकर, अपनाकर या जिसकी सम्भावनामात्र से ही चित्त को कष्ट होने लगता है। भाव-विवेचन के सम्बन्ध में सर्वप्रथम आचार्य भरत का नाम आता है। इन्होंने चार सौ ई० पूर्व में रस सम्बन्धी चर्चा के प्रारम्भ में भाव की विस्तृत व्याख्या की है।.........

विश्वनाथकृत काव्यलक्षण : एक टिप्पणी

उमाकान्त शुक्ल, मुजफ्फरनगर

विश्वनाथ के काव्यलक्षण पर शौद्धोदनि के काव्यलक्षण का प्रभाव देखा गया है। वस्तुतः उन्होंने चण्डीदास के "आस्वादजीवातुः पदसन्दर्भः. काव्यम्,' जो मम्मट के काव्य-लक्षण का ही निष्कृष्टार्थ है, को अपने काव्यलक्षण का आधार बनाया है। विश्वनाथ ने "आस्वादजीवातुः पदसंदर्भः काव्यम्" को काव्यप्रकाशदर्पण में "आस्वादात्मकं वाक्यं काव्यम्" इस रूप में और साहित्यदर्पण में "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" इस रूप में पढ़ा है। चण्डीदास का 'पदसंदर्भः' विश्वनाथ के यहाँ 'वाक्यम्' और 'आस्वाद जीवातुः' 'आस्वादात्मकम्' फिर 'रसात्मकम्' बन कर उस व्यापक भावना को संकुचित करता गया जो मम्मट से चण्डीदास में आई थी।

भवभूतिकालीन आश्रम व्यवस्था

अञ्जना सिनहा, लखनऊ

व्यक्तियों से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता हैं, अर्थात् परिवार के स्वरूप और व्यवस्था से समाज का स्वरूप और व्यवस्था बनती है तथा सामाजिक स्थिति ही राष्ट्र की स्थिति होती है। नाटककार भवभूति ने चारों आश्रमों में ब्रह्मचर्य आश्रम को सर्वोपरि माना है। भवभूति ने ब्रह्मचर्य आश्रम और बाल्यावस्था से समन्वित क्षत्रिय जाति को एक रमणीय मूर्ति कहा है। भवभूति ने ब्रह्मचर्य का संकेत ऋष्यशृंग के प्रयास से उत्पन्न होने वाले दशरथ के चार पुत्रों के प्रसङ्ग में किया है। उस समय नियमित रूप से शिक्षा-ग्रहण की जाती थी।.........

भागुरिस्मृति में नामधातु : एक विवेचन

डा० तुलाकृष्ण झा, बिहार

पाणिनिपूर्व वैयाकरणों में भागुरि प्रमुख है । पाणिनिस्मृत पूर्वाचार्यों में इसका उल्लेख नही है परन्तु शब्दशक्ति प्रकाशिका, न्यास, भाषावृत्ति तथा भाषाव्याख्याप्रपंच मे उनके मत का उल्लेख मिलता है । भागुरि का व्याकरणविषयक ग्रन्थ आज अनुपलब्ध है । शब्दशक्ति प्रकाशिका के आख्यातप्रकरण मे भागुरिप्रोक्त नामधातुसम्बन्ध कारिकाओ का उल्लेख मिलता है । इसी ग्रन्थसामग्री के आधार पर प्रस्तुत निबन्ध मे भागुरि के नामधातु विषयक विचारों का विवेचन किया गया है ।

पदार्थ धर्मसंग्रह में सृष्टि-संहार-विधि

डा० (श्रीमती) शशिप्रभा 'कुमार', दिल्ली

वैशेषिक दर्शन की मान्यता है कि संसार के सभी 'कार्य' द्रव्य सावयव और अनित्य है । इन सावयव द्रव्यों के विश्लेषण से हम नित्य, निरवयव, अन्तिम तत्त्व 'परमाणु' पर पहुँचते है जो अविभाज्य, सूक्ष्मतम तथा कार्य द्रव्यों से ही अनुमेय है । ये 'परमाणु' ही जगत् की सृष्टि तथा सहार के मूल उपादान कारण माने गये है । वैशेषिक परम्परा मे परमाणुओ से सृष्टि-सहार-प्रक्रिया का सर्वप्रथम विवेचन प्रशस्तपाद ने अपने 'पदार्थ-धर्म संग्रह" मे किया है एव इस सन्दर्भ मे सबसे पहले उन्होने ही ईश्वर' का नामत: निर्देश भी किया है । अत: वैशेषिक ईश्वरवाद के आरम्भिक सकेत भी यही प्राप्त होते है, चूँकि सूत्रकार कणाद ने तो कही ईश्वर का स्पष्ट उल्लेख नही किया ।

प्रशस्तपाद का कथन है कि ब्रह्मा के मान से सौ वर्ष के अनन्तर, जब वर्तमान ब्रह्मा के मोक्ष का समय होता है, उस समय कुछ काल तक प्राणियो की जन्म-मृत्युजन्य खिन्नता को विश्रान्त करने के लिए सकलभुवनपति महेश्वर को सहार की इच्छा होती है ।

उपनिषद् और असुर संस्कृति

डा० वेदवती वैदिक, नई दिल्ली

औपनिषदिकयुग मे मृत्यु के अनन्तर आत्मा की स्थिति के विषय में सदेह बना हुआ था । कुछ लोग मरणोपरात आत्मा की सत्ता को स्वीकार करते थे जबकि अन्य "अयं लोको नास्ति पर इति मानी..." (कठ.) "न प्रेत्य सज्ञास्तीति" (बृह उप.) इन स्पष्ट शब्दो मे उसके अभाव का ही प्रतिपादन करते थे । छांदोग्योपनिषद् मे इन्द्र-विरोचन एवं प्रजापति के संवाद से ज्ञात होता है कि असुरराज विरोचन 'देह' को ही पूजनीय और सेवनीय मानता था । देह की पूजा करने और परिचर्या करने वाला पुरुष इहलोक एवं परलोक दोनों लोको को प्राप्त करता है । देह ही आत्मा है, ऐसी उनकी आत्मविद्या थी ।

इसी उपनिषद् में दान न देने वाले, श्रद्धा न करने वाले, और यजन न करने वाले को ही 'आसुर' कहा गया है ।

पुराणम् पञ्चलक्षणम्

डा. राघवेन्द्र नारायण 'आर्य', भागलपुर

भारतीय संस्कृति के आधारग्रन्थों में पुराणों का अनुशीलन अत्यावश्यक है। पुराणों की सत्ता मंत्र संहिता ब्राह्मण उपनिषद् सदृश ग्रन्थों में किसी न किसी रूप में रहती आयी है। वस्तुतः हम किस प्रकार के ग्रन्थ को पुराण कहेंगे ? इसके लिए जो तत्कालीन लक्षण निर्दिष्ट किये गये उनका पालन कहाँ तक किया गया—यह बड़ा ही विवेच्य प्रश्न हो जाता है।

इस शोधपत्र में यह निर्देशित हुआ है कि सामान्यतया 'पुराणं पञ्चलक्षणम्' की लोकप्रसिद्धि है परन्तु कतिपय ऐसे पुराण हैं जिनमें दस लक्षण तक पाये जाते हैं और कतिपय ऐसे पुराण है जिनमें ५ लक्षण तक नहीं हैं। इनमें उपपुराण भी आते हैं। इतना होने पर भी पुराणं पञ्चलक्षणम् की लोकप्रियता क्यों रही। वस्तुतः किन लक्षणों की प्रभुता ने दूसरे को अपने में समायोजित कर लिया जिससे पुराणं पञ्चलक्षणम् का अभिधान विश्रुत हो गया— इनका विवेचन तथा समाधान प्रस्तुत किया गया है।

वैदिक भावदेव—स्कम्भ

डा. बीना मिश्रा, इलाहाबाद

सृष्टि के आधार के रूप में देवता 'स्कम्भ' की प्रशस्ति वेदों में है। इस 'स्कम्भ' देव की कल्पना स्कम्भन् क्रिया मे ही चेतनता का आधान कर की गई है। स्कम्भ शब्द स्कभ् 'रोधने' से निष्पन्न है। स्कम्भन् की यह क्रिया मुख्यरूप से इन्द्र, विष्णु, सोम, सूर्य के साथ जुड़ी हुई हैं क्योकि आकाश और पृथ्वी को स्कम्भित करने का कार्य ये ही देव करते हैं। अस्कम्भायत् (ऋ० १.१५४.१', स्कम्भथुः (ऋ० ६-७२-२) क्रियावाचक, स्कम्भासः (ऋ०१.३४.२) स्कम्भनेभिः (ऋ० १.१६०.४) संज्ञावाचक के पश्चात् देवः स्कम्भः (अथर्व० १०.७) भाववाचक संज्ञा के रूप में एक अमूर्त भावात्मक देव हो गया।

संस्कृत श्लेषकाव्यों में वर्णित सामाजिक परम्पराएँ

डा. (कु.) रेखा शुक्ला, कानपुर

भारतीय सामाजिक परम्पराएँ प्रमुख रूप से स्मृतिग्रन्थों में सुरक्षित हैं। भारतीय संस्कृति के प्रमुख तत्वों में विविध संस्कार, वर्णाश्रम व्यवस्था, पुरुपार्थचतुष्टय इत्यादि का वर्णन समाज में प्रचलित परम्पराओं एवं पूर्वकालीन सभ्यता की ओर संकेत करते है। धनञ्जयकृत द्विसन्धानम् सन्ध्याकरनन्दिन् कृत रामचरितम्, कविराजसूरिकृत राघवपाण्डवीयम् एवं हरदत्त सूरि कृत राघवनैषधीयम् आदि श्लेषकाव्य घटनाप्रधान काव्य होने पर भी युगविशेष की प्रचलित सामाजिक परम्पराओं एवं भारतीय संस्कृति को प्रतिबिम्बित करते है।

पौराणिक वर्ण-व्यवस्था तथा स्वामी दयानन्द

डा० दुलीचन्द शर्मा, कुरुक्षेत्र

सामाजिक जीवन की परिस्थितियों में मनुष्य के विशेष कर्तव्यों का नाम ही धर्म है। समाज की इस व्यवस्था के अनुसार मानव-समाज को चार भागों में विभाजित किया गया है—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र। समाज की इस चतुर्वर्ण्य व्यवस्था का मूल ऋग्वेद के पुरुष सूक्त का एक मन्त्र है, जिसके आधार पर पुराणग्रन्थों में कहा गया है कि ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जङ्घाओं से वैश्य तथा चरणों से शूद्र उत्पन्न हुए। पुराण–ग्रन्थों के अनुसार मनुष्य अपने पूर्व जन्म के कर्मों के परिणाम-स्वरूप ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य एवं शूद्र के रूप में उत्पन्न होते हैं। इनमें ब्राह्मण को सर्वश्रेष्ठ बतलाया गया है।

यज्ञ : बहुजनहिताय बहुजनसुखाय

डा० रामकृष्ण मिश्र, मुजफ्फरपुर

प्राचीन साहित्य में यज्ञानुष्ठान पुण्यप्राप्ति की दृष्टि से निहित किया गया था—जनसामान्य की ऐसी धारणा है, किन्तु वह पुण्य आमुष्मिक ही नहीं, ऐहिक भी था। यह देखा जाता है कि वेद, पुराण, इतिहास, धर्मशास्त्र और नीतिग्रन्थों में हमारे दैनिक जीवन के अनुष्ठीयमान कार्यों का विधान धार्मिक दृष्टि से किया गया है। धर्म का बन्धन दृढ़ समझकर ही तत्परक दृष्टि सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है, किन्तु अवश्यकरणीय कर्म ही धर्म का पर्याय हैं। इसलिए शास्त्रकारों ने जिसका अनुष्ठान व्यक्ति या समाज के लिए आवश्यक बतलाया है, वह वस्तुतः उसका अवश्यकरणीय कर्म है और वही उसका धर्म है, जिसकी अवहेलना कदापि श्रेयस्कर नहीं है।

वैदिक साहित्य एवं राष्ट्रीय एकता

डा० रंजना मिश्र, लखनऊ

आज आजादी के पश्चात् धर्मनिरपेक्ष समाजवादी संविधान बनाने के बाद भी देश के विखण्डन का भय व्याप्त हो गया है। जातिवाद, भाषावाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद एवं आर्थिक असमानता आज राष्ट्रीय एकता में बाधक बन गये हैं। उदाहरणार्थ, भिवन्डी, अहमदाबाद, मेरठ, दिल्ली आदि स्थानों के दंगे, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों में हरिजनों एवं अन्य वर्गों पर अत्याचार, विभिन्न क्षेत्रों में पृथक् राज्य की माँग और इसके लिए आतंकवाद का प्रसार आदि की घटनायें हमारी एकता के बीच दरार बनकर खड़ी हो गई हैं। इसी प्रकार रामजन्म भूमि बनाम बाबरी मस्जिद विवाद भी देश को तोड़कर बिखेरे जाने का ही एक प्रयास है। इस आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विघटनकारी प्रवृत्तियों से भारत की मौलिक एकता को अत्यन्त खतरा उत्पन्न हो रहा है।

वेदोक्त वनस्पतियों के वर्ग

अशोककुमार शर्मा, हरिद्वार

प्रस्तुत विषय वेदों में प्रमुखता के साथ प्रतिपादित है । ऋग्वेद का 'ओषधि' सूक्त (१०/९७) तथा अथर्ववेद का 'ओषधयः' सूक्त दोनों ओषधीरूप वनस्पतियों पर प्रकाश डालते हैं । सुश्रुत और चरक आदि ग्रन्थ भी औद्भिद या स्थावर रूप में वनस्पतियों का सम्यक् प्रतिपादन विभिन्न वर्गों के निधारण सहित करते हैं । "निघण्टु परम्परा" में भी इस विषय को सम्यक् स्थान मिला है । वेदोत्तर साहित्य में तो 'निघण्टु' शब्द औषधि या वनस्पतियों के गुण-धर्म पहचान सहित परिचय कराने वाले ग्रन्थों के लिए आया है । फिर वनस्पतियाँ मानव-जीवन के साथ-साथ आहार, यज्ञ और चिकित्सा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूरक भी हैं ।

तमिल साहित्य में सूफी मत का प्रभाव

डा० सुन्दरम, मद्रास

उत्तर में सूफी मत का प्रारम्भ प्रेममार्गी सिद्धान्त का प्रचार—इस प्रचार में मुसलमानों का योगदान—तमिल साहित्य में शैव सिद्धान्त का प्रचार तमिल प्रदेश व कर्नाटक में शैव मत में समानता—नेपाली शैव और काश्मीरी शैव मत में तात्विक अन्तर—दक्षिण में प्रचलित शैव सिद्धान्त का स्रोत - काश्मीरी या नेपाली—नटराज दर्शन माणिक्कवाचकर का स्थान—बड़े ही शैवभक्त—उनकी भक्तिका प्रचार — माणिक्क-वाचकर की शैव भक्ति—आत्मा का पुरुष के रूप में वर्णन —परमात्मा या परब्रह्म का स्त्री के रूप में वर्णन—भारत में प्रचलित स्त्री-पुरुष के सिद्धान्त से भिन्न—स्त्री कष्ट सहती है, कष्ट के उपरान्त पुरुष को प्राप्त करती है ।

भगवान महावीर की साधना-पद्धति

अरबिन्द कुमार, आरा

महावीर ने जिस साधना-पद्धति का अवलम्बन लिया था, वह अत्यन्त रोमांचक थी । वे अचेलक थे, तथापि शीत से त्रस्त होकर बाहुओं को समेटते न थे, अपितु यथा-वत् हाथ फैलाये ही विहार करते थे । शिशिर ऋतु में पवन जोर से फुफकार मारता, कड़कड़ाती सर्दी होती है, परन्तु महावीर खुले स्थान में नंगे बदन रहते और अपने बचाव की इच्छा भी नहीं करते । वहीं पर स्थिर होकर ध्यान करते ।

महावीर अपने निवास के लिए भी निर्जन झोंपड़ियों को चुनते, मार्ग्ने-पीटने पर भी वे अपनी समाधि में लीन रहते । आहार के नियम भी महावीर के बड़े कठिन थे । नीरोग होते हुए भी वे मिताहारी थे ।

महाभारत के शान्तिपर्व में 'धर्म' का स्वरूप

डा० कुसुम दत्ता, जगाधरी

महाभारत ज्ञान का अक्षय भण्डार है । शान्तिपर्व, उसी विशाल ग्रन्थ का द्वादश पर्व है जिसमें भीषण युद्ध के पश्चात् शान्ति की स्थापना का माग प्रदर्शित किया गया है । युद्ध की विभीषिकाओं से क्लान्त मानवमन को शान्ति प्रदान करने वाला यह पर्व, धर्म के स्वरूप का सर्वांग रूप से प्रतिपादन करता है । महाभारत, जिसे पंचम-वेद एवं धर्मशास्त्र की संज्ञा से विभूषित किया गया है, के द्वादश पर्व के आधार पर धर्म के स्वरूप का विशद विवेचन करना प्रस्तुत निबन्ध का मुख्य उद्देश्य है ।

धर्म' जैसे बहुआयामी शब्द का अभिप्राय शान्तिपर्व में भी व्यापक रूप से दृष्टिगोचर होना है ।

प्राचीन भारतीय मनोविज्ञान में मानसिक सुझाव

डा० कमला देवी

प्राचीन भारतीय मनीषियों ने प्राणियों के शरीर के भीतर स्थित इस मन' नामक अद्भुत तत्त्व के स्वभाव एवं शक्तियों का सूक्ष्म अध्ययन कर लिया था। षोडश हिन्दू संस्कार इस तथ्य के ज्वलन्त प्रमाण हैं । ये संस्कार गर्भ में व्यक्ति के पदार्पण करते ही प्रारम्भ हो जाते हैं तथा मृत्यु के उपरान्त भी कुछ काल तक चलते रहते हैं । आधुनिक जीवविज्ञान की इस धारणा के विपरीत कि गर्भ में चौथे या पाँचवे महीने चैतन्य आता है तथा हृदयगति बन्द होते ही समाप्त हो जाता है, भारतीय मनीषी यह मानते थे कि गर्भाधान काल मे ही चैतन्य अर्थात् जीवात्मा गर्भ में आ जाती है, भले ही वह सुप्तावस्था में रहती हो ।

वैदिक यज्ञ : पर्यावरण-परिशोधन विज्ञान

ब्रह्मचारी व्यासनन्दन, भागलपुर

आज भारत ही नहीं. समग्र विश्व में पर्यावरण-प्रदूषण की समस्या सुरसा की भाँति मुँह बाए खड़ी है । प्रदूषण का राक्षस अपने फौलादी पंजे फैलाये बढ़ा आ रहा है। इस विषम परिस्थिति का सरलतम और योग्यतम हल 'वैदिक यज्ञ' है ।

यज्ञ के हविर्द्रव्यों में 'घृत' ही प्रधान है । घृत का नाम 'आज्य' है । आज्य का अर्थ है - आ समन्तात् लोकान् जयति अनेन—अर्थात् इसके द्वारा लोक–लोकान्तरों के प्रदूषणरूपी असुर तत्त्वों पर, आँधी-तूफानों पर विजय प्राप्त होती है । गोघृत में यह क्षमता है कि भयंकर विष का प्रतिरोधक बन सके । दूसरे, इसमें भेदक शक्ति है ।

संस्कृत द्वयाश्रय काव्यों की परम्परा और उसका वैशिष्ट्य

डा० सुधा शुक्ला, लखनऊ

श्लेष मूलक द्वयाश्रय काव्य-पद्धति का पूर्ण विकास नवीं शताब्दी से प्रारम्भ होता है, तथापि इस शैली के बीज समस्त संस्कृत साहित्य में उपलब्ध हैं। वैदिक साहित्य से लेकर पौराणिक साहित्य तक इस शैली को देखा जा सकता है। वेदों में इस पद्धति का एक दूसरा रूप प्राप्त होता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में भी वेद संहिताओं की भाँति अनेकार्थक मन्त्र प्राप्त होते हैं। उपनिषद् साहित्य में भी ज्ञानकाण्ड की प्रधानता देते हुए अनेकार्थ मन्त्रों का उल्लेख प्राप्त होता है, अनेकार्थकता की अभिव्यञ्जना के उपकरण अन्योक्ति, रूपक आदि अलङ्कार तथा शाब्दिक निरूक्तियों या सांकेतिक सख्याएँ हैं। इस प्रकार वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण-ग्रन्थों और उपनिषदों में अनेकार्थक पद्धति के वैदिक रूप प्राप्त होते हैं।

अग्नि विद्या

डा० रामाभिलाष त्रिपाठी, गाजीपुर

वेदों एवं उपनिषदों मे विद्याओं के अन्तर्गत अग्निविद्या का उल्लेख आता है। विभिन्न आख्यानों के माध्यम से अग्निविद्या का वर्णन किया गया है। कठोपनिषद् में यम-नचिकेता संवाद में अग्निविद्या का वर्णन किया गया है। नचिकेता ने द्वितीय वरदान के रूप में स्वर्गप्राप्ति के साधनभूत अग्निविद्या का ज्ञान यमराज से प्राप्त किया। बाद में इसे नाचिकेताग्नि से भी आख्यायित किया गया। इसी को अग्नि चयन भी कहा गया है। कठोपनिषद में "या इष्टका यावर्तीर्वा यथा वा" के द्वारा अग्नि चयन में ईंटों के वैशिष्ट्य का भी वर्णन किया गया है। उपनिषदों में वर्णित अग्निविद्याओं में यह अग्निविद्या या अग्नि चयन क्या है? इसका मूल स्वरूप एवं प्रक्रिया का विवेचन प्रस्तावित शोधपत्र में किया गया है।

महाविद्या तारा

डा० रमाशंकर मिश्र, लखनऊ

तान्त्रिक महाविद्याओं में काली, तारा, श्रीविद्या, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातङ्गी तथा कमला प्रसिद्ध हैं। इनमें तारा एक महत्त्वपूर्ण महाविद्या है। तारा की पूजा, मन्त्र, प्रातःकृत्य, गुरुपूजा, गुरुध्यान, श्रीपादुका, प्राचीन गुरुपरम्परा, मानस और यान्त्रिक पूजापद्धति, न्यास, वर्णमाला, पञ्चमकार, स्त्रोत, पुरश्चरण, रक्त अर्पण, प्रतिमा, दर्शन आदि का विस्तृत वर्णन 'तारा-तन्त्र' नामक ग्रन्थ में किया गया है। ग्रन्थ में भैरवी की जिज्ञासा का समाधान भैरव के द्वारा किया गया है। देवी उस मन्त्र को जानना चाहती हैं जिसके द्वारा बुद्ध तथा वशिष्ठ सिद्धत्व को प्राप्त हुए।

न्यायाचार्य भासर्वज्ञ और उनका मोक्ष विधान

डा० कौशलकुमार पाण्डेय, लखनऊ

यदि न्यायदर्शन परम्परा का हम प्राचीन, मध्य और नव्य—इन तीन कालों में विभाग करें तो काल (नवीं शताब्दी की दृष्टि से भासर्वज्ञ का समय मध्यन्याय का अन्तिम चरण प्रतीत होता है। लेकिन अपनी न्यायपद्धति तथा विचार-परम्परा के द्वारा मध्यनैयायिकों (बौद्धों तथा जैनों) के वे अत्यन्त विरोधी हैं। इस प्रकार वह गौतम की आस्तिक परम्परा के पृष्ठपोषक के रूप में प्राचीन-न्याय से सम्बद्ध कर दिये जाते हैं। लेकिन इस काल की पद्धति-सूत्रव्याख्या परम्परा को निर्वाह न करने के कारण वह प्राचीन-न्याय से भी सम्बद्ध होने की स्थिति में नहीं हैं। पिष्ट-पोषण की परम्परा से हटकर प्रकरण-ग्रन्थ लिखकर भासर्वज्ञ ने जो वैशिष्ट्य अपनाया वह नव्य-न्याय के लिए पथ-प्रदर्शक बना।

संस्कृत नाट्यशास्त्रों में कथावस्तु स्वरूप के विविध आयाम

डा० (श्रीमती) प्रीतिप्रभा गोयल, जोधपुर

संस्कृत की नाट्यपरम्परा अत्यन्त प्राचीन है। इसकी शास्त्रीय परम्परा में भरत-कृत नाट्यशास्त्र ही अद्यावधि उपलब्ध प्राचीनतम ग्रन्थ है। भरत एवं परवर्ती समस्त आचार्यों ने नाट्य की परिभाषा देते हुए अनुकीर्तन, अनुकरण, अनुकृति तथा अनुकार आदि जिन भिन्न-भिन्न शब्दों का कथन किया था, उन सभी शब्दों में एक ही तत्त्व स्वतः व्याप्त है और वह है कथावस्तु। नाट्य में अथवा लोक में भी किसी पात्र का नैरन्तर्यपूर्ण व्यवहार की कथानक का रूप ग्रहण कर पाता है। यह कथानक किसी भी देश तथा काल का एवं किन्हीं भी विशिष्ट व्यक्तियों के सन्दर्भ में घटित घटनाओं की विकसित होती हुई शृंखला से निर्मित होता है।

भाषा और लिपि के घटकों में पारस्परिक संवाद

डा० विजयकुमार वेदालंकार

सदियों से भाषा विचारों के संवहन का माध्यम रही है। भाषा को संरक्षण एवं स्थायित्व प्रदान करने के लिए ही लिपि की आवश्यकता महसूस की गई। इस तरह लिपि की उत्पत्ति भाषा की उत्पत्ति के बाद ही हुई। भाषा व्यक्त ध्वनियों का दूसरा नाम है। जबकि लिपि इन्हीं व्यक्त कर्णगोचर ध्वनियों को प्रतीकों के माध्यम से दृष्टिगोचर बनाती है। इस तरह लिपि और भाषा के घटकों में परस्पर सम्बन्ध सुनिश्चित हो जाता है।

लिपि किसी भी प्रकार की क्यों न हो, उसकी लेखनपद्धति का मूल आधार भाषा और लिपि के घटकों में पारस्परिक संवाद होता है।

उपनिषदों में वर्णित विभिन्न योगों में संन्यासयोग का स्थान

ईश्वर भारद्वाज, गुरुकुल कांगड़ी वि०वि० हरिद्वार

मनुष्य के आध्यात्मिक अभ्युत्थान को लक्ष्य में रखकर उपनिषदों के ऋषियों ने विभिन्न योग विधाओं की विवेचना प्रस्तुत की है। योग की विभिन्न परिभाषाएँ और विधाएँ शास्त्रों में वर्णित हैं किन्तु निष्कृष्ट रूप में उसका एक ही लक्षण है– चित्त को यथाशक्ति स्वच्छ करके उसे मोक्ष की प्राप्ति के योग्य बना देना ही योग है। योग की विधाएँ भी मुख्य रूप से चार हैं— कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और सन्यासयोग। लक्ष्य पर पहुँचने के लिए यद्यपि ये चारों ही योग विधाएँ पूर्ण समर्थ हैं किन्तु संन्यासयोग इन सभी योगों का सिरमौर है। संन्यास के बिना न कर्मयोग सिद्ध हो सकता है, न ज्ञानयोग की प्राप्ति हो सकती और न भक्तियोग में दृढ़ता प्राप्त हो सकती है।

प्राच्य साहित्य में तप

डा० (श्रीमती) इन्दु शर्मा, कुरुक्षेत्र

प्रस्तुत लेख के प्रारम्भ में मानवजीवन में वैयक्तिक संयमों और सामाजिक अनुशासनों की आवश्यकता को स्पष्ट किया गया है। क्योंकि ये ही वे साधन हैं जो ऋग्वेद की उक्ति 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्' को चरितार्थ कराने में समर्थ हैं। इसे बूंद के सागर में विलय की लालसा से सिद्ध किया गया है। मनुष्य की सर्वाङ्गीण उन्नति के लिए विश्वकल्याण-चिन्तन की आवश्यकता स्पष्ट की गई है।

पाणिनीय व्याकरण के अनुसार 'तप' शब्द की व्युत्पत्ति तीन धातुओं से संभव है। इस संक्षिप्त चर्चा के साथ-साथ तप के तीन प्रकारों का संक्षिप्त उल्लेख भी किया गया है।

ओंकार—एक अनुशीलन

लेखराम शर्मा, सरकाघाट (हि०प्र०)

जगत् की नियत प्रवृत्ति पराशक्ति की सत्ता का अनुमापक लिङ्ग है। वैदिक साहित्य, दर्शन एवं व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर रचित स्तोत्रग्रन्थों में उस पराशक्ति के सहस्रों नामों का वर्णन है। पराशक्ति के लिये एक ऐसी संज्ञा जो गुण-कर्मानुसार उसके अनुरूप, शास्त्रानुमोदित तथा नाम एवं नामी दोनों ही हो एवं सृष्टि के सम्पूर्ण रहस्यों को अपने-आप में समेटे हुये हो, विश्व का सर्वप्राचीन वैदिक साहित्य जिसका समर्थन करता हो, अवश्य विचारणीय है। इस शोध-लेख में ब्राह्मण ग्रन्थों, उपनिषदों, पुराणों, स्मृतियों, व्याकरण, दर्शन एवं सन्त कवियों के काव्यों से प्रमाण प्रत्युपस्थापित करके यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया है कि सृष्टि के रचयिता की अद्वितीय तथा अत्युत्तम संज्ञा 'ओ३म्' ही है।

शैवउपनिषदों में जीवतत्त्व

अपर्णा रमन, फैजाबाद

शिव उपासनापरक शैव उपनिषदों में समस्त अध्यात्म तत्त्वों का विवेचन करते हुये जीवतत्त्व का भी विस्तृत विवेचन किया गया है। शैवउपनिषदों में जीव को परमतत्त्व का ही एक अंश बताते हुए उसे अनन्त तथा विभु कहा गया है। इन उपनिषदों में जीव के लिये आत्मन्, जीवात्मा, पुरुष, हँस, सुपर्णा तथा अनीश आदि शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके सूक्ष्मतम तथा स्थूलतर—दोनों ही स्वरूपों का विस्तार से विवेचन किया गया है।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में जीवतत्त्व का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। इस उपनिषद् में जीव को अङ्गुष्ठमात्र परिमाण वाला, सूर्य के समान प्रकाशवान्, संकल्प और अहंकार से युक्त, संकल्परूप बुद्धि के गुण के कारण और अहन्ता, ममता आदि अपने गुण के कारण ही सूजे की नोक और आराग्र के समान अतिसूक्ष्म स्वरूप वाला बताया गया है।

काश्मीरशैवदर्शन में आभासवाद

रामकुमार शर्मा, लखनऊ

भिन्न-भिन्न भारतीय दर्शनों में 'सृष्टि-प्रक्रिया' के भिन्न-भिन्न सिद्धान्त प्रतिपादित किए गए हैं। जिस प्रकार साँख्य में 'परिणामवाद' और वेदान्त में 'विवर्तवाद' की प्रतिष्ठापना की गई है उसी प्रकार से काश्मीरशैवदर्शन की 'सृष्टि-प्रक्रिया' को 'आभास-वाद' नाम से अभिहित किया गया है। आभास का तात्पर्य ईषद्भासन या किंचिद्भासन होता है। परिणामवाद और विवर्तवाद में स्थूल भेद यह है कि परिणामवाद में कारण का स्वरूप नष्ट होकर कार्य का रूप धारण करता है और विवर्तवाद में बिना नष्ट हुए। विवर्तवाद में कारण के परिवर्तन की प्रक्रिया को मिथ्याभास कहा जाता है क्योंकि उनके अनुसार कारण (ब्रह्म) का नाश या रूपपरिवर्तन सम्भव नहीं।

रुद्र एक विलक्षण देव क्यों ?

डा० मंजुला सहदेव, पटियाला

भारत की वसुन्धरा का कण-कण देवत्व से अभिभूत है। इसकी सभ्यता एवं संस्कृति को देवत्व से ओतप्रोत करने वाले प्राचीन अटल स्तम्भ वेद हैं। वेदों का सर्वेक्षण करने पर ज्ञात होता है कि मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने प्रकृति के जिस रूप को भी मानवशक्ति की सीमाओं से अतिवर्ती अनुभव किया उसे ही देव अथवा एक महान् शक्ति के रूप में स्वीकार कर लिया। जो दृश्य उन्हें विस्मित कर गया वह भी देव संज्ञा से अभिहित हो गया। इस प्रकार मानवजीवन को सुचारू रूप में व्यवस्थित करने वाले प्राकृतिक नियमों को देवता मान करके उनसे प्रार्थनाएँ की गई।

उपनिषदों में दार्शनिकता : एक अध्ययन

डा० तिलक वर्मा, होशियारपुर

असंख्य प्राणियों की इच्छा के अनन्त विषयों को जिन चार भागों में विभक्त किया जा सकता है, उनका नाम है अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष। इनमें पहले के तीन पुरुषार्थ काल पाकर नष्ट हो जाते हैं, किन्तु नित्य होने से मोक्ष सदा बना रहता है। मोक्ष के नित्यत्व में 'न स पुनरावर्तते' (मुक्त पुरुष फिर संसार में लौटता नहीं) 'यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम' (जहाँ जाकर फिर लौटता नहीं, वह मेरा परम धाम है) ऐसे श्रुति स्मृति वाक्य प्रमाण हैं। यों तो उप-नि, उपसर्ग पूर्वक सद् धातु से उपनिषद् शब्द बनता है, जिसका अर्थ 'ब्रह्म ज्ञान' होता है।

वैदिक कर्मकाण्ड और विनियोग

प्रो० भवानीलाल भारतीय, चण्डीगढ़

वेद के अध्येताओं में यह मान्यता प्रचलित है कि प्रत्येक वेदमन्त्र का किसी न किसी कर्म में विनियोग किया जाना आवश्यक है। मध्यकालीन भाष्यकारों ने मंत्र के ऋषि, देवता, छंद आदि का निर्देश करते हुए उसका कर्मकाण्डीय विनियोग भी निर्दिष्ट किया है। प्रश्न यह है कि क्या मंत्र की रचना ही यज्ञ-यागादि के विभिन्न कर्मों के निष्पादन की दृष्टि से की गई है, या इनका कोई अन्य प्रयोजन भी था। यद्यपि मीमांसा तथा अन्य शास्त्रों के कतिपय वाक्यों से यह ध्वनि निकलती है कि वेदों का चरम तात्पर्य कर्मकाण्ड के विनियोजन में ही है, किन्तु मन्त्रों के अर्थों का तात्त्विक चिन्तन करने से यह भी ध्वनित होता है कि इस वाङ्मय का मुख्य प्रयोजन तो जन समाज को बहुविध उपदेश देना तथा उनमें कर्तव्य-बोध को जागृत करना ही रहा होगा।

मम्मटकृत काव्यप्रकाश में काव्यात्मक तत्त्व विवेचन

डा० अमरसिंह, कुरुक्षेत्र

भारतीय काव्यशास्त्र परम्परा में आचार्य मम्मट का नाम अत्यन्त आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उन्होंने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ काव्यप्रकाश में रस एवं ध्वनि पर विस्तार से प्रकाश डाला है। भरत के रस सम्बन्धी दृष्टिकोण से प्रारम्भ कर अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक भामह, दण्डी, उद्भट, रीति सम्प्रदाय के आचार्य वामन, वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक कुन्तक तथा ध्वनि को काव्य की आत्मा के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले आचार्य आनन्दवर्धन एवं अभिनवगुप्त आदि आचार्यों की ऐसी विशाल परम्परा विद्यमान थी जिन्होंने अपने वाग्वैभव से 'काव्यात्मा' के रूप में अपने-अपने मन्तव्यों को प्रबल युक्तियों के आधार पर स्थापित किया था।

सर्वार्थसिद्धिगत कतिपय पारिभाषिक शब्दों की नियुक्तियाँ

डा० कमलेशकुमार जैन, वाराणसी

आचार्य उमास्वामीकृत तत्त्वार्थसूत्र पर आचार्य पूज्यपाद ने सर्वार्थसिद्धि नामक टीका की रचना की है। यह अत्यधिक उपयोगी एव महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से तत्त्वार्थसूत्र मे प्रयुक्त अनेक पारिभाषिक शब्दों का रहस्य प्रकट होता है। आचार्य पूज्यपाद विक्रम की पाँचवी शताब्दी के उत्तरार्द्ध से लेकर छठी शताब्दी के पूर्वार्द्ध के विद्वान् है। उनके ग्रन्थो की भाषा अत्यन्त सघन एव सुगठित है, जिससे उनके महान् वैयाकरण होने का सहज अनुमान किया जा सकता है। आचार्य पूज्यपाद ने अपनी इस सर्वार्थसिद्धि नामक टीका मे पारिभाषिक शब्दो की प्राय: एक सतुलित परिभाषा प्रस्तुत की है।

डोगरी में सहायक धातु 'हो' का प्रयोग

शशि पठानिया, जम्मू

'हो' धातु अकर्मक धातु है। अन्य भारतीय भाषाओं की भाँति डोगरी भाषा में भी कालबोधक, अस्तित्वबोधक होने के साथ-साथ सहायक क्रिया के रूप मे भी योगदान देती है। डोगरी भाषा के सदर्भ मे इस धातु का विशेष योगदान यह है कि भाववाच्य की रचना मे इस धातु का ही प्रयोग होता है—भूतकाल तथा वर्तमानकाल की अभ्यासबोधक क्रियाओ की रचना भी इस धातु के सहयोग मे ही सम्पन्न होती है। जबकि हिन्दी मे भाववाच्य की रचना के लिए 'जा' धातु तथा अभ्यास पक्ष के द्योतन के लिए सभी कालो मे 'कर्' धातु ही प्रयुक्त होती है।

यमक और अनुप्रास की सीमारेखा : यमकाभास

डा० मथुरेशनन्दन कुलश्रेष्ठ, झालावाड (राजस्थान)

१– अर्थ वैभिन्य मे युक्त वे सभी पदगत आवृत्तियाँ जो स्थान-नियम का पालन नही करती, यमकाभास के अन्तर्गत आनी चाहिए। २– ऐसे सभी प्रयोग जहाँ युग्मक का कोई भी एक भाग सार्थक हो और दूसरा भाग निरर्थक हो, यमकाभास के अन्तर्गत आने चाहिए। ३– कोई भी ऐसा प्रयोग जहाँ युग्मक का कोई भी भाग निरर्थक हो यमकाभास के अन्तर्गत रखे जाने चाहिए। यह स्थिति अर्थ-तत्व से पूर्णत. स्वतत्र है। ४– ऐसे सभी प्रयोग जहाँ केवल एक वर्ण की सस्वर आवृत्ति स्थान-नियम का पालन करती है, यमकाभास के अन्तर्गत आने चाहिए। ५– व्यजन रहित शुद्ध स्वर की स्थान-नियम का पालन करने वाली आवृत्तियाँ भी यमकाभास के अतर्गत आनी चाहिए। यह एक काल्पनिक स्थिति है।

"वाक्यलक्षणविमर्श"

डा० अयोध्यादास श्रीवैष्णव, गौर (बस्ती)

अर्थबोधजनक वाक्य के स्वरूप की चर्चा प्राचीनकाल से ही उपलब्ध है। संस्कृत वाङ्मय का अनुशीलन करने पर लोक व्यवहार में स्पष्टार्थ प्रतिपादक वाक्य के सम्बन्ध में आचार्यों में विवाद परिलक्षित होता है। प्रचलित वाक्यलक्षणों में मीमांसा सूत्रकार जैमिनि कृत "अर्थैक्यादेकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात्" तथा वार्तिककार कात्यायन कृत "आख्यातं साव्ययकारक विशेषणं वाक्यम्। एकतिङ्। वाक्यलक्षणों को विद्वानों ने प्राचीन शास्त्रीय वाक्य लक्षण माना है। महाभाष्यकार पतंजलि ने अपूर्व शब्द का प्रयोग करते हुए कात्यायनोक्त वाक्य लक्षण को आद्य वाक्य लक्षण माना है। वैयाकरणों के अनुसार यह प्राचीनतम शास्त्रीय वाक्य लक्षण है।

सोम देव का वैज्ञानिक स्वरूप

कालिन्दि राय, नई दिल्ली

भारतीय परम्परा के अनुसार वेद सनातन सत्यों के मूल हैं। वेद प्रतीकात्मक काव्य हैं। इसकी काव्यमयी भाषा अपने शब्दों और लय के साथ रहस्यात्मक अर्थ को उद्भाषित करती है। कहा भी गया है "विद्वान् गुह्य ढंग से शब्दों का प्रयोग करते हैं जिससे देव या दिव्य दृष्टियाँ अमर हो जाती हैं। वेद एक समुच्चयात्मक दृष्टि देता है और कहता है कि सभी देव एक्य में कार्य करते हैं। इन्द्र, मित्र, सूर्य, अग्नि, सोम, वायु, आदि सभी उन अनन्त सर्वव्यापक तथा मूलभूत तत्वों के प्रतीक हैं। विभिन्न देव अलग-अलग दिव्य प्राकृतिक शक्तियों के प्रतीक हैं। सोम औषधियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। गीता में भगवान् कृष्ण ने कहा है– पुष्णानि चौषधिः सर्वा सोमोभूत्वा रसात्मकः।"

जैनाचार्य श्री विजयसेन सूरि एवं बादशाह अकबर

कु० नीना जैन, शिवपुरी (म० प्र०)

आचार्य श्री विजयसेन सूरि सन् १५९२ को बादशाह के दरबार में पहुँचे। तत्कालीन पंडितों को सूरिजी की प्रतिभा से ईर्ष्या हुई जिससे उन्होंने जैनों पर विभिन्न आरोप लगाये जिनका खण्डन सूरिजी ने अपनी प्रखर बुद्धि से देकर उन्हें निरुत्तर कर दिया। प्रसन्न होकर बादशाह ने उन्हें "सूरसवाई" की पदवी से विभूषित किया। तत्पश्चात् बादशाह ने सूरिजी के उपदेशों से प्रभावित होकर जीवदया के अनेक कार्य करवाये। जो व्यक्ति जन्म से मांसाहारी रहा था, जिसका प्रत्येक अवयव बाल्यावस्था ही से मांसाहार से परिपुष्ट हुआ था उसी व्यक्ति ने जैनाचार्य के सम्पर्क में आकर न केवल स्वयं मांसाहार का त्याग किया अपितु अपनी सत्ता के बल पर औरों से भी उसका पालन करवाया।

जैनयोग–आचार्य हरिभद्र सूरि की विशिष्ट देन

प्रो० जनेश्वर मौआर, आरा

परम सत्य की खोज, शोध और स्वानुभवयुक्त साक्षात्कार भारतीय तत्त्वचिन्तकों का शाश्वत विषय रहा है। इस सत्य के साक्षात्कार की साधना ही चिरन्तर काल से उसके शोधकों के जीवन की एकमात्र साधना रही है। जीवन के समस्त कर्तृत्व, पुरुषार्थ, योग्यता और सम्पूर्ण निहित आत्मशक्तियों को जागृत कर उन्हें मात्र और एकमात्र सत्य की ही साधना में लगाया है। तब फिर ऐसा वह तत्व कौन-सा? उसका स्वरूप क्या? और उसकी साधना किसलिए। ये प्रश्न स्वाभाविक रीति से उत्पन्न होते हैं। जीवन के सारे ऐहिक दृश्य लौकिक सुखभोग और आकर्षणों के परे ऐसी वह कौन-सी वस्तु है जिसने आदिकाल से लगाकर सारे चक्रवर्तीत्व के राज्यवैभव को क्षणमात्र में ठोकर मारकर आदि तीर्थंकर ऋषभदेव को एकान्त वन, पर्वतो मे नग्न चर्चा, भरत चक्रवर्ती का राज्य वैभव के त्याग आदि अनेक उदाहरण हैं।

अर्धमागधी भाषा में प्राचीन भाषाकीय तत्त्व

डा० के० आर० चन्द्र, अहमदाबाद

अर्धमागधी आगम साहित्य के प्राचीन ग्रन्थों में कुछ ऐसे भाषाकीय प्रयोग मिलते हैं जो परवर्ती भाषा के प्रभाव में न आकर किसी न किसी प्रकार बच गये है और अपनी प्राचीनता को सुरक्षित रखे हुए हैं। यदि ऐसे प्रयोगों की परवर्ती प्राकृत भाषा के रूपों के साथ तुलना की जाय तो स्पष्ट होगा कि ये ही बचे हुए प्रयोग अर्धमागधी की प्राचीनता (अन्य परवर्ती प्राकृतों—शौरसेनी, महाराष्ट्री से) सिद्ध करते है और कभी-कभी उसे पालि के सदृश बना देते है।

बौद्ध नैयायिक पण्डित अशोक और उनकी कृतियाँ

डा० विजयरानी, कुरुक्षेत्र

भारतीय दर्शन के अन्तर्गत बौद्ध न्याय की एक लम्बी परम्परा है, जिसका प्रारम्भ आचार्य दिङ्नाग से हुआ माना जाता है। इस परम्परा में बहुत से धुरन्धर बौद्ध-नैयायिकों के नाम सामने आते है, यथा—धर्मकीर्ति, धर्मोत्तर, भट्ट अर्चट, दुर्वेक मिश्र, शान्तरक्षित, कमलशील आदि। इसी परम्परा में एक नया नाम है पण्डित अशोक अथवा आचार्य अशोक का। प्रारम्भ में इस नाम के किसी बौद्ध आचार्य का ज्ञान विद्वत्समाज को नही था, किन्तु जब सर्वप्रथम महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन तिब्बत से बहुत-सा साहित्य हस्तलिखित प्रतियों के रूप में भारत लाए, तब उसमें रत्नकीर्ति के निबन्धों के बीच इनके भी दो निबन्ध लुप्तप्राय: पड़े हुए थे।

धर्माभ्युदय महाकाव्य में धर्म

डा० दिनेश कुमार सिंहल, पानीपत

नागेन्द्रगच्छीय-श्रीमद् उदयप्रभसूरिविरचित ग्रन्थ 'धर्माभ्युदय' एक श्रेष्ठ जैन संस्कृत महाकाव्य है। इस महाकाव्य का अपर नाम 'संघपतिचरित' है। इस काव्य में कविश्री उदयप्रभसूरि ने संघपति महामात्य वस्तुपाल द्वारा की गई संघयात्रा के माध्यम से धर्म का सुन्दर विवेचन किया है। अनेक धार्मिक कथाओं की संरचना करते हुए धर्म के अभ्युदय को सहज रूप में प्रस्तुत किया गया। सम्पूर्ण महाकाव्य में १५ सर्ग हैं। इसके प्रथम और पन्द्रहवें सर्ग में वस्तुपाल का वंशपरिचय, मन्त्री बनना तथा संघयात्रा का विवरण है। अन्य सर्गों में जैनधर्म के सिद्धान्तों का सुन्दर तथा स्वाभाविक वर्णन है।

ऋग्वैदिक अंगिरा : एक विवेचन

डा. मुहम्मद इसराइल खाँ, गाजियाबाद

इस शोधपत्र में अङ्गिरा के विभिन्न निर्वचनों पर प्रकाश डाला गया है। अङ्गिरा का प्रयोग ऋषि, पितर आदि संदर्भों में किया गया है। प्रकृत पत्र उन सभी सन्दर्भों को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करता है। ऋग्वेद के ऋषि सात हैं। उन सात ऋषियों में अङ्गिरा के स्थान तथा महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है। इसके अतिरिक्त अङ्गिरा के सूक्तों का सामान्य सर्वेक्षण प्रस्तुत कर सूक्त-विषयक विचारों को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। अन्त में अङ्गिरा का छिट-पुट मन्त्रों में वर्णित प्रसंगों का अध्ययन किया गया है।

मालतीमाधव में साम्प्रदायिक सद्भावना

कृष्णचन्द्र झा, इस्पातनगर

विद्वद्विभूति रसानुभूति महाकवि नाटककार भवभूति अपनी नाट्यकला के लिये विश्रुत हैं। कालिदास के बाद भवभूति का ही स्थान गौरवपूर्ण है। इनके रूपकों को आधार मानकर निरन्तर नानाविध शोधकार्य चल रहे हैं। किन्तु आज की सामयिक समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में साम्प्रदायिक संकीर्णता, कटुता, दुर्भावना, असहिष्णुता आदि अवांछनीय तत्वों के सहज दर्शन एवं अनुभव होते रहते हैं। इन सभी दुष्प्रभावी तत्वों के विरुद्ध विवेकशील समुदाय, सरकार एवं संस्थाएँ अनेक कार्यक्रम चला रही हैं और सम्प्रदायों में परस्पर सौमनस्य स्थापित करने के लिए अनेक ऐतिहासिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक आदि स्रोतों का सहारा लेती हैं।.........

ध्वनि (दैवी-वेदवाक्) विज्ञान

डा० नरहरि भट्टाचार्य, आसाम

ध्वनि पंचभूतों, देवों और आकाशी ऋषियों में सृष्टि रचना काल की विचित्र गतियों से उत्पन्न एकात्मिकता अविच्छिन्न रूप वाली अव्याकृत अर्थात् स्वर, व्यंजन, प्रकृति-प्रत्यय, पद, वाक्यरहित वाक् है। वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य वेदानां माता मृतस्य नाभिः। तै.ब्रा. २/८/८/५ ऋत की प्रथम उत्पत्ति वाक् है जो अविनाशी है। वेदों की माता और अमृत का केन्द्र है। ऋत सृष्टि निर्माण समय में प्रभु के अभीष्ट तेज से उत्पन्न सत्याश्रित गति का नाम है। जब गति प्रारम्भ होती है तब वायु टकराव से ध्वनि होती है, जो ऋतात्मक अविनाशी वाक् कही जाती है, यह स्थूल सृष्टि की ध्वनियों से विभिन्न स्थूल वैविध्य से पृथक् सूक्ष्म अवस्था है।

वैदिक उषा का स्वरूप आचार्य यास्क की दृष्टि में

डा० ज्ञानप्रकाश शास्त्री, मेरठ

आचार्य यास्क की मंत्र व्याख्या शैली मूलतः आधिदैविक है। वे स्थानत्रय के आधार पर देवत्रय की कल्पना करते हैं। उनके अनुसार अग्नि पृथिवीस्थानी, वायु अथवा इन्द्र अन्तरिक्षस्थानी तथा सूर्य द्युस्थानी देवता हैं। निघण्टुकार ने 'उषस्' का समाम्नान अन्तरिक्षस्थानी तथा द्युस्थानी देवता नामपदों में किया है। आचार्य यास्क मध्यस्थानी 'उषस्' का निर्वचन विवासनार्थक उच्छ् से तथा द्युस्थानी उषस् का उच्छ् तथा वश् धातु से करते हैं। उणादिकोष तथा अन्य सभी कोषकार उषस् को उष् से व्युत्पन्न मानते हैं। डा० सिद्धेश्वर वर्मा के अनुसार वश् से 'उषस्' की व्युत्पत्ति भ्रान्तिपूर्ण है। वे उच्छ को उषस् का मूल मानते हैं। ऋग्वेद में अनेकशः उषस् के साथ उच्छ् धातु के क्रियापद का प्रयोग देखने को मिलता है।

हरिद्वार जनपद में सविनय अवज्ञा आन्दोलन (१९३०-३४)

डा० के० के० शर्मा, सहारनपुर

महात्मा गाँधी के 'नमक कानून' तोड़कर 'सविनय अवज्ञा' आन्दोलन प्रारम्भ करने के प्रायः साथ-साथ हरिद्वार जनपद में भी आन्दोलन का शुभारम्भ हो गया। साबरमती आश्रम से १२ मार्च १९३० को प्रारम्भ किए गए 'डाँडी मार्च' के मध्य में ही हरिद्वार के देव शर्मा (आचार्य अभयदेव) ने गाँधी जी से भेंट की और गुरुकुल के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। १९३० के गुरुकुल उत्सव पर ही सत्याग्रही जत्थे का श्रीगणेश हुआ। सवश्री देव शर्मा, इन्द्र विद्यावाचस्पति, भीमसेन, जयदेव, दीनदयालु, रामेश्वर, गुरुदत्त, पूर्णचन्द्र, वासुदेव, विश्वनाथ, सत्यदेव और धर्मवीर नामक स्नातकों ने "यदर्थं क्षत्रिया सूते तस्य कालोऽयमागतः' के सन्देश के साथ हस्ताक्षर करके एक पत्र सभी को प्रेषित किया।

वैदिक यज्ञों के ऋत्विजों के लक्षण

डा० सुमनलता श्रीवास्तव, बरेली

वैदिक यज्ञों के अनुष्ठान सम्पादित यज्ञों की ऋत्विजों की योग्यता के सन्दर्भ में ग्रन्थों के अन्तर्गत अनेकशः निर्देश प्राप्त होते हैं। ऋत्विज् बनने का अधिकारी एकमात्र ब्राह्मण वर्ण में उत्पन्न वह व्यक्ति जो यज्ञों का सम्यक् ज्ञाता तथा वेद-वेदांग का विद्वान है। इस अनिवार्यता के अतिरिक्त यज्ञाचार्यों ने ऋत्विज् पद पर वरण किये जाने वाले व्यक्ति के कतिपय लक्षणों का उल्लेख किया है। सम्पूर्ण मत-मतान्तरों का सम्यक् आलोकन कर ऋत्विजों हेतु अपरिहार्य लक्षणों का विवेचन करना आवश्यक रहा है। इसी आवश्यकता पूर्ति हेतु ऋत्विजों में निहित लक्षणों का एक विवेचन प्रस्तुत शोध-पत्र में किया गया है। इसमें ऋत्विजों हेतु विहित अनिवार्य लक्षणों, यथा—आर्षेय, अनूयान साधुचरण, वाग्मी, अन्यूनांग, अनतिरिक्तां, द्वयसम, अनतिकृष्णा एवं अनतिश्वेत का उपशीर्षकों के माध्यम से विवेचन किया गया है।

आर्यासप्तशती में वर्णित लोकवृत्त

डा० चित्तरंजन मिश्र, मुजफ्फरपुर

हमारे कवियों की दृष्टि राजमहल से कुटिया पर्यन्त व्याप्त है। लक्ष्मणसेन के सभा-कवि गोवर्द्धन की 'आर्यासप्तशती' में अनेक आकर्षक और सहजग्राह्य स्थल हैं जिनसे लोक व्यवहार और जनसामान्य के जीवन की अभिव्यक्ति होती है। यथा —प्यासे पथिकों को जल से तृप्त करती हुई ग्रामीण युवती का चित्र, धान्यमर्दन का दृश्य, खेत की रखवाली में सलग्न स्त्रियों की तत्परता, खेत में फसल की रखवाली के निमित्त फटे-पुराने वस्त्रों से आच्छादित धनुषधारी तृणनिर्मित पुरुषाकृति आदि कवि की विलक्षण लोकदृष्टि का परिचय देते हैं।

अद्यावधि अज्ञात दार्शनिक रचना—दरसन छत्तीसी

डा० (श्रीमती) विद्यावती जैन, आरा

आचार्य कुन्दकुन्द जैन-संस्कृति के आद्य आचार्य के रूप में माने गए हैं। उन्हें महावीर-वाणी का महान् संरक्षक, भाष्यकार एवं समकालीन सामाजिक मानसिकता के अनुसार तत्कालीन भाषा-शैली में जिन शासन के एक समर्थ लेखक के रूप में एक सम्मानित स्थान मिला है। जैन-दर्शन का शायद ही ऐसा कोई पक्ष हो, जिस पर उन्होंने विशद् प्रकाश न डाला हो। यही कारण है कि परवर्ती आचार्यों एवं लेखकों के लिए वे प्रकाश-स्तम्भ के समान बने रहे। दीर्घकाल तक आचार्य कुन्दकुन्द के विषय में लोगों को बहुत कम जानकारी थी।

प्रत्यय : स्वरूप एवं भेद

सुशील झा, बिहार

पाणिनी व्याकरण में प्रत्यय के लिए पाणिनी ने 'प्रत्ययः'; 'परश्च' लिखकर प्रत्यय को पर में होने की बात कही है। किन्तु 'बहुछ' प्रत्यय पर में नहीं होकर पूर्व में होता है। जगदीश तर्कालंकार ने शब्द-शक्ति-प्रकाशिका में प्रत्यय के स्वरूप पर विचार करते हुए इसका समाधान किया है तथा अपनी ओर से नई परिभाषा दी है। इसके माध्यम से जगदीश के मत की समीक्षा की गई है।

कंबरामायण की प्रासंगिकता

डा० पी. के. बालसुब्रह्मण्यन, मद्रास

कंबरामायण का रचनाकाल—सामाजिक वातावरण—तमिल संस्कृति की छाप—आदर्श जीवन की आवश्यकता – राम का मानवरूप में चित्रण – सफल लोकनायक—सीता का चित्रण—तमिल संस्कृति के अनुरूप गुह, शबरी, विभीषण के प्रति व्यवहार और आदर्श—बालिवध में नवीनता—रावण-वध में कंबन की मौलिकता – आदर्श व अनुकरणीय आदर्श—वर्तमान प्रसंग के अनुकूल—तुलसी के रामचरितमानस से तुलना।

रत्नत्रय में सम्यग्यदर्शन का महत्त्व

प्रो. नन्दकुमार राय, आरा, बिहार

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—इन चार पुरुषार्थों में यथार्थ सुख का कारण 'मोक्ष' ही सर्वोत्तम पुरुषार्थ है और श्रद्धान्, ज्ञान तथा चरित्र रूप 'रत्नत्रय' उसका स्वरूप है। सम्यक्-दर्शन, सम्यक्-ज्ञान, और सम्यक्-चरित्र - मोक्षप्राप्ति के इन तीन साधनों को 'रत्नत्रय' कहा गया है। आचार्य 'उमास्वाति' विरचित 'तत्त्वार्थ सूत्र' के प्रथम अध्ययन के प्रथम सूत्र में मोक्षप्राप्ति के तीन मार्ग 'सम्यग्यदर्शन ज्ञान चरित्राणि मोक्ष मार्गः' को दर्शाया गया है। ये तीनों मिलकर मोक्ष के साधन हैं।

'रत्नत्रय' में आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्व 'सम्यग्यदर्शन' का है। सम्यग्यदर्शन का अर्थ है तत्त्वार्थ का सच्चा श्रद्धान्। अर्थात् जीव, अजीव, आश्रव, बंध, निर्जरा और मोक्ष इन तत्त्वों का स्वरूप निश्चित ही तथ्य रूप है। इस प्रकार का श्रद्धान् एवं उनका परमार्थ रूप से ग्रहण करना 'सम्यग्यदर्शन' है। सम्यग्य-दर्शन से भ्रष्ट व्यक्ति ही वास्तव मे भ्रष्ट है, क्योंकि उसे तीन काल में भी निर्वाण सम्भव नही है। चरित्रहीन तो कदाचित सिद्ध हो भी सकता है किन्तु दर्शनहीन कभी भी सिद्ध नहो हो सकते। वस्तुतः सम्यग्यदृष्टि जीव दृढ़ श्रद्धान् वाला होता है। सम्यग्यदर्शन वह विवेक-सूर्य है जिसके उदित होने पर मिथ्यात्व आदि अपने आप भाग जाते हैं।

त्र्यम्बकेष्टि अनुष्ठान

लालताप्रसाद द्विवेदी, सुलतानपुर (उ प्र.)

हविर्यज्ञ की प्रकृतियाग (दर्शपूर्णमास) पर आधारित चातुर्मास्य यज्ञ में साकमेध पर्व के अन्तर्गत त्र्यम्बकेष्टि अनिवार्यतः अनुष्ठेय है। जिसके अनुष्ठान की अनिवार्यता को देखते हुए प्रायः सभी याज्ञिक ग्रन्थ इसका अनुष्ठान प्रस्तुत करते है। इस उपेष्टि का सापेक्षिक स्वरूप समग्र श्रौत साहित्य में किस प्रकार निरूपित है, प्रस्तुत शोधपत्र का यही मुख्य विवेच्य तथ्य है। जिसके आधार पर इस यज्ञ की अनुष्ठानिक व्यवस्था का सर्वतोभावेन निरूपण किया गया है। इससे त्र्यम्वकेष्टि से सम्बन्धित सामान्य धारणा का अवबोधन सम्भव होगा।

संस्कृतसाहित्य में प्रकृति-वर्णन

डा० हंसाबहन हिंडोचा, गुजरात

प्रकृति मानव की चिर सहचरी है। सृष्टि के उषःकाल से मानव और प्रकृति का नित्य और अभिन्न सम्बन्ध रहा है। समग्र मानव-जाति के लिए प्रकृति सिर्फ प्रेरक ही नहीं किन्तु मानव के भौतिक और साँस्कृतिक विकास की आधार है।

प्रभावक और प्रेरक प्रकृति मे संस्कृत कविता आरम्भ मे ही अनुप्राणित हुई है। प्रकृति के मनोरम चित्रों से मण्डित हुई है। प्राकृतिक सौदर्य के आराधक और भावुक सस्कृत कवियों ने प्रकृति-विश्व के वृक्षों-तपोवनों, सरिता-सागर, सूर्य-चन्द्र, ऋतुएँ, पर्वतों, पशु-पक्षियों इत्यादि के आँतर-बाह्य सौंदर्य का दर्शन किया, उनके रूप-गुण-समृद्धि का मनोरम वर्णन किया। संस्कृत कवि प्रकृति के पुजारी है, प्रकृति के वैतालिक है।

विद्यापति के पदावली पर गीतगोविन्द का प्रभाव

श्रीमती सुधा झा, दरभगा

संस्कृत काव्य परम्परा में अनेक ऐसी रचनाएँ है जिन्होंने देशकाल निरपेक्ष भाव से भारतीय जनमानस को अत्यधिक प्रभावित किया। अनेक रचनाएँ काल को चुनौती देते हुए अब तक भारतीय संस्कृति एव समाज की अमूल्य निधियो के रूप मे अस्तित्व में है। ऐसी ही रचनाओं में अन्यतम जयदेव का गीतगोविन्द है। भारतीय संस्कृति के अपकर्ष काल के प्रारम्भ में लिखे गये गीत-गोविन्द ने भारतीय जनमानस को जितना प्रभावित किया उतना अन्य रचनाओं ने नही। अनेक कारणों से नीरस एवं निर्जीव हो रहे भारतीय समाज को संजीवनी शक्ति प्रदान करने का काम जयदेव के गीत-गोविन्द ने किया। विशेषतः उत्तरभारत को कृष्णमयी काव्य परम्परा की ओर अग्रसर करने का श्रेय जयदेव के गीत-गोबिन्द को ही है।

योग-दर्शन और मनोचिकित्सा

डा० सुधा जैन, रोहतक

'मन एव मनुष्याणां कारण बन्धमोक्षयोः।" योगदर्शन के अनुसार अनियन्त्रित मन दुःख और अवनति का कारण है तथा नियन्त्रित और संयमित मन परम पुरुषार्थ का साधक है। सुख-दुःख, राग-द्वेष आदि द्वन्द्वों में फंसा मन सदैव विचलित रहता है। योग के अनुसार मनुष्य को इन दोनों अवस्थाओं में उदासीन रहना चाहिये जिससे वह सुख के समय शिखर पर और दुःख के समय रसातल में न पहुँच जाए। सुख-दुःख जन्य प्रतिक्रियाओं को नियन्त्रित करने से मनुष्य का चित्त शान्त, सौम्य और धीर स्वभाव वाला बन सकेगा। यह तभी सम्भव हो जब सुख-दुःख के साधनों के प्रति चित्त में वैराग्य उत्पन्न हो।

इमेज और स्वाभावोक्ति–भाविक में बिम्ब विधान

अजीत ठाकोर, वल्लभ विद्यानगर

पाश्चात्य काव्यशास्त्र में आइडिया एवं इन्टॅपट से तथा भारतीय काव्यशास्त्र में भाव–उर्मि-चित्तवृत्ति का विभावादि की सन्दर्भयोजना से रस में रूपान्तरण की प्रक्रिया की महिमा है। दोनों परम्पराओं में भावों–उर्मियों का विरेयन एवं ब्रह्मानन्दसहोदर आनद जैसे काव्य प्रयोजनों में भी दृष्टि-भेद है। इसके मूल में दोनों परम्पराओं के जीवन, जगत् एवं साहित्य के अभिगम में स्थित मूलगत भेद है। फिर भी दोनों परम्पराओं के बीच से सधिस्थान–मीटिंग पोइन्ट्स भी है। सीम्बल एवं मेटाफर की तरह इमेज भी पोएटिक डीवाइस है। इमेज अर्थात् इन्द्रियबोध के माध्यम से उद्भूत संवेदन का पुनः निर्माण। यह वाणी का दर्शनकेन्द्री अलंकरण है।

वाल्मीकि-रामायण का प्रमुख रस–एक विवादास्पद प्रश्न

अशोककुमार, पटियाला

वाल्मीकि–रामायण भारतीय साहित्य की अमर रचना है। इसमें राम के सम्पूर्ण जीवन की कथा काव्यरूप में निवद्ध है। जहाँ इस काव्य के कर्ता आदिकवि वाल्मीकि के जीवनविषय में अनेक भ्रान्तियाँ हैं वहाँ इसके रचनाकाल एवं मूल स्त्रोत के विषय में भी विद्वान वैमत्य हैं। इस काव्य की कथा को तत्प्रचलित आख्यानों पर आधारित माना जा सकता है। एतदाख्यानमादुष्यं पठन् रामायणं नरः। (१-१-९९)

जहाँ इस काव्य में तत्कालीन संस्कृति परिलक्षित होती है, वहाँ इसमें सभी साहित्यिक पक्षों का भी समावेश है। रामायण का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि कवि ने इसमें प्रायः सभी रसों का प्रयोग किया है।

भासकालीन समाज

जितेन्द्र पाठक, मुजफ्फरपुर

साहित्य समाज का दर्पण है और किसी भी साहित्य की पूर्णता तत्कालीन समाज के यथावत् तथा कल्याणकारी चित्रण में है। महाकवि भास की कृतियाँ भी इसके अपवाद नहीं हैं। संस्कृत साहित्य के प्रथम नाटककार भास ने भी अपनी त्रयोदश नाट्यकृतियों में तत्कालीन समाज का पर्याप्त चित्रण किया है। भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक स्थितियों पर प्रकाश डाला है। इनकी रचनाओं से तत्कालीन भारत की वर्ण-व्यवस्था, आर्थिक विषमता, वैवाहिक दशा तथा राजनैतिक स्थितियों की जानकारी मिलती है। भास ने यह स्पष्ट किया है कि उस समय समाज में निर्धनों का कोई स्थान नही था।

मुद्राराक्षस नाटक की प्रस्तावना पर टिप्पणियाँ

डा० सीताराम दांतरे, इन्दौर

मुद्राराक्षस नाटक की प्रस्तावना में चन्द्रग्रहण के उल्लेख के आधार पर विद्वज्जनों ने विशाखदत्त के समय को निर्धारित करने की चेष्टा की है। इसके अतिरिक्त नाटक के इस महत्वपूर्ण अंश का विवेचन नही हुआ है। इस पत्र मे निम्नांकित विन्दुओं पर नाटक की प्रस्तावना का विवेचन है :—१–ज्योति.शास्त्र म कृतश्रम की घोषणा करने वाले विशाखदत्त ने अनेकत्र ज्योतिष सम्बन्धी त्रुटियाँ की है। २–चन्द्रग्रहण वास्तविक घटना न होकर नाटकीय कल्पना मात्र है जिसे श्लेष के चमत्कार द्वारा इतिवृत्त के पूर्वभास के लिये प्रयुक्त किया गया है। ३–प्रस्तावना से तत्कालीन सामाजिक अवस्था एवं रीतियो का बहुधा परिचय मिलता है। ....

आशौच निर्णय का सार

डा० ठाकुरदत्त जोशी, जोधपुर

जन्मना बिहार प्रान्तीय कर्मणा राजस्थान वास्तव्य समीक्षा चक्रवर्ती, विद्यावाचस्पति श्री मधुसूदन ओझा जी ने अनेक विषयों पर अपनी लेखनी चलाई फलस्वरूप दो सौ से भी अधिक ग्रन्थरत्नों का प्रणयन कर डाला। वेद-वेदाङ्गो के अतिरिक्त धार्मिक रहस्यो के साथ ही भारतीय समाज के संस्कारों का भी विवेचन विस्तारपूर्वक किया। 'आशौच-पञ्जिका' नामक कृति मे उन्होंने जन्माशौच एवं मरणाशौच को प्राचीन स्मृतियों के आलोक में विवेचित किया है। आशौच का कारण जन्म एव मृत्यु है। उन्होने यह अङ्गीकार किया है कि आशौच का सम्बन्ध साक्षात् माता और पुत्र में रहता है किन्तु परम्परया यह माता तथा पुत्र के सबंधियों में भी संक्रान्त हो जाता है।

पं० रामनाथ शर्मा : व्यक्तित्व एवं कृतित्व

डा० शिवचरण शुक्ल, रायबरेली

उत्तर प्रदेश का जनपद रायबरेली प्रारम्भ मे ही सस्कृत मनीषियों, मुनियो तथा महर्षियो की तप:भूमि रही है। महर्षि गर्ग, महर्षि डालभ महर्षि गोकर्ण, महर्षि नेमिधर प्रभृति तपस्वियो ने अपनी तपस्या से इसे परिपूर्ण किया है।

पं० रामनाथ शर्मा, प० रघुनन्दन शर्मा, आचार्य रुद्रप्रसाद अवस्थी, पं० शीतला प्रसाद शर्मा, आचार्य प० भगवनप्रसाद काव्यतीर्थ आदि सस्कृत विद्वानो ने अपनी कृतियों से इस जनपद की कीर्ति को दैदीप्यमान करते हुए सस्कृत साहित्य की श्री-वृद्धि की है। आचार्य प० रामनाथ शर्मा (स० १९५६-२०२८) राधा सम्प्रदाय के विख्यात भक्त और शिरोमणि सस्कृत कवि थे।

चार्वाक दर्शन में तत्त्व-मीमांसा

भारतीय दर्शन के मुख्यत दो विभाग है—आस्तिक एव नास्तिक। नास्तिक दर्शनो मे चार्वाक दर्शन प्रमुख है। इस दर्शन का वर्णन सर्वदर्शनसग्रह, सर्वसिद्धान्तसग्रह, स्याद्वादमजरी, षड्दर्शनसमुच्यय आदि ग्रन्था म मिलता ह। इस दशन के प्रमुख सिद्धात जडतत्त्ववाद, देहात्मवाद, परलोकनिमन, वेदो का खण्डन, अनीश्वरवाद, धम तथा मोक्ष का खण्डन आदि हे। इस मत के प्रणेता बृहस्पति ऋषि कहे जाते है। इस दर्शन को बार्हस्पत्य, लोकायत, नास्तिक आदि नामो से भी पुकारा जाता है।

चार्वाको के अनुसार पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु इन चार जड तत्त्वो से जगत् की रचना हुई है।

आ. विश्वनाथ द्वारा कालिदास साहित्य में दोषदर्शन

डा० अभिमन्यु, पटियाला

आचार्य विश्वनाथ ने 'वाक्य रसात्मक काव्यम्' के रूप मे काव्य की परिभाषा दी है। उनकी मान्यता है कि रस काव्य का जीवनाधायक तत्त्व है, उससे विरहित पदो को काव्य के रूप मे अङ्गीकार नही किया जा सकता है। इसका उत्कर्षापकर्ष गुणदोषो पर निर्भर करता है। गुणो से रस उत्कर्ष को प्राप्त हो जाता है और दोषो के कारण उसका अपकर्ष होता है। उन्होने दोषो का सामान्य लक्षण देते हुए कहा है 'रसापकर्षका दोषा:'—अर्थात् जिन काव्यधर्म्मविशेषो से रस का अपकर्ष होता है वे दोष कहलाते है। उनके अनुसार दोष पाँच प्रकार के है—पद, पदाँश, वाक्य, अर्थ और रसदोष। उन्होने साहित्यदर्पण के सप्तम् परिच्छेद मे दोष विवेचन करते समय कालिदास साहित्य से लगभग २० पद्य उद्धृत किये है।

अभिज्ञानशाकुन्तल में नायकगत सात्त्विक गुण

डा० उर्मिला श्रीवास्तव, इलाहाबाद

संस्कृत काव्य-शास्त्र के आचार्यों ने सात्त्विक अभिनय के प्रसङ्ग में नायक में उपलब्ध होने वाले कतिपय ऐसे गुणों का विवेचन किया है जो नायक में साधारण रूप से प्राप्य मधुरता, दया, दान, विनय आदि गुणों से पर्याप्त भिन्न हैं और जिन्हें सात्त्विक गुण की संज्ञा दी गई है।

आचार्य भरत के अनुसार चित्त की समाधि दशा में सत्त्व की निष्पत्ति होती है और इस अवस्था में जो भी गुण-धर्म नायक में परिलक्षित होते हैं उन्हें सात्त्विक गुण कहा जाता है। ये सात्त्विक गुण संख्या में आठ है—शोभा, विलास, माधुर्य, स्थैर्य, गाम्भीर्य, ललित, औदार्य और तेज।

उत्तररामचरितम् में शैक्षिक तत्त्व

कस्तुरी माइश्रा, मुंगेर

भवभूति विरचित 'उत्तररामचरितम्' संस्कृत रूपकों में अनेक दृष्टि से उत्कृष्ट रचना है। नाट्यशास्त्रीय तत्त्व-वस्तु, नेता एवं रस मे तो यह नाटक अनुपम है ही, साथ ही जीवन-जगत् से भी यह बहुत निकट है। कवि की कमनीय कल्पना में मानवोपयोगी विविध तत्त्वों का समन्वय मणि-काँचन संयोग प्रस्तुत करता है। शिक्षा सम्बन्धी कतिपय विषय 'उत्तररामचरितम्' के बड़े महत्त्वपूर्ण है। वाल्मीकि आश्रम में शिक्षण पद्धति का आदर्श स्वरूप वर्णन कर कवि ने अधुनातन समाज के लिए भी इसे उपयोगी बना दिया है। औपचारिक और अनौपचारिक दोनों शैक्षणिक तत्त्व इसमें विद्यमान हैं। इस शोध लेख के माध्यम से ये ही तत्त्व प्रकाश में लाये गये हैं।

ऋक्संहिता में पत्नी के वाचकशब्द

डा० शशि तिवारी, नई दिल्ली

ऋक्संहिता में नारीवाचक शब्दों की संख्या पर्याप्त बड़ी है। शशीयमी, रहसू, अप्सरा, वध्रिमती, प्रफर्वी, साधारणी—जैसे कुछ शब्द यदि विशेष नारी के बोधक हैं, तो नारी, स्त्री, योषा, योषणा इत्यादि शब्द सामान्य नारी के लिए बहुप्रयुक्त हैं। स्त्रीसामान्य के लिए प्रयुक्त शब्दों से पत्नीवाचक शब्दों को पृथक् करना कदाचित् कठिन है, तथापि उनको प्रयोग और अर्थगत विश्लेषण के आधार पर दो भागों में रखा जा सकता है—(१) स्पष्टतः पत्नीवाची शब्द—वधू, जाया, पत्नी, सुपत्नी, ग्ना, जानि। (२) प्रसङ्गतः पत्नीवाची शब्द—जनि, जनी, स्त्री, योषा, योषणा, नारी, वेना, मेना।

संस्कृतलोककथा साहित्य में लोक एवं उच्चवर्ग की दिनचर्या

गोपाल शर्मा, उदयपुर

संस्कृत लोककथा साहित्य के समाज में पारम्परिक जीवन जीने वाले "लोक" की दिनचर्या उच्चवर्ग की दिनचर्या का साधन थी। "लोक" के अधिकांश भाग की दिनचर्या उच्चवर्ग के जीवन को सुकुमारता, विलासिता एवं उसके सुख-ऐश्वर्य की अभिवृद्धि के साधन समुपलब्ध कराना थी एवं "लोक" का किंचित भाग अपनी जीविका के लिए श्रम का कोई व्यवसाय कर रहा था। "लोक" की दिनचर्या तो क्या उसके जीवन पर भी उसका स्वयं का सम्पूर्ण प्रभुत्व नहीं था। वह तो सामंतवादी, ऐश्वर्यसम्पन्न मशीन का ऐसा पुर्जा था जिसकी दिनचर्या मशीन की दिनचर्या पर निभर करती थी। यद्यपि उस मशीन की गति में "लोक" महत्वपूर्ण अंग था परन्तु जानबूझकर उसके महत्व को कदापि स्वीकार नही किया गया।

आर्यशूरकृत जातकमाला की आचारदृष्टि

डा० सूर्यप्रकाश व्यास, वाराणसी

आर्यशूरकृत जातकमाला अथवा बोधिसत्त्वावदानमाला (ई० ३५०–४००) में बोधिसत्त्व के विविध जन्मों की ३४ कथाओं के माध्यम से नीति और सदाचार के उपदेश प्रस्तुत किये गये हैं। इन कथाओं और उपदेशों मे व्यक्त आचारदृष्टि का स्वरूप क्या है, बौद्ध दर्शन के मत-मतान्तरों से उसका कैसा सम्बन्ध है तथा स्वतन्त्ररूप से विचार करने पर इस आचारदृष्टि की क्या प्रासंगिकता है · इन्हीं बिन्दुओं का विवेचन इस शोधलेख का प्रतिपाद्य है।

भगवदज्जुकम् प्रहसन में चित्राभिनय

डा० हर्ष मेहता

आचार्य भरत ने चित्राभिनय का स्वतन्त्र रूप से स्वरूप बताते हुए कहा है कि :–

> अङ्गाभिनयनस्येह यो विशेषः क्वचित् क्वचित्।
> अनुक्त उच्यते चित्रः स चित्राभिनयः स्मृतः॥ ना०शा०—२६–I

चित्राभिनय का आधार यद्यपि आङ्गिक अभिनय ही है फिर भी इसका अपना पृथक स्वरूप इस अर्थ में है कि वे सब पदार्थ, समय-निर्देश आदि की अभिव्यक्ति जो मात्र आङ्गिक से सम्भव नहीं, उसके अतिशयाभिव्यंजना सामर्थ्य से युक्त जिस सिद्धान्त का आङ्गिक के आधार पर विकास, जिससे चित्रात्मकता से पूर्ण दृश्यों को उपस्थित किया जा सके तथा नटों की लौकिक सीमाएँ व प्रयोग मे अपूर्णता का कारण न बन सके, इन सबके लिए जिस युक्ति का आविष्कार किया वही चित्राभिनय है।

मेघदूत में नायिकालंकार

डा० आनन्दकुमार श्रीवास्तव, इलाहाबाद

संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने स्त्रियों में युवावस्था में उत्पन्न होने वाले अनेक धर्मों का उल्लेख किया है जिन्हें प्रायः नायिकालङ्कार अथवा योषिदलङ्कार कहा गया है। कुछ आचार्य इन यौवनस्थ धर्मों को शृङ्गारचेष्टा अथवा सम्भोग-भूमिका भी कहते हैं। इन देहधर्म अथवा अलङ्कारों को आचार्य प्रायः तीन श्रेणियों में रखते हैं—अङ्गज, अयत्नज और स्वभावज । ये सात्त्विक अलङ्कार कहलाते हैं, हालाँकि, स्वभावज अलङ्कारों को छत्रिन्यायेन ही सात्त्विक कहा जा सकता है। इनमें से कुछ धर्म ऐसे हैं जो पुरुषों में भी दृष्टिगत होते हैं। वैसे तो नायिकाओं में असंख्य अलङ्कार पाये जाते हैं फिर भी आचार्यों ने इनकी परिगणना का प्रयास किया है।

अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में नारी-चरित्र : एक समीक्षा

अमरनाथ मिश्र, मुंगेर

संस्कृत वाङ्मय में नारी-चरित्र बड़ा ही महत्त्व रखता है। वैदिक काल से लेकर आज तक संस्कृत के मनीषियों ने इसके महत्त्व को उजागर किया है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' कहकर नारी को गौरव प्रदान किया गया है। महाकवि कालिदास ने भी अपने काव्यों में नारी को विविध रूपों में प्रस्तुत किया है। अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में नारी-चरित्र का एक विशेष महत्त्व इसलिये है कि यहाँ महाकवि ने केवल इसके आदर्श उत्कृष्ट स्वरूप को ही प्रस्तुत नहीं किया, अपितु जीवन-जगत् की यथार्थता के बीच निष्पक्ष सामाजिक दृष्टि से नारी-चरित्र को अंकित किया है तथा इसके सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किए हैं।

भगवान् विष्णु

डा० रमेशचन्द्र गुप्त, वाराणसी

सबसे पहले विष्णु शब्द की व्याख्या करेंगे। विष्णु शब्द की व्युत्पत्ति विश्-प्रवेश करना अथवा अश्-व्याप्त करना धातु से की गई है—'विष्णुर्विशतर्वा व्यश्नोतर्वा'। विष्णु पुराण में भी 'विश्' धातु का अर्थ प्रवेश करना है, सम्पूर्ण विश्व उस परमात्मा में व्याप्त है। ऋग्वेद में विष्णु को सौर देवता कहा गया है और वे सूर्य के रूप हैं। आचार्य यास्क के अनुसार रश्मियों द्वारा समग्र संसार को व्याप्त करने के कारण सूर्य ही विष्णु नाम से अभिहित हुए हैं। ऋग्वेद में 'स्यन्दन्तांकुल्पाःविषिताः पुरस्तात्' कहकर विष्णु की इन्द्र से तुलना की गई है। कठोपनिषद् में विष्णु को व्यापक या व्यापनशील कहा गया है।

पौराणिक रूपकों में नायक

डा० अरविन्द मोहन

नाट्य का मानवजीवन से अविच्छिन्न सम्बन्ध है। मनुष्य के प्रगतिपथ पर जिस प्रकार उत्थान तथा पतन की क्रिया चलती रहती है उसी प्रकार साहित्य के अन्य क्षेत्रों की भाँति रूपक वाङ्मय में भी यह क्रम चलता रहता है। संस्कृत में उपलब्ध विपुल नाटक साहित्य इस बात का प्रमाण है कि प्राचीनकाल से ही नाटकों की एक परम्परा बनी हुई थी। उक्त परम्परा में भवभूति तक का नाट्य साहित्य विकास एवं समृद्ध अवस्था का सूचक है। इसी कारण भवभूति तक के नाट्य साहित्य को स्वर्णयुग के नाम से अभिहित किया गया है क्योंकि भवभूति तक कवियों ने अपनी कृतियों में भावात्मकता तथा कलात्मकता का सन्तुलित रूप प्रस्तुत किया।

कालिदास के शाप–प्रयोग

गोविन्द गन्धे, इन्दौर

महाकवि कालिदास ने अपनी रचनाओं की कथावस्तु प्रायः पुराणग्रन्थों से ली है, किन्तु लोक की यथार्थता से वे दूर नहीं हुए हैं। जहाँ उन्होंने अलौकिक तत्त्वों का प्रयोग किया है वहाँ कुछ विशेष उद्देश्य रहा है। शाप का प्रयोग भी उनमें से एक है जिसका प्रयोग रघुवंश, मेघदूत, विक्रमोर्कशीय तथा अभिज्ञान शाकुन्तलम में हुआ है।

इन प्रयोगों में से केवल अभिज्ञान शाकुन्तलम में समक्ष में शाप आया है। वह विष्कम्भक रूप सूच्यांश में होते हुए भी केवल सूच्य नहीं कहा जा सकता क्योंकि वर्तमान-कालीन है। अन्यत्र शाप की घटना पूर्व में घट चुकी होती है, उस संदर्भ मे केवल उल्लेख आया है।

संस्कृतसाहित्य में लहरी काव्य विधा

कु० अर्चना जोशी, इन्दौर

संस्कृत साहित्य में लहरी काव्य को पृथक् विधा के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। अथवा लहरी काव्य को स्तोत्र का एक रूप माना गया है। किन्तु लहरी काव्य की सुदीर्घ परम्परा एवं बृहत् साहित्य इसे एक पृथक् व स्वतन्त्र काव्यविधा के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रेरित करता है। आवश्यकता उन तत्त्वों के चिन्तन की है जो इस काव्यविधा को स्तोत्रकाव्य अथवा अन्य किसी काव्यविधा से भिन्न स्वरूप में स्थापित करते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में लक्ष्य रचनाओं का अनुशीलन करते हुए लहरी काव्य के उन सामान्य एवं विशिष्ट तत्त्वों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। लहरी काव्य एक भावधारा से अनुस्यूत होते हैं।

तन्त्रशास्त्र में बगला शक्ति

कमला राय, ग्वालियर

'तन्यते विस्तार्यते ज्ञानम् अनेनेति तन्त्रम्''

जिससे ज्ञान का विस्तार हो वह तन्त्र है। व्यापकतानुसार न्यायतन्त्र, सांख्य-तन्त्र, चिकित्सातन्त्र हैं। भिन्न अर्थ में तन्त्र शब्द को उस शास्त्र से अभिप्रेत मानते हैं जिसमें पुरुष शक्ति व स्त्री शक्ति की एकता के द्वारा सिद्धि व मुक्ति प्राप्त करने की विधि वर्णित है। इसके लिये योग उपासना चक्र मन्त्रादि का वर्णन किया गया। तन्त्रों में देवता के रूप, गुण, कर्म आदि का वर्णन होता है। देवताविषयक मन्त्र उपासना के पाँच अंग पटल पद्धति, कवच, सहस्रनाम और स्तोज की व्यवस्था मिलती है। इन विभिन्न साधनाओं का जिनमें वर्णन है वे शास्त्र आगम या तन्त्रशास्त्र कहलाते हैं।

भीष्म की उपदेश विधि

शान्तिपर्व महाभारत के प्राचीनतम अंशों में स्वीकार किया गया है। समस्त पर्व विशेषरूप से मोक्षधर्मपर्व भीष्म के उपदेशों के लिए प्रसिद्ध है। मोक्षधर्मपर्व पर सर्वाधिक प्रभाव भगवद्गीता का है। कहीं-कहीं श्लोकों का प्रत्यक्षत: आदान भी कर लिया गया है। इसीलिए यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि दोनो में क्या समानता अथवा किस स्तर तक वैभिन्न्य है। स्पष्टत: व्यास का उद्देश्य जीवन के दो विभिन्न स्थलों पर मोक्ष की उपादेयता को सिद्ध करना है। उल्लेखनीय है जहाँ भगवद्गीता का उपदेश युद्ध से पूर्व का है वहीं मोक्षधर्मपर्व का उपदेश युद्ध के पश्चात् दिया गया है। भीष्म के संवाद-शैली वाले उपदेशों में मोक्ष अपने सामाजिक परिवेश के साथ जीवन्त हो उठा है।

शक्ति और अचित् तत्त्व

डा० सुनीता गुप्ता, दिल्ली

त्रिक्दर्शन के आधार पर जगत् वाचक और वाच्य दो भेदों में विभक्त है। त्रिक् शैवशास्त्रों के मतानुसार यह जगत् परमसत्ता का संकुचित रूप है। विश्वाकृत होने पर वह परमसत्ता ही अपने को चेतन और अचेतन दो रूपों में विभाजित करती है। जो चेतन रूप है, उसे वेदक और जो अचेतन है उसे वेद्य बतलाया गया है, अर्थात् यह जड़वर्ग चेतनरूप वेदक का वेद्यस्वरूप है।

यहाँ हमारा विवेच्य विषय प्रपञ्चकारिणी शक्ति और अचित् तत्त्व है। वस्तुत: यह अचित् तत्त्व क्या है? इसकी उत्पत्ति कैसे होती है? इसके कार्य क्या है? इसका चेतन शक्ति से क्या सम्बन्ध है? ये सब काश्मीर शैवदर्शन की दृष्टि से विवेच्य विषय है।

कालिदासीय साहित्य में प्रकृति का मानवीकरण

सान्त्वना, मुजफ्फरपुर

प्रकृति का मानव-समाज के साथ बहुत निकट का सम्बन्ध है और साहित्य समाज का दर्पण होता है। ऐसी स्थिति में कोई भी साहित्य अपनी पूर्णता के लिए प्रकृति से सर्वथा पृथक् नहीं हो सकता। महाकवि कालिदास की साहित्यिक रचनाएँ भी इसका अपवाद नहीं हैं। इनके प्रत्येक ग्रन्थ में प्रकृति का मानवीकरण पाया जाता है। अन्तर्जगत् के सौंदर्य को बहिर्जगत् में देखते हुए कालिदास ने प्रकृति के साथ पूर्ण तादात्म्य स्थापित किया है। परिणामतः इनका प्रकृति-वर्णन उन्नत कोटि का है। इनकी प्रकृति केवल जड़ प्रकृति नहीं प्रत्युत उसका प्रत्येक अंश पूर्णतः चेतन है और उसमें मानव की ही भाँति सुख-दुःख, आशा-निराशा, हर्ष-शोक, ध्यान और चिन्ता की अनुभूति होती है।

'संक्षिप्यतां यवनिका' : एक विवेचन

डा० श्रीमती माया मालवीय, इलाहाबाद

प्राचीन भारत में संस्कृत नाटकों के मंचन में पर्दे के प्रयोग की परम्परा बड़ी पुरानी है। कपड़े के 'पर्दे' के अर्थ में यवनिका, जवनिका, जवनी, प्रतिसीरा, पटी, तिरस्करिणी आदि शब्द व्यवहृत हुए हैं। रंगपीठ और रंगशीर्ष के मध्य यवनिका रहती थी और सूत्रधार उसी के पीछे स्थित रहकर आश्रवणा विधि का सम्पादन करता था। यवनिका का दूसरा प्रयोजन अभिनेताओं को मंच पर प्रवेश कराना था। पात्रों के आगे-आगे दो पात्र यवनिका या पटी से उनको ढँकते हुए मंच पर आते थे और ध्रुवा के आरम्भ होने पर पर्दा खींच लेते थे।

उत्तररामचरितनाटक में सीता चरित

यशोदानन्द झा, माणिकपुर

उत्तररामचरितनाटक में सीता का चरित्र-चित्रण लोकोत्तर रूप में महाकवि भवभूति ने किया है। सीता एवं राम के परस्पर जिस प्रकार दाम्पत्य प्रेम का चित्रण उत्तररामचरित में किया गया है, वह सम्भवतः न कालिदास के रघुवंश में और न अन्य कवि के नाटकों में ही उपलब्ध होता है। यहाँ तो करुण रस की धारा ही प्रवाहित हो गई है। इसलिए कवि ने स्वीकार किया है—

"एको रसः करुण एव।"

इस करुण रस के तीव्र प्रवाह से पत्थर भी रो पड़ता है और कठोर व्यक्ति का भी हृदय विचलित हो जाता है।

महात्मा गाँधी पर आधारित संस्कृतसाहित्य में राष्ट्रिय भावना

डा० कुमुद टण्डन, नैनीताल

भारतीय समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसारित करने के लिए राष्ट्रीय भावना किंवा देशानुराग की भावना से अनुप्राणित करना नितान्त जरूरी है और यह भावना भारतीयों में तभी जागरित हो सकती है जबकि उन्हें संस्कृतभाषा का अधिकाधिक ज्ञान सुलभ हो सके। हमारे लिए यह बड़े सौभाग्य एवं प्रसन्नता का विषय है कि यद्यपि संस्कृत वाङ्मय में वेदकाल से ही राष्ट्रीयभावनापरक साहित्य की सर्जना होती रही है लेकिन अर्वाचीन साहित्यकार जन-जन में इस भावना का संचार करने के लिए कटिबद्ध रहे हैं। राष्ट्रीय भावनापरक साहित्य का अध्ययन-मनन भारतीय समाज के लिए निश्चय ही उपादेय है।

कुमारसम्भवम् (५वाँ सर्ग) में शिव-पार्वती के पर्य्यायों तथा विशेषणों की सार्थकता

श्रीमती प्रेमलता 'माया'

संस्कृत साहित्य के सिरमौर महाकवि कालिदास ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थों में नामों की सार्थकता पर बल दिया है। इसमें उनकी कुशल लेखिनी का अद्‌भुत चमत्कार सिद्ध होता है। उनके शब्द कितने सार्थक तथा सटीक उतरते हैं—यह विवेचनीय है।

शब्द और अर्थ का साहित्यरूप काव्य है। जिसके उच्चारण से अर्थ की प्रतीति होती है वह शब्द, तथा जो शब्द से ध्वनित हो उसे हम अर्थ कहेंगे। अर्थ भी देश, काल, पात्र, प्रसंग, प्रकृति से भिन्न-भिन्न हो जाते हैं।

'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' का प्रोक्तिपरक अध्ययन

डा० उषा सिंहल, कुरुक्षेत्र

भाषा की महत्तम इकाई वाक्य न होकर प्रोक्ति है। यह भाषा की वाक्योपरि स्तर की इकाई है। प्रोक्ति से अभिप्राय तात्पर्ययुक्त संसक्त वाक्यों की एक ऐसी व्यवस्थित कड़ी है जिसमें बंधकर सम्प्रेष्य अपना सावयव रूप ग्रहण करता है। प्रोक्ति रूप के आधार पर परिभाषित न होकर अपितु अपनी प्रकृति और प्रकार्य के आधार पर परिभाषित होती है। परिणामतः यदि कोई वाक्य स्वतः पूर्ण है तो वह भी प्रोक्ति की संज्ञा पा सकता है। यही कारण है कि अर्थ की पूर्णता के कारण वाक्य, अनुच्छेद अथवा सम्पूर्ण कृति सभी प्रोक्ति की संज्ञा से अभिहित किए जाते हैं। प्रोक्तिपरक विश्लेषण में संसक्ति की महती भूमिका है।

ज्ञातृधर्मकथा में वर्णित राजगृह नगरी : समीक्षात्मक अध्ययन

डा० हरेन्द्रप्रसाद सिंह, पटना

राजगृह नगरी में भगवान् महावीर ने अनेक चातुर्मास किये तथा दो सौ से भी अधिक बार वे समवसरण में लगे। राजगृह नगरी को प्रत्यक्ष देवलोकभूत व अलकापुरी भी कहा गया है। भगवान् बुद्ध भी अनेक बार राजगृह नगरी में आये थे। वे इस राजगृह नगरी को धर्मप्रचार का केन्द्र बनाना चाहते थे। यहाँ बौद्ध-संगीति हुई थी। जब बिम्बसार बुद्ध का अनुयायी था तब बुद्ध ने राजगृह से वैशाली जाने की इच्छा व्यक्त की। तब राजा ने बुद्ध के लिए सड़क बनवाई और राजगृह से गंगा तक की भूमि को समतल करवाया। राजगृह का प्राचीन नाम गिरिव्रज, वसुमति, बार्हद्रथपुरी, मगधपुर, वराह, वृषभ, ऋषिगिरि, चैत्यक, बिम्बिसारपुरी और कुशाग्रपुर थे।

बुद्धवचनों की व्यापकता—सामाजिक सन्दर्भ में

डा० सत्यदेव कौशिक, अलीगढ़

भगवान बुद्ध ने बुद्धत्व प्राप्ति के अनन्तर बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के लिए भिक्षुओं को उपदेश दिया। बुद्ध के उपदेशों में शील का अत्यधिक महत्त्व है जिसका परिपालन करते हुए मानव अपने जीवन को उच्च स्तर पर पहुँचा सकता है। इस लेख में बुद्धवचनों की व्यापकता एवं उदात्तता को लक्ष्य कर सामाजिक दृष्टि से विचार किया गया है। आज समाज में चतुर्दिक् साम्प्रदायिकता, हिंसा, जातिवाद, धार्मिक असहिष्णुता और असमानता आदि का राज्य है। इन सबका कारण स्वार्थपरता ही है। इस लेख में इन्हीं तत्त्वों को आधार बनाकर बुद्ध के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया गया है जो समाज को अखण्ड राष्ट्र बनाने में सहायक हो सकता है।

अभिनवगुप्त का रससिद्धान्त

कु० पुष्पा पाण्डेय, लखनऊ

रस की चरमानुभूति का स्वरूप क्या है ? इसके सम्बन्ध में अभिनवगुप्त का कथन है कि रस आनन्द के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। तैत्तिरीय उपनिषद् का यह वाक्य 'रसो वै सः' अभिनवगुप्त के मतानुकूल है। उनका यह कथन नितान्त सत्य है कि रसानुभव में आत्मा अपने को आनन्द, विमर्श अथवा स्फुरता के रूप में प्रकट करती है। साधारणीभूत स्थायीभाव का कोई प्रभाव तक इसमें अवशेष नहीं रह जाता है। यही स्थायीभाव विभावादि के पारस्परिक संयोगमय विषयरूपी रस भी इस अनुभव के समग्र उपचेतन में लीन हो जाता है।

गीता के योगत्रय में समाजवादी भावना

किरण कुमारी, दरभंगा

विद्वानों का मन्तव्य है कि ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग—ये योगत्रय ही गीता का प्रतिपाद्य हैं। कर्म से विमुख होते हुए अर्जुन को कर्म में प्रवृत्त कराने के उद्देश्य से ही मुख्यत: कर्मयोग की महिमा का प्रतिपादन श्रीकृष्ण ने गीता में किया है और उसी क्रम में ज्ञानयोग और भक्तियोग का भी उपदेश समान रूप से दिया है। किन्तु इन तीनों योगों को परस्पर विच्छिन्न और असंबद्ध मानने की भूल कदापि नहीं की जानी चाहिए। कर्म, ज्ञान और भक्ति एक-दूसरे के पूरक हैं—ऐसा मानने वाले को ही गीता का मर्मज्ञ कहा जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में आपातत: समाजवाद से गीता का कोई निकट का सम्बन्ध कल्पना में भी नहीं समाता, किन्तु उससे उसका सम्बन्ध है।

जाणइ–पासइ

प्रो. डा० एच० यू० पांड्या, मेहसाना

यहाँ जैन सम्मत 'जाणइ–पासइ' एवं ज्ञान-दर्शन की जाँच वैदिक एवं बौद्ध परम्परा के परिप्रेक्ष्य में की गई है।

नन्दिसूत्र के काल तक 'जाणइ–पासइ' का सम्बन्ध ज्ञान-दर्शन के साथ नहीं था, क्योंकि श्रुत एवं मन पर्याय को दर्शन नहीं होने पर भी नन्दि में 'जाणइ–पासइ' का प्रयोग हुआ है, जबकि मतिज्ञान के दो दर्शन होते हुए भी वहाँ 'जाणइ, ण पासइ' का प्रयोग किया है।

बौद्ध परम्परा में 'जानाति पस्सति' शब्दयुग्म का जो अर्थ पालि डिक्शनरी में बताया है, वही अर्थ आगमिक 'जाणइ–पासइ' का है।

परिहरेश्वर देवालय में किंवदन्ति और पुरातात्विक उपकरण

सतीशचन्द्र चौधुरी, गुवाहाटी

गुवाहाटी महानगर से लगभग एक सौ किलोमीटर दूर पाठशाला शहर के समीप परिहरेश्वर देवालय स्थित है। वर्तमान में यह मन्दिर जहाँ स्थित है, ऐसी किंवदन्ति है कि वह स्थान किसी जमाने में दुर्बलगिरि नाम के एक छोटे से पहाड़ का एक टीला था। रघुबर नाम के ब्राह्मण की एक दुधारू गाय थी। उसी टीले की एक घास पर उस गाय के थन से दूध निकलकर गिरता था। रघुबर को रात को स्वप्नादेश हुआ, वह दूसरे दिन वहाँ जा पहुँचा और उस घास की जगह को खोदा। वहाँ उसे एक शिवलिंग मिला। कहा जाता है कि आहोम राजा शिवसिंह को भी ऐसा ही स्वप्नादेश मिला था। वे खुद वहाँ पहुँचे (१७१४-१७४४ ई०) और वहाँ एक मन्दिर बनवा दिया।

कालिदास के विदूषक

कु० सत्या शर्मा, सतना

संस्कृत महाकाव्यों में दृश्यकाव्य (नाटक) का विशेष महत्त्व माना गया है, क्योंकि नाटकों में दर्शन एवं श्रवण दोनों का ही आनन्द सामाजिक को प्राप्त होता है। पात्रों के कथोपकथन से चारित्रिक विशेषताओं का निखार स्वभावतः प्रतीत होता है। पात्र योजना में नायक, नायिका तथा अन्य पात्रों के अतिरिक्त 'विदूषक' पात्र का भी नाटकों में अपना विशिष्ट स्थान होता है। ब्राह्मणकुलोद्भूत पात्र विदूषक अपनी बुद्धि चातुर्य एवं हास-परिहास तथा जिह्वालोलुता हेतु प्रसिद्ध है।

नायक के संकट के समय उसकी मनःस्थिति को सन्तुलित बनाने तथा उसकी समस्याओं को सुलझाने में भी विदूषक की उपस्थिति नाट्य परम्परा निर्वाह के साथ हास-परिहास से नायक एवं दर्शकों को भी प्रसन्न करने में सहायक होती है।

स्फोटवाद और अभिव्यञ्जनावाद

डा० (श्रीमती) नीलम श्रीवास्तव, कानपुर

पाश्चात्य-काव्यशास्त्र में बेनदेतो क्रोचे के अभिव्यञ्जना-सिद्धान्त का महत्त्वपूर्ण स्थान है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'काव्य में रहस्यवाद' और काव्य में अभिव्यञ्जनावाद' निबन्धों में अभिव्यञ्जनावाद को संस्कृत-काव्यशास्त्र के वक्रोक्तिवाद का विलायती उत्साह कहा है। किन्तु, दोनों सिद्धान्तों के तुलनात्मक अध्ययन से आचार्य शुक्ल का यह मत समीचीन नहीं प्रतीत होता है। मेरी दृष्टि में क्रोचे के अभिव्यञ्जना-सिद्धान्त की तुलना यदि वैयाकरणों के स्फोट-सिद्धान्त से की जाए तो आश्चर्यजनक समानताएँ प्राप्त हो सकती हैं।

मेघदूत में यक्षपत्नी एवं यक्ष के लिए प्रयुक्त विशेषण एवं सम्बोधन

डा० कृष्णकान्त शुक्ल, बरेली

काव्य की अर्थग्रहण एवं बिम्बविधान की प्रक्रिया में उपयुक्त विशेषणों की अत्यन्त उपयोगिता है। कविकुलगुरु कालिदास के काव्यों में विशेषण-प्रयोग अनुपम हैं।

मेघदूत में यक्षपत्नी के लिए चवालीस विशेषण प्रयुक्त किये गये हैं। इन विशेषणों से बाह्याभ्यन्तर सौंदर्य, शृंगार, विरह, नारीस्वभाव, विवशता, संस्कृति एवं परम्परा का उन्मेष सहृदयों के हृदयों में होता है। यक्ष के लिए प्रयुक्त विशेषणों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है।

उज्जयिनीरेखा ही याम्योत्तर भूमध्यरेखा

डा० विनोद शास्त्री, जयपुर

भारतीय ज्योतिषशास्त्र में विभिन्न स्थानों के याम्योत्तर एवं पूर्वापर अन्तर निकालने में देशान्तरों का महत्वपूर्ण स्थान है। देशान्तरों का प्रारम्भिक स्थान भारतीय ज्योतिष के प्राचीन प्रमाणों से उज्जयिनी रेखा ही है जो जालंधर, जयपुर, कोटा, उज्जैन, भुसावल, असायिपुर, सोलापुर, बागलकोट, हरिहर, चिकमंगलूर आदि शहरों के पास या ऊपर से गुजरती है; लेकिन विश्व के अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का साम्राज्य हो जाने के कारण देशान्तर का प्रारम्भिक स्थान ग्रीनवीच (लन्दन) को बना दिया।

पं० मधुसूदन ओझा कृत 'गीताविज्ञानभाष्य'

डा० नरेन्द्र अवस्थी, जोधपुर

अनेक विद्वत्रत्नों को जन्म देने में अग्रणी मिथिला प्रदेश में विद्यावाचस्पति श्री मधुसूदन ओझा का जन्म संवत् १९२३ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था। लेकिन उनका कार्यक्षेत्र राजस्थान प्रान्त का जयपुर नगर रहा।

पं० ओझा जी ने कुल २२८ ग्रन्थ लिखे। जिनमें ब्रह्म-विज्ञान सम्बन्धी चालीस, यज्ञ विज्ञान सम्बन्धी बीस, इतिहास सम्बन्धी अट्ठारह, वेदाङ्ग-समीक्षा के तीस और आगम रहस्य के एक सौ बीस ग्रन्थ हैं।

उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र इस प्रस्थानत्रयी पर लेखनी चलाकर विद्वानों ने स्वयं को कृतकृत्य समझा है। प्रस्तुत निबन्ध में पं० ओझा जी द्वारा श्रीमद्-भगवद्गीता पर जो विज्ञानभाष्य लिखा है, उसी का परिचय दिया जाएगा।

पालि-काव्य-साहित्य में श्रीलंका का योगदान

डा० प्रद्युम्न दुबे, वाराणसी

श्रीलंका बौद्ध धर्म प्रधान राष्ट्र है। वहाँ आज भी बौद्ध भिक्षुओं की बड़ी प्रतिष्ठा है। भारत से बाहर बौद्ध धर्म सर्वप्रथम श्रीलंका में ही गया। श्रीलंका में त्रिपिटक के अतिरिक्त सम्पूर्ण अट्ठकथाओं को भी लिपिबद्ध कर लिया गया था। आचार्य बुद्धघोष एवं धम्मपाल ने सिंहली अट्ठकथाओं को पालि में रूपान्तरित किया था। छठीं शताब्दी तक सिंहल त्रिपिटक तथा उसकी अट्ठकथाओं का एकमात्र विश्रुत स्थान था। अट्ठकथाओं में विद्यमान विषय-सामग्री को आधार बनाकर इतिहासपरक ग्रंथों के लेखन की परम्परा प्रारम्भ हुई।

महामात्य वत्सराज प्रणीतम् "हास्य चूडामणि:"

कु. महिमा शास्त्री, इन्दौर

संस्कृत साहित्य के मध्यकालीन प्रहसनों में 'हास्य चूडामणि:' प्रहसन (वत्सराजकृत) की प्रधानत: गणना की जाती है।

महामात्य वत्सराज के इस प्रहसन में मध्ययुग की धार्मिक, सामाजिक एवं राज-नैतिक भ्रष्टाचार से बढ़ी हुई स्थिति का गम्भीर अध्ययन कर कथावस्तु सुगठित की गई है।

प्रस्तुत शोधपत्र में तत्कालीन विकृत तथा विलासी समाज की कथावस्तु विषयक अवधारणा का सूक्ष्म एवं विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

पुराणों में शिवतत्त्व

डा० चंचला गुप्ता, कटिहार

संस्कृत वाङ्मय में धर्म एवं दर्शन के क्षेत्र में त्रिदेवों की महिमा सर्वोपरि है, और वे हैं—ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश अर्थात् शिव। इसमें महत्त्व तीनों का ही है, क्योंकि वस्तुत: तीनों एक ही परमेश्वर के त्रिरूप हैं, किन्तु गुण एवं कार्यभेद से इन्हें उपर्युक्त पृथक्-पृथक् नाम दिये गये हैं। ब्रह्मा सृष्टिकर्ता हैं, विष्णु पालनकर्ता एवं शिव या शंकर सृष्टि के संहारक हैं। इन देवों की महिमा-गान प्राचीन भारतीय वाङ्मय में वेदों से लेकर लौकिक साहित्य पर्यन्त किया गया है। उपर्युक्त त्रिदेवों में शिव का स्थान अवशिष्ट देवों की अपेक्षा अधिक माना गया है। शिव का पौराणिक साहित्य में उपलब्ध विभिन्न रूपों का विवेचन ही प्रस्तुत निबन्ध का मुख्य उद्देश्य है।

भाषोत्पत्ति के आलोक में वैदिक मत

डा० मोहन मिश्र, भागलपुर

भाषा की उत्पत्ति सम्बन्धी समस्या के निराकरण हेतु भाषावैज्ञानिकों द्वारा सतत प्रयत्न होता रहा किन्तु अद्यावधि यह मामला उलझा हुआ ही दृष्टिगत होता है। इस विषय पर विद्वानों द्वारा प्रस्तुत विचार अपूर्ण और अनिर्णयात्मक हैं। मात्र एक मत को मान लेने से भाषोत्पत्ति की समस्या हल नहीं हो जाती। कतिपय विचार पूर्णत: त्रुटिपूर्ण हैं और कतिपय अंशत:।

भाषोत्पत्ति सम्बन्धी अनेकश: सिद्धान्तों के प्रतिपादनोपरान्त भी भाषा की उत्पत्ति का निश्चित और निर्णयात्मक जवाब उपलब्ध न हो सकने के कारण भाषावैज्ञानिकों ने इस विषय को भाषाविज्ञान के क्षेत्र से बाहर घोषित किया है।

महाकवि कालिदास के कुछ दुर्घट प्रयोग

लखबीर सिंह, पटियाला

महाकवि कालिदास का संस्कृत साहित्य में उत्कृष्ट स्थान है। उन्होंने अपने साहित्य में व्याकरणिक नियमों का परिपालन सुचारू रूप से किया है परन्तु फिर भी कहीं-कहीं कुछ ऐसे शब्द या प्रयोग आ गए हैं, जिनको हम दुर्घट या अपाणिनीय भी कह सकते हैं। किन्तु व्याकरण शिष्ट लोगों के व्याख्यान को प्रमाण मानते हुए उनके द्वारा प्रयुक्त शब्दों को साधु ही स्वीकार कर लेता है, भले ही वे उसके नियमों के अनुकूल न हों। ऐसी स्थिति में वैयाकरण उन प्रयोगों को सुसंगत बनाने के लिए योग विभाग निपातन, द्रश्लिष्ट निर्देश इत्यादि अनेक युक्तियों के आधार पर इष्ट साधन कर लेते हैं। और इस प्रकार आपाततः अपाणिनीय प्रतीत होने वाले प्रयोग अन्ततोगत्वा पाणिनीय ही सिद्ध हो जाते हैं।

मत्वर्थीय 'इलच्' प्रत्यय का भाषाशास्त्रीय अध्ययन

डा० लक्ष्मीशवर झा, मुंगेर

'इलच्' प्रत्यय भारतीय आर्यशाखा से बाहर अज्ञात है। भारतीय आर्यशाखा में इसका उद्भव वैदिक काल में ही दीखता है तथा विकास अधुनातन काल तक सर्वत्र हुआ है। 'इलच्' प्रत्यय सम्प्रति उपलब्ध प्रमुख संस्कृत साहित्य में सर्वथा नवीन प्रायः १६ अङ्गों से विहित मिलता है, जो अधोलिखित ऐतिहासिक क्रम में दर्शनीय है, यथा अथर्ववेद में तुण्ड से तुण्डिल; यजुर्वेद में पिशङ्ग ;से पिशङ्गिलः ब्राह्मण-ग्रन्थों में व्रण से व्रणिल; वेदाङ्गों में फेन से फेनिल, जटा से जटिल, तुन्द से तुन्दिल; महाभारत में पिच्छा से पिच्छिल, पङ्क से पङ्किल; कुमारसम्भव में ग्रह से ग्रहिल; पञ्चतन्त्र में दन्त से दन्तिल; मृच्छकटिका में तन्त्र से तन्त्रिल; वैराग्यशतक में सिकता से सिकतिल; हर्षचरित में शर्करा से शर्करिल; भागवतपुराण में द्रुम से द्रुमिल; कथासरित्सागर में वेग से वेगिल, शाखा से शाखिल, आदि।

संस्कृत रूपकों की समय-समीक्षा

डा० इन्द्रमोहन सिंह, पटियाला

संस्कृत नाट्य साहित्य में समय सम्बन्धी विचार का अत्यधिक महत्व है। समय के सम्यक् विभाग के बिना नाट्यलेखन सम्भव नहीं है। इससे सम्बद्ध नियम दृश्यसूच्य कथा को दृष्टि में रखकर बनाये गये हैं। जैसे दृश्य कथा से सम्बद्ध भरत मुनि का विचार है—एक दिवसप्रवृत्तः कार्यस्त्वङ्कः...... (ना० शा० २०.२३)। प्रायः सभी प्रसिद्ध नाट्यकृतियों में उक्त नियम का पालन है। कालिदास, भास, भवभूति आदि सभी भरत के उक्त नियम को मान्यता देकर अङ्क में एक दिन का वृत्त ही दृश्य में अभिव्यक्त करते हैं। अनेक बार ये नाटककार अनेक दिनों के वृत्त को भी एक दिन में ही समेट कर अङ्क को दृश्य में अभिव्यक्त करते हैं।

पूर्ववैदिक एवं वैदिक युग में मातृशक्ति की उपासना

डा० (श्रीमती) संतकुमारी श्रीवास्तव, आगरा

सृष्टि के निर्माण में जनक से जननी का महत्व हजार गुना अधिक है क्योंकि जननी के ही स्नेहसिक्त क्रोड में सृष्टि का अंकुरण, संवर्धन एवं पोषण होता है। जननी के अभाव में सृष्टि की कल्पना भी असम्भव है। ऐसी महिमामयी जननी की पूजा व अर्चना न केवल देवी या महादेवी के रूप में की गई अपितु उसे जगत् की आद्याशक्ति के रूप में देखा गया। उसने ही समस्त चराचरात्मक जगत् की उत्पत्ति मानी गई, वह ही उसकी संरक्षिका है एवं वह सब जगह व्याप्त है। भारतवर्ष में इस आद्या मातृशक्ति की उपासना उतनी ही प्राचीन है जितना स्वयं भारत। उसके इस रूप के दर्शन हमें पुराकाल से ही शैलचित्रों, पुरातात्विक अन्वेषणों एवं वैदिक वाङ्मय में प्राप्त होते हैं।

पाणिनिकृत ध्वनिपरिवर्तन और अर्थपरिवर्तन का सम्बन्ध

डा० (कु०) नीलम राणी, राजपुरा

संस्कृत भाषा में भारोपीय भाषा परिवार की अन्य भाषाओं के समान ध्वनिपरिवर्तन और अर्थपरिवर्तन में अनेक विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। उदाहरणार्थ—किसी भी शब्द के ध्वनिक्रम में परिवर्तन होने पर उस शब्द के अर्थ में भी कुछ परिवर्तन आ जाता है। यथा—वाम: (बायाँ) और वामा (स्त्री); हर: (ले जाने वाला) और हार: (एक प्रकार का आभूषण जो कंठ में धारण किया जाता है ; कषित: (घायल हुआ) और कष्ट: (कठिन) आदि पदसमूहों के ध्वनिक्रम में परिवर्तन होने पर अर्थ में भी परिवर्तन हो गया है। यह आवश्यक नहीं कि पद की ध्वनियों में परिवर्तन होने पर अर्थ में भी परिवर्तन हो ही, जैसे—'पृथ्वी' और 'पृथिवी', 'नालिकेर' और 'नारिकेल' पदसमूहों में ध्वनिक्रम में परिवर्तन होने पर भी अर्थ में परिवर्तन नही होता है।

भक्ति-आन्दोलन का ऐतिहासिक अनुशीलन

डा० अजितशंकर प्रसाद, भागलपुर

मध्यकालीन भारतीय इतिहास की एक महान सांस्कृतिक उपलब्धि "भक्ति आन्दोलन" की घटना है। तत्कालीन भारतीय जन-जीवन, संस्कृति, समाज एवं धर्म को जिस व्यापक रूप से उस घटना ने प्रभावित एवं उद्वेलित किया, उतना उक्त काल में किसी घटना ने नहीं किया। उक्त आन्दोलन में दीर्घकालीन भारतीय चिन्तन, संस्कारों एवं परम्पराओं की गहन अनुभूतियों का समावेश था। तत्कालीन सन्तों एवं कवियों ने राजनीतिक अराजकता, धार्मिक कट्टरता एवं संकीर्णता के युग में तथा पतनोन्मुख समाज के समक्ष सहिष्णुता, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के आदर्शों को प्रतिष्ठापित किया तथा एक सहिष्णु धर्म एवं नवीन समाज के निर्माण का प्रयास किया।

महाकवि कालिदास-सम्मत जगत्कारणमीमांसा

डा० उमारानी त्रिपाठी

सुरभारती के सनातन शृङ्गार महाकवि कालिदास संस्कृत-साहित्य के रससिद्ध कवीश्वर हैं। उनकी रचनाओं में भारतीय संस्कृति का सनातन गौरव सुरक्षित है। लोककल्याण एवं राष्ट्रमङ्गल की मधुमय पयस्विनी प्रवाहित करने वाले ऐसे महान् क्रान्तदर्शी मनीषी कवि की कृतियों में संस्कृति के प्राणभूत आध्यात्मिक तत्त्वों के अभाव का विचार करना तो वाग्देवी के अमर पुजारी के प्रति सर्वथा अन्याय होगा। दर्शन भारतीय मनीषियों की आत्मनिधि है, 'कविर्मनीषी परिभू: स्वयम्भू:' की शाश्वत परम्परा के मान्य स्तम्भ महामनीषी कालिदास का काव्य भी तत्त्वपर्येषण की इस जिज्ञासा परिधि से परे नहीं रह सका।

अष्टाध्यायी के 'आदि' उत्तरपदवाले समस्त पदों की समीक्षा

कमलेशकुमार छ. चौकसी, अहमदाबाद

पाणिनीय अष्टाध्यायी में 'आदि' उत्तरपदवाले अनेक समास घटित पद प्रयुक्त हुए हैं। प्रत्ययों के विधायक सूत्रों में तो ऐसे अनेक पद हैं ही, इसके अलावा अंगाधिकार और संज्ञा सूत्रों में भी आदि उत्तरपद वाले समस्त पद दृष्टिगोचर होते हैं।

इन विभिन्न 'आदि' उत्तरपद वाले समस्त पदों में कौन-सा समास है, दूसरा कोई समास क्यों नहीं, दूसरा समास स्वीकार कर लेने पर क्या दोष आते हैं, एक निश्चित समास का निर्णय लेने के क्या-क्या उपाय परंपरा में स्वीकृत हैं, यह सब विचारणीय है।

चित्रकाव्य की प्रेषणीयता

इन्दुभूषण मिश्र, कहलगांव

नि:सन्देह सत्काव्य सत्य, शिव एवं सुन्दरान्वित हुआ करता है। उसके इस संस्कार का ज्ञान हमें उसकी प्रेषणीयता से होता है। यह प्रेषणीयता वस्तुगत, रसगत, अलंकारगत, भावगत एवं देश-कालगत हुआ करती है। प्रेषणीयता के इन क्षेत्रों में सामान्यतया सहजता एवं स्वाभाविकता परमावश्यक है; परन्तु कभी-कभी परिस्थिति-विशेष में, या यों कहें कि काल-विशेष से प्रभावित होकर यह दुरूह भी हो जाती है। तब यह सामान्य सहृदयों के लिए न होकर विशेष प्रतिभासम्पन्न प्रबुद्ध सहृदयों एवं मर्मज्ञों के लिए आशंसनीय होती है; लेकिन सहज या दुरूह जो भी रचना-शिल्प हो वहाँ प्रेषणीयता ही कवि विवक्षित भाव-बोध के दर्शन कराती है।

वाल्मीकि-रामायण में वर्णित नदियों का भौगोलिक विश्लेषण

कु० सुनीता रानी

वाल्मीकि-रामायण सस्कृत साहित्य का प्रमुख काव्य है। इसके कर्ता के जीवन एवं समय के विषय में अनेक भ्रान्तियाँ हैं। उपलब्ध सन्दर्भ के आधार पर वे वरुण के दसवें पुत्र थे। अधिकांश विद्वान् इसे बुद्ध एवं पाणिनी से पूर्व की रचना स्वीकार करते हैं। विद्वान् इसे आख्यानों के आधार पर विकसित हुई मानते हैं।

भवभूति के कतिपय बिम्ब

रमेशकुमार तिवारी, वैशाली

महाकवि भवभूति का स्थान संस्कृतवाङ्मय में अति महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इनके तीन रूपक हैं। इन रूपकों में इन्होने विविध बिम्बों की योजना की है। इन बिम्बों की सहायता से ये किसी भी वस्तु का शब्द-चित्र दर्शक के समक्ष मूर्त रूप में अंकित कर देने में समर्थ प्रतीत होते हैं।

प्रस्तुत निबन्ध में भवभूति के कतिपय बिम्बों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

वट्टं तेसं नत्थि पञ्ञापनाय

डा० राय अश्विनीकुमार, बोधगया

पालि त्रिपिटक में विगततृष्ण, उपादान रहित, क्षीणाश्रव साधकों की संज्ञा अर्हत् है। शरीर धारण किए हुए अथवा मृत्यु को प्राप्त मुक्त पुरुषों (अर्हत्) के विषय में कुछ भी कहना सम्भव नहीं है। वे अननुवेद्य हैं क्योंकि सामान्य व्यक्तियों के पास वह दृष्टि नहीं होती जिससे वीतराग अर्हत् को जाना जा सके। चूँकि अर्हत् ने सभी प्रकार की दृष्टियों का प्रहाण कर दिया है अतः उन्हीं दृष्टियों के आलोक में उसको देखना, समझना, वर्णन करना उपयुक्त नहीं है। यहाँ भाषा के समस्त प्रतिमान भ्रान्त सिद्ध होते हैं। जिन कारणों से प्राणी संसारबन्धन में पड़ते हैं उनसे वे सर्वथा विमुक्त रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों, रुचियों, झुकावों, कर्महेतुओं आदि के द्वारा जाना जाता हैं। परिपूर्णता प्राप्त व्यक्ति में रुचि-अरुचि का नितान्त अभाव रहता है इसलिए उसके विषय में किसी भी प्रकार के कथन का कोई आधार बिल्कुल भी नहीं बनता। अतः उसके विषय में विधेयात्मक कथनों के हमारे समस्त संज्ञानात्मक या आनुभविक आधार अक्षम और निष्फल हैं। वस्तुतः अर्हत् प्रमेय नहीं है। जिस प्रकार जीवितावस्था में मुक्त पुरुष किसी भी प्रकार नहीं मापा जा सकता, उसी प्रकार उसकी मृत्यूपरान्त स्थिति के विषय में भी कुछ कहना अशक्य है।

भास के रूपकों का वर्गीकरण

गुरुचरण कौर, मुंगेर

संस्कृत वाङ्मय में भास नाटक या रूपक की रचना करके ही विख्यात हैं। इनकी अन्य कोई रचना नही मिलती। इन्होंने तेरह रूपक लिखे है। रंगमंच की दृष्टि से इनके रूपक बड़े उत्कृष्ट हैं। रूपक भेदों में इनकी तेरह रचनाएं कुछ व्यायोग, कुछ उत्सृष्टिकांक, कुछ नाटक आदि माने जाते हैं किन्तु अभी भी विद्वानों में पर्याप्त मतभेद है। नाट्यशास्त्र की दृष्टि से इनके रूपकों का क्या उचित स्थान होना चाहिए, इस शोधलेख के माध्यम से उसे ही प्रस्तुत किया गया है।

भाष्यकारप्रोक्त सन्निपात परिभाषा के प्रयोजन

डा० भीमसिंह, पटियाला

"क्ङिमेजन्त" (पा.१.१.३९) सूत्र के व्याख्याप्रसङ्ग में भाष्यवार्तिककार ने 'सन्निपात परिभाषा' के प्रयोजन और दोषों पर पर्याप्त विचार किया है। इनमें भाष्यकार ने वार्तिककारप्रोक्त सन्निपात परिभाषा' के सभी छह प्रयोजनों का प्रत्याख्यान करके फिर 'इमानि तर्हि प्रयोजनानि" ऐसा कहकर अपनी ओर से तीन प्रयोजन और गिनाए हैं। किन्तु इनमे उपर्युक्त 'उवोष' इस प्रयोग में ' इजादेश्च गुरुमतोऽनृच्छ" (पा.३ १.३६) से प्राप्त आम्' को रोकने के लिये यह उदाहरण 'सन्निपात परिभाषा' के प्रयोजन के रूप में उत्पन्न नहीं होता। क्योंकि "उषविदजागृभ्योऽन्यतरस्याम्" (पा. ३.१.३८) यह वैकल्पिक 'आम्' विधायक विशेषसूत्र इसका अपवाद होने से इसको बाँध लेता है।

कश्मीरी तथा नेपाली के संस्कृतमूलक शब्दों का विवेचन

डा० केदारनाथ शर्मा, जम्मू

भाषायी सम्बन्ध की दृष्टि से कश्मीरी तथा नेपाली दोनों भाषायें एक ही माँ संस्कृत की सन्तान हैं तथा दोनों आधुनिक आर्य भाषायें हैं। संस्कृत से कश्मीरी तथा नेपाली तक आने में भाषा को विकास के अनेक पथों से गुजरना पड़ा है, जिसके फलस्वरूप इन दोनों भाषाओं में संस्कृत से आने वाले शब्दों के न केवल अर्थपरिवर्तन हो गये हैं, अपितु भाषा की प्रकृति भी भिन्न हो गई है। फिर भी दोनों भाषाओं में संस्कृत के अनेक ऐसे शब्द उपलब्ध होते हैं, जिनके प्राचीन संस्कृत अर्थ अभी भी सुरक्षित हैं, उदाहरणार्थ- संस्कृत कोकिल, भोग, माध्यमिक, ध्यान, अंग, वेला तथा व्यवहार शब्दों से विकसित कश्मीरी तथा नेपाली के क्रमशः कुकिल/ कोइली, बूग/ भोग, मन्ज़्युम/माध्यमिक, दयान/ध्यान,अंग/ आँग, वेल/ वेला तथा व्यवहार/व्यव हार जैसे शब्द दोनों भाषाओं में तत्सम तथा तद्भव दोनों रूपों में प्रचलित हैं एवं इन दोनों भाषाओं में ये शब्द संस्कृत के समानार्थक हैं।

छायावादी काव्यचेतना पर कालिदास का प्रभाव

अजयकिशोर श्रीवास्तव, धनबाद

अनेक आलोचकों ने छायावादी काव्यचेतना पर पाश्चात्य कविता के स्वच्छन्दतावाद (Romanticism) का प्रभाव लक्षित किया है। किन्तु यह उस दृष्टिकोण का परिणाम है जिसके अन्तर्गत हम अपनी किसी भी नवीन भावधारा के उद्भव के कारण तत्वों के लिये पश्चिम का मुँह निहारने लगते हैं। मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि छायावाद जहाँ एक ओर तत्कालीन परिस्थितियों के दबाव और सामाजिक तथा साहित्यिक रूढ़ियों एवं थोथी नैतिकता के प्रति विद्रोह का परिणाम था, वहीं दूसरी ओर वह भारतीय साहित्य परम्परा के अखण्ड-अजस्र प्रवाह की एक धारा है और इस धारा पर महाकवि कालिदास का प्रभाव लक्षित किया जा सकता है।

भरतपुर क्षेत्र में रचित सचित्र ग्रन्थ 'सुजान चरित्र'

तनूजासिंह, जयपुर

राजस्थान के पूर्वांचल में स्थित भरतपुर प्राचीनकाल से राजनीतिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये प्रसिद्ध रहा है। यह क्षेत्र मत्स्य, शूरसेन जनपद में सम्मिलित था, जिस पर नाग, गुप्त, शूरसेन एवं प्रतिहारों के शासन तथा बाद में मुगल शासकों के अधीन रहा। १८वीं शती में इस क्षेत्र में यदुवंशी जाट शासक एक शक्ति के रूप में उभरे।

इस भूखण्ड में कला एवं संस्कृति के आधार प्राचीनकाल के मिलते हैं। परन्तु मध्यकाल में इसकी शृंखला कुछ टूटी दिखाई देती है।

अभिषेक तथा महावीरचरित : नाट्यशास्त्रीय समीक्षण

डा० उमेश पाण्डेय, धनबाद

मूर्तिविधायिनी कला नाट्य के प्रथम प्रणेता महाकवि भास स्वीकार किए जाते हैं। इन्होंने वस्तु, नेता तथा रस तीनों के संदर्भ में अपने मौलिक प्रयोग करते हुए भावी पीढ़ी के लिए विस्तृत उर्वर भूमि प्रदान कर नाट्य के क्षेत्र में उन समग्र नाटकीय सम्भावनाओं के द्वारों का उद्घाटन किया जिनकी सोपानों पर चढ़ता संस्कृत नाट्य-साहित्य भवभूति के भावभूमि तक पहुँचा। आदिकाव्य रामायण को आधार बनाकर भास ने दो रामनाटकों का प्रणयन किया और भवभूति ने भी इनका अनुपालन किया। कथावस्तु तथा रसपरिपाक की दृष्टि से इन दोनों नाटककारों की चारों कृतियाँ समान परम्परा की पोषिका हैं।

राजस्थान में वैष्णव धर्म का आरंभिक विकास

सतीशकुमार त्रिगुनायत, जयपुर

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रचलित भागवत धर्म का प्रथम उत्थान प्राचीन सूरसेन जनपद (मथुरा-मण्डल) में हुआ। मथुरा से इसका प्रसार-प्रचार मध्यभारत में विदिशा की ओर तथा पश्चिम की ओर राजस्थान में शिवि क्षेत्र की ओर हुआ। राजस्थान का दक्षिणांचल इसका प्रमुख केन्द्र रहा। भौगोलिक एवं सांस्कृतिक सन्निकटता के कारण राजस्थान का पूर्वांचल भी इस नवीन भक्तिप्रधान धर्म के प्रभाव से अछूता नहीं रह सका। उत्तरी राजस्थान में प्राचीन सरस्वती एवं दृषद्वती के तट पर स्थित रंगमहल तथा पश्चिमी राजस्थान में मण्डोर इसके प्रमुख केन्द्र प्रतीत होते हैं। सारांश में आरम्भिक गुप्तकाल तक राजस्थान के सम्पूर्ण क्षेत्र में वैष्णव सम्प्रदाय एक लोकप्रिय सम्प्रदाय के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका था।

अभिनन्द का जीवन तथा रचनायें

नाज़नी परवीन, अलीगढ़

संस्कृत साहित्य में संग्रह ग्रन्थ लिखने की परम्परा तो प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। किन्तु काव्यों को संक्षिप्त करके संग्रहग्रन्थ बनाने की परम्परा सर्वप्रथम अभिनन्द ने प्रारम्भ की। उन्होंने बाणभट्ट की कादम्बरी को संक्षेप में महाकाव्य के रूप में प्रस्तुत किया। अन्य कवियों ने भी अभिनन्द के मार्ग पर चलने का प्रयास किया परन्तु इन सभी में अभिनन्द का कादम्बरीकथासार एक उच्चकोटि का संग्रह है।

अभिनन्द ने कादम्बरीकथासार के प्रारम्भ में अपने वंश का वर्णन अत्यन्त विस्तार के साथ प्रस्तुत किया है।

भास एवं हर्ष की उदयन-कथाश्रित नाट्य-कृतियों के कतिपय पात्रों का तुलनात्मक चित्रण

डा० ताराकान्त शुक्ल, धनबाद

संस्कृत नाट्य-साहित्य के प्राचीनतम शिल्पी महाकवि भास तथा उनसे अत्यधिक अर्वाचीन कवि हर्षदेव ने वत्सराज उदयन के लोक-कथा पर आधारित जीवन-वृत्त को लेकर क्रमशः प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् तथा स्वप्नवासवदत्तम् और प्रियदर्शिका तथा रत्नावली-नाटिका का प्रणयन किया है। ये सभी नाट्य-ग्रन्थ उदयन के जीवन-वृत्त पर आधारित होते हुए भी कथानक की दृष्टि से भिन्न हैं। कथानक की इस भिन्नता का प्रभाव इन नाटकों के पात्रों के जीवन-वृत्त पर भी स्पष्टतः देखा जा सकता है। उदाहरण के रूप में हम वासवदत्ता के चरित्र का अवलोकन कर सकते हैं। प्रतिज्ञायौगन्धरायण' की प्रधान नायिका होते हुए भी नाटक में वासवदत्ता कहीं भी दृष्टिगत नहीं हुई है।

वाक्यलक्षणविमर्श

डा० अयोध्यादास श्रीवैष्णव, बस्ती

संस्कृत वाङ्मय का अनुशीलन करने पर लोकव्यवहार में स्पष्टार्थ प्रतिपादक वाक्य के स्वरूप के विषय में आचार्यों में विवाद परिलक्षित होता है। प्राचीन वाक्यलक्षणों में मीमांसा सूत्रकार जैमिनी कृत अर्थक्यादेकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात्' तथा वार्तिककार कात्यायन कृत 'आख्यातं साव्ययकारक विशेषणं वाक्यम्। एकतिङ्' । वाक्यलक्षणों को विद्वानों ने प्राचीन शास्त्रीय वाक्य लक्षण माना है। महाभाष्यकार पतंजलि ने अपूर्व शब्द का प्रयोग करते हुये कात्यायनोक्त वाक्यलक्षण को आद्यवाक्यलक्षण माना है। ये वाक्य-लक्षण शास्त्रीय हैं अथवा लौकिक इस विषय में भी विद्वानों में मतभेद हैं। कात्यायन के पूर्व व्याडि ने भी 'पद संघातजं वाक्यं' वाक्यलक्षण किया है।

संरचनात्मक समीक्षापद्धति

डा० भगवतीप्रसाद शर्मा, आगरा

संरचनात्मक समीक्षापद्धति को सावयवी समीक्षापद्धति भी कहते हैं। इसका प्रति-पाद्य बोधात्मक संवेदन होता है जिसे शुक्ल जी ज्ञानात्मक बोध कहते हैं। ज्ञान ही काव्य के संचरण के लिए रास्ता खोलता है। ज्ञान प्रसार के भीतर ही हृदय-प्रसार होता है और हृदयप्रसार ही काव्य का सच्चा लक्ष्य है। अत: ज्ञान के साथ लगकर ही जब हमारा हृदय परिचालित होगा तभी काव्य की नई-नई मार्मिक अर्थभूमियों की ओर बढ़ेगा। अत: काव्या-नुभूति की निर्वैयक्तिक प्रकृति ही साधारणीकरण को सम्भव बनाती है जिसमें व्यक्ति तो विशेष ही रहता है पर उसमें प्रतिष्ठा ऐसे सामान्यधर्म की रहती है जिसके साक्षात्कार से सब श्रोताओं और पाठकों के हृदय में एक ही भाव का उदय थोड़ा बहुत होता है।

सौन्दरनन्द में बौद्धदर्शन विधायक तत्व

कु० प्रभा शर्मा, आगरा

अठारह सर्गों में निबद्ध 'सौन्दरनन्द' महाकवि अश्वघोष की महाकाव्यात्मक रचना है। इसमें महाकवि ने स्पष्ट लिखा है कि 'इत्येषा व्युपशान्तये न रतये मोक्षार्थगर्भाकृति:' अर्थात् मोक्ष धर्म की व्याख्या मे परिपूर्ण यह कृति, शान्ति प्रदान करने के लिए है न कि आनन्द देने लिए। सौन्दरनन्द महाकाव्य में शुद्धोधनपुत्रसिद्धार्थ की बुद्धत्व प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं नन्द को दिए गये उपदेश के कथासूत्र के माध्यम से बौद्धदर्शन विधायक तत्वों की ही स्पष्ट विवेचना हुई है, क्योंकि महाकवि अश्वघोष के युग में बौद्धिक चेतना का ह्रास हो रहा था। मंत्रों तथा तंत्रों के षड्यंत्रों से धर्म वादविवाद के चंगुल में फँस गया था। सांस्कृतिक वातावरण सुखभोग की परिस्थितियों में फँसकर निष्क्रियता और अर्थहीन तार्किकता के बल पर नैतिकता से हट गया था।

काव्यभाव का परिचायक–सोम रस

डा. चन्द्रनन्दिनी भागवे

वेदों में रस रूप में सोम की प्रतिष्ठा है। वस्तुतः भौतिक स्वरूप में यह सोम रस एक ऐसा मधुर-मादक पेय है जो विशिष्ट प्रक्रिया से तैयार होता है तथा मनुष्य तो क्या देवताओं का भी प्रिय पेय है।

सोम रस की अलौकिक गुणवत्ता के कारण ऋषियों ने उसे देवपद पर प्रतिष्ठित कर अनेकतः उसकी स्तुति की है। फलतः सोम रस देवस्वरूप में भी विद्यमान है।

इन दोनों भौतिक एवं दैविक स्वरूप के अतिरिक्त सोम रस का एक और भी रूप वैदिक मन्त्रों में निहित है, तदनुसार सोम की सैकड़ों धाराएँ तो अमृतरस रूप में देवों के लिए हैं किन्तु सहस्र धाराएँ वाणीरूप में कवियों की वाग्शोभा के लिए हैं।

क्षेत्रानुबन्ध तथा भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में कादम्बरी की विशिष्ट वनस्पतियाँ

डा. माया त्रिपाठी, बस्ती

कादम्बरी के कथानकगत क्षेत्रानुबन्ध के परिप्रेक्ष्य में तत्तत् हिमालय क्षेत्रानुबन्धी उल्लेखों के साथ पूर्वी एव पश्चिमी समुद्र से परिसीमित विस्तृत भारतीय भूखण्ड की वनस्पतियों का बाणभट्ट ने सामूहिक उल्लेख किया है, जो अपने प्रकार का विशिष्ट है। उक्त सम्पूर्ण भारतीय भूखण्ड का समावेश बाणभट्ट ने 'विन्ध्याटवी' में किया है। बाणभट्ट की विन्ध्याटवी की यह कल्पना भी अपने प्रकार की विशिष्ट ही है।

तांत्रिक बौद्ध प्रातिभज्ञान और स्वसंवेदन प्रत्यात्मायंज्ञानगोचर के विशेष सन्दर्भ में

डा. नागेन्द्रनाथ उपाध्याय, वाराणसी

तांत्रिक बौद्ध सिद्ध तार्किक नहीं थे। उनके पूर्व महायानी बौद्ध आचार्यों ने तर्काश्रय से अपनी चिंतना को पर्याप्त पुष्टि प्रदान की थी। इन सिद्धों की संस्कृत रचनाओं में भी प्रायः पूर्वाचार्यों के तर्कों की छाया देखने को मिलती है किन्तु वे तर्क और शास्त्र दोनों को महत्त्व नहीं देते। शास्ता अथवा गुरु को व्यक्तिशः सर्वाधिक महत्त्व प्रदान करने मे साक्षीभूत ज्ञान की महिमा दिखाई पड़नी है। यहाँ तत्व की अनिर्वचनीयता, प्रातिभज्ञान की अनिवार्यता और अधिकारभेद सिद्धान्त की महत्ता और साधनात्मक उपयोगिता को ध्यान में रखा जा सकता है।

हिन्दी का लिंग–सर्वनाम

डा० वी० डी० हेगडे, मैसूर

भारतीय आर्यभाषा मे लिंग-सर्वनाम का इतिहास अत्यन्त रोचक है। प्राचीन भारतीय आर्यभाषा संस्कृत' में नपुंसकलिंग लिंगसर्वनाम है। 'सामान्ये नपुंसकम्' यह घोषणा नपुंसकलिंग के सम्बन्ध में की जाती है। महाभाष्य में एकश्रुति को स्वर-सर्वनाम और नपुंसकलिंग को लिंगसर्वनाम कहा गया है। (पा०सू० ६-४-१७४)। विशेष्यविशेष का असन्निधान या असमभिव्याहार 'सामान्य' है। लिंगविशेष की अविवक्षा भी 'सामान्य' कहलाती है। इस 'सामान्य' की स्थिति में 'नपुंसकलिंग' होता है, यथा—मया पठितम्। इसके प्रत्युदाहरण हैं—'ग्रन्थः पठितः।' 'पुस्तिका पठिता।' नपुंसकलिंग साम्यावस्थाप्यस्थितिमात्र में होता है।

भारतीय परिवेश में नागरी और रोमनलिपि

डा० नरेश मिश्र, रोहतक

लिपि के आधार पर भाषा में समय और स्थान पार करने की शक्ति आ जाती है। किसी भी भाषा को एकाधिक लिपियों में लिपिबद्ध किया जा सकता है। यह सर्वविदित तथ्य है कि भाषाविशेष परम्परागत रूप में जिस लिपि में लिखी जाती है वह उनसे सम्बन्धित भाषा-भाषियों के लिए अनुकूल और सरल लगने लगती है।

भारतीय परिवेश में नागरी लिपि के साथ रोमन लिपि का प्रचार हो गया है। अंग्रेजी को अन्तर्राष्ट्रीय भाषा तथा रोमन को अन्तर्राष्ट्रीय लिपि मानते हैं। इतना होते हुए भी यदि नागरी और रोमन लिपियों का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तो अनेक तथ्य सामने आते हैं।

प्राचीन पश्चिमी भारतीय कला का केन्द्र—राजस्थान

डा० आर० के० वशिष्ठ, जयपुर

१७वीं सदी के तिब्बेतियन बौद्ध कला इतिहासकार तारानाथ द्वारा प्रस्तुत विवरणों के अनुसार ईसा की तीसरी सदी से लेकर सातवीं सदी तक की विभिन्न कला प्रवृत्तियों एवं धाराओं का सुविस्तृत एवं तथ्यपूर्ण विवेचन करते हुए लिखा है कि बौद्धकाल में तीसरी सदी से लेकर गुप्तोत्तर काल तक भारत में देव, यक्ष एवं नाग शैली प्रमुख थी जिनके क्षेत्र निर्धारित कर बताया कि पूर्वी क्षेत्र में देव शैली, मध्य क्षेत्र में नाग शैली तथा पश्चिमी क्षेत्र में यक्ष शैली का बाहुल्य रहा है।

'पउमचरिउ' में सीता का स्थान

हृषीकेश तिवारी, पटना

कविराज स्वयम्भूदेव की प्रबंध-प्रतिभा—"पउमचरिउ" एक सरस-सरल जैन रामायण है, जिसमें सीता का चरित्र भारतीय संस्कृति के लिए अक्षुण्ण धरोहर है।

प्राकृत, अपभ्रंश-भाषी, ओजस्वी कविराज किसी बात को लचर या शिथिल ढंग से कहना जानते ही नहीं। पर्वतीय निर्झर की भाँति उनकी वाक्यावली जब किसी भाव, विचार या तथ्य के स्पष्टीकरण में आवृत्तिमय ढंग से बह निकलती है, तो पाठक का विस्मय-विमुग्ध मन उसमें आप्लावित हुए बिना रह नहीं सकता।

मगध की बेटी मागधी (पालि)

डा० देवेन्द्रप्रसाद, नवादा

प्रस्तुत निबन्ध पालि की आत्मकथा के रूप में वर्णित है। यह निबन्ध पालि भाषा, जो मागधी नाम से विख्यात थी, उसकी उत्पत्ति से सम्बन्धित है।

प्राचीन साहित्यों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि पहले हमारे पूर्वज अपने भावों को व्यक्त करने के लिए प्राचीनतम भाषा (आदि प्राकृत) बोलते थे। उस युग के हमारे पूर्वजों के भाव जिसमें संकलित है, उसे हम वैदिक साहित्य कहते हैं। वैदिक साहित्य की भाषा का नाम "छान्दस" है। छान्दस में वेद एवं उन पर ब्राह्मण ग्रन्थों की रचनाएँ हुईं। बाद में साहित्य की भाषा का प्रवाह प्रायः रुक-सा गया, परन्तु जनसाधारण में बोली जाने वाली भाषा प्रगतिशील मानवसमाज के साथ अपने रूप-रंग को बदलती गई।

राजस्थान में पुनर्जागरणयुगीन समसामयिक कला के स्रोत

धर्मवीर वशिष्ठ, जयपुर

पुनर्जागरण कला आन्दोलन भारतीय चित्रकला में महत्वपूर्ण प्रवृत्ति रही है जिसने भारत के जागरूक अस्तित्व की पहचान बनाई। भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के साथ ही यह कलाप्रवृत्ति देश के कोने-कोने में विकसित हुई। राजस्थान में भी इसका सूत्रपात २०वीं सदी के प्रारम्भिक दशकों से ही हो चुका था जिनमें राजस्थान में पुनर्जागरण का श्रेय जयपुर के चित्रकार स्व० सौभागमल गहलोत (१९०६-१९८७ ई०) व पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय (१९०५ ई०) को जाता है।

ऋग्वेद का महाकाव्यत्व

जैमिनि ने छन्दोबद्ध रचना को ऋक् माना है—'तेषाभृग् यत्रार्थवशेन पाद-व्यवस्था'। वैदिककाल में छन्दोबद्ध रचना का ही नाम काव्य था। यद्यपि परवर्ती आचार्यों ने गद्य एवं पद्य—ये दो विभाग काव्य् के किये हैं। तीसरा विभाग गद्य एवं पद्य का मिश्रण चम्पू है। संस्कृत साहित्य में पद्यात्मक रचनाओं का ही प्राचुर्य रहा है। यहाँ तक कि ज्योतिष, आयुर्वेद, दर्शन आदि के क्षेत्रों में भी पद्य ने प्रधानता प्राप्त की। फलतः वैदिक युग की प्रथम पद्यमय रचना ऋग्वेद प्रथम महाकाव्य माना जा सकता है। मैक-डोनल्ड अपने इतिहास में सर्वत्र ऋग्वेद को Poetry ही कहते हैं। यही संस्कृत भाषा का आदिकाव्य है।

संस्कृत व्याकरण में प्रातिपदिकार्थ

मीनाक्षी सचदेवा, कुरुक्षेत्र

प्रसिद्ध वैदिक विद्वान् आचार्य यास्क और सूक्ष्म-तत्त्व-विवेचक भाष्यकार पतञ्जलि ने चतुर्विध पदों—नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात की युक्तता को अङ्गीकार किया है। 'नाम' पद की प्रकृति को संस्कृत व्याकरण में प्रातिपदिक कहा जाता है। संस्कृत के नाम अर्थात् सुबन्त पद प्रातिपदिक और सुप् प्रत्ययों के योग से बनते है। प्रातिपदिक के लिए भिन्न-भिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न नाम दिए हैं। वैयाकरणों ने सुबन्त पदों की प्रकृति का निर्धारण करते समय प्रातिपदिक के लिए 'नाम' पद का प्रयोग किया है। मीमांसकों ने इसे पद कहा है। पतञ्जलि ने भी प्रातिपदिकार्थ के लिए पदार्थ' शब्द का प्रयोग किया है।

आचार्य वरदराजकृत प्रमाण-लक्षण वैशिष्ट्य

बारहवीं शताब्दी के वरदराजाचार्य द्वारा 'तार्किकरक्षा' नामक प्रकरण-ग्रन्थ की रचना की गई। इस ग्रन्थ में प्रमाण-सामान्य के लक्षण के प्रसङ्ग में उनका वैशिष्ट्य प्राप्त होता है। उन्होंने भाष्य, वार्त्तिक तथा टीका से प्राप्त परम्परागत मत का तथा उदयना-चार्य से प्राप्त नूतन मत का समन्वय कर एक व्यापक लक्षण प्रस्तुत किया है। प्रमाण-सामान्य के प्रसङ्ग में वरदराजकृत लक्षण उदयनाचार्य से प्रभावित होता हुआ भी उनसे कहीं अधिक स्पष्टता एवं विशदता लिये हुए है।

प्रमा से व्याप्त होता हुआ जो प्रमिति का साधन हो तथा प्रमा से व्याप्त होता हुआ जो प्रमा का आश्रय हो, वह प्रमाण है।

आदिकवि का आदिश्लोक

जनार्दनप्रसाद पाण्डेय 'मणि', इलाहाबाद

मा निषाद् ! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः ।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ।। वा.रा. ११.१३

उपर्युक्त श्लोक लौकिकसंस्कृतसाहित्य में आदिकवि के आदिश्लोक के रूप में विख्यात है । यह अन्यूनानतिरिक्त-शोभाशालित्वाभिषिक्त साहित्य की अत्युत्तम सृष्टि है । इस श्लोक की उत्पत्ति के पीछे जो कारण है, वह भावोद्वेग है, निश्छल-शोकोद्वेग है । अरण्य की किसी उपत्यका में चारूनिःस्वन करते हुए जीवन के सर्वानंदमय मधुमय क्षण का उपभोग करते हुए क्रौञ्चयुगल (सारसमिथुन) में से नरक्रौञ्च को जब एक निर्दय निषाद ने मार डाला था, तभी सांसारिकता से विरक्त, स्वभावतः आत्माराम आदिकवि वाल्मीकि के चलनी बने हृदय से यह श्लोक फूट पड़ा था ।

संस्कृत-साहित्य में भक्तिरस की अभिनव-योजना

डा० गीतारानी शुक्ला, लखनऊ

संस्कृत-काव्यशास्त्र के आचार्यों ने भक्ति को रस के रूप में मान्यता नहीं प्रदान की है, यथा- काव्यप्रकाशकार मम्मट ने 'रतिर्देवादिविषयाव्यभिचारितथाऽज्जितः भावः प्रोक्तः' कहकर भक्ति को भाव की कोटि में परिगणित किया है । भक्ति को रस के रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय वैष्णवाचार्यों को है । चैतन्यमत भक्तिप्रधान धर्म है, इसमें कृष्णभक्ति को सर्वोपरि महत्त्व दिया जाता है । भक्ति-तत्त्व को रस के रूप में मान्यता प्रदान करना चैतन्य के भक्ति-सिद्धान्त का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष है ।

क्षेमेन्द्रव्यासदासकृत सुवृत्ततिलक

डा० रानी मजूमदार, अलीगढ़

छन्दःशास्त्र से सम्बन्धित अनेक रचनाएँ प्राचीन समय से विद्यमान हैं—पिङ्गल-रचित छन्दःसूत्र, जनाश्रय का छन्दोविचिति, जयदेवविरचित जयदामा, हेमचन्द्रकृत छन्दोऽनुशासन, केदारभट्टरचित वृत्तरत्नाकर आदि । इनके अतिरिक्त भरत ने भी अपने नाट्य-शास्त्र के चौदहवें तथा पन्द्रहवें अध्याय में कुछ छन्दों का वर्णन किया है । अग्नि-पुराण के ३२८-३३५ अध्याय छन्दःशास्त्र से सम्बन्धित हैं ।

सम्भवतः कात्यायन ने भी छन्दःशास्त्र पर आधारित कोई ग्रन्थ लिखा होगा जो अब उपलब्ध नहीं है । अभिनवगुप्त ने कुछ छन्दों के प्रयोग के सन्दर्भ में कात्यायन के श्लोक को उद्धृत किया है ।

सुभद्राधनञ्जय नाटक में रस-योजना

कु० पूनम शर्मा, कुरुक्षेत्र

केरलाधिपति कुलशेखरवर्मन् द्वारा विरचित 'सुभद्राधनञ्जयम्' नाटक महाभारत में वर्णित सुभद्रा और अर्जुन के विवाह की घटना पर आधारित शृंगाररसप्रधान नाटक है। इसमें अयोग शृंगार की स्थिति में होने वाली दस कामदशाओं का सुन्दर चित्रण किया गया है। अंगीरस शृंगार के पोषण के लिए वीर, हास्य, रौद्र, अद्भुत इत्यादि अन्य रसों की अंग रूप में योजना की गई है। इस प्रकार नाट्यशास्त्रीय नियमों के अनुसार इसमें अंगीरस और अंगरस का सुन्दर समायोजन उपलब्ध होता है।

आचार्य भिक्षारामप्रणीत शब्दज्योत्स्ना

डा० श्रीकृष्ण शर्मा, कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्रभूमि के अन्तर्गत वारणा ग्राम के निवासी वेदवेदांगाचार्य श्री भिक्षाराम जी ने परम्परागत प्राचीन वैयाकरणों की मान्यताओं तथा पाणिनि, कात्यायन, पतञ्जलि, वामनजयादित्य, भट्टोजिदीक्षित आदि प्रौढ़ शब्दमनीषियों की रचनाओं का अनुशीलन करके इस शताब्दी के पूर्वार्द्ध में शब्दज्योत्स्ना नामक शब्दानुशासन का प्रणयन किया। तेईस वर्षों के अध्यापनकाल के अनुभव के आधार पर आचार्य ने मानवीय अल्पापुष्प को ध्यान में रखते हुए अपने ग्रन्थ में अत्यन्त लाघव और सारल्य लाने का अनुपम प्रयास किया है। संस्कृतभाषा की विपुल शब्दराशि को मात्र १६०० सूत्रों में ही समेटने का प्रयत्न किया है।

शब्दज्योत्स्ना के अधिकांश सूत्र सर्वथा मौलिक हैं, तथापि लक्ष्य की समानता के कारण कुछ सूत्र पाणिनीयप्रभृति व्याकरणों के सूत्रों से साम्य रखते हैं।

मातृगुप्त के नाट्यशास्त्रीय मन्तव्यों का विवेचन

डा० (श्रीमती) अरुणा शर्मा, कुरुक्षेत्र

भारतीय नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थों तथा साहित्य-ग्रन्थों की टीकाओं में आचार्य मातृगुप्त के मतों का उल्लेख अनेकशः किया गया है। अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र की अभिनव-भारती टीका में, शारदातनय ने भावप्रकाशन में तथा सागरनन्दी ने नाटकलक्षणरत्नकोश में अनेक प्रसंगों में मातृगुप्त के मतों को उद्धृत किया है। अभिज्ञानशाकुन्तल के टीकाकार राघवभट्ट ने भी अपनी टीका में नाट्यशास्त्र के अनेक पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या करते हुए मातृगुप्त को उद्धृत किया है। इन प्रकीर्ण उद्धरणों के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि सम्भवतः मातृगुप्त ने नाट्यशास्त्र सम्बन्धी कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ लिखा होगा।

बुद्ध्यारम्भानुभाव की मान्यता

प्रो० कल्याण भारती, जोधपुर

नाट्यशास्त्र प्रणेता आचार्य भरत तथा इनके पूर्व विद्यमान कोहल, नन्दी आदि आचार्यों ने भारतीय काव्य-शास्त्र के महत्वपूर्ण अंग रस-सिद्धान्त पर काफी विमर्श किया है। आचार्य भरत के अनुसार वाचिक, आंगिक व सात्विक क्रियाएँ अनुभाव के अन्तर्गत आती हैं।

अनुभाव्यतेऽनेन वागंगसत्वकृतोऽभिनय इति। ना० शा० ७-५

धनञ्जय व विश्वनाथ ने इसके भेदों का उल्लेख नहीं किया। दोनों ने इसे रस का कार्य कहा है।

नामकरण-विमर्श में निहित शास्त्रीय अवधारणाएँ

सत्येन्दु शर्मा, हाजीपुर

सोलह संस्कारों में परिगणित नामकरण-संस्कार पर मनुस्मृति आदि ग्रन्थों मे जो विधान निर्दिष्ट किये गये हैं, उससे शास्त्रकारों की यह स्पष्ट मान्यता सूचित होती है कि वह व्यक्तित्व पर नाम का प्रभाव निश्चय ही स्वीकर करता है। नामकरण– निर्देश के पीछे निहित इन्हीं शास्त्रीय अवधारणाओं का अध्ययन प्रस्तुत शोधपत्र का विषय है।

वेद में जल–चिकित्सा

डा० (श्रीमती) वसुन्धरा रिहानी, चण्डीगढ़

वेद में अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा, वायु, जल प्रभृति प्राकृतिक तत्त्वों को, उनकी दिव्य शक्तियों के कारण देव नाम से अभिहित किया गया है। इन दैवी शक्तियों द्वारा रोगोपचार का वर्णन वेद में विशद् रूप से पाया जाता है। उक्त प्राकृतिक तत्वों में से जल नित्य आहार की वस्तु होते हुए भी नैसर्गिक चिकित्सा का एक परम उपाय है। वह एक महौषध है जो जीवनशक्ति देने वाले अमृत के समान गुणकारी है और इसमें रोगनिवारण की एक अप्रतिम शक्ति है।

जल के भेषज-तत्त्व का वर्णन वेद में कई स्थलों पर पाया जाता है। तद्यथा—"आप इद् वा उ भेषजीरापो———(अथर्व० ३.७.५)" मंत्र में जल को ओषध, रोग-कारणों का नाशक एवं समस्त रोगों का उन्मूलक कहा गया है।

अपभ्रंश की लौकिक नीतिपरक मुक्तक कविता

डा० राधेश्याम मिश्र, गाजियाबाद

प्रत्येक देश और काल में प्रतिभाशाली कवियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा मानवीय आकाँक्षाओं, लोकजीवन-गत आदर्शों और शाश्वत जीवन-मूल्यों की व्यंजना की है। यह व्यंजना कवि-कर्म का उच्चतम लक्ष्य है जिसकी सिद्धि प्रबन्धात्मक रचनाओं के साथ-साथ स्वतन्त्र नीतिपरक मुक्तकों के द्वारा भी बड़ी प्रखरता से सम्भव हुई है। अपभ्रंश में लौकिक-भावपरक मुक्तक काव्य की कोई सम्पूर्ण कृति या संकलित रचना नहीं मिलती परन्तु सौभाग्य से संस्कृत और प्राकृत के 'स्वयम्भूच्छन्द', 'हेम-प्राकृत-व्याकरण, ''छन्दोऽनुशासन', 'प्राकृतपैंगलम्' आदि ग्रन्थों में अपभ्रंश के लगभग एक सहस्र प्रकीर्ण रूप में उद्धृत पद्य मिलते हैं जिनमें से लगभग दो सौ पद्य नीतिपरक हैं।

समसामयिक परिप्रेक्ष्य में कुण्डलिनी साधना

डा. पीताम्बर झा

भारतीय आध्यात्मिक साधना के प्रमुख दो मार्गों–प्रवृत्तिमार्ग एवं निवृत्तिमार्ग—में से निवृत्तिमार्गी अधिकाँश सन्तों एवं विचारकों ने साधकों के लिए देहात्मदृष्टि को सभी अनर्थों का मूल माना है। उनका कथन है कि मुमुक्षुओं को यथासम्भव देहचिन्तन से विरत होकर आत्मचिन्तन में ही रत रहना चाहिए। दूसरी ओर प्रवृत्तिमार्गी विचारकों एवं हठयोगियों ने मानवदेह की उपयोगिता को अत्यधिक महत्त्व दिया है। उनका कथन है कि यह रक्तमांसमय मानवशरीर ही कर्मदेह है, इसके बिना कर्मसाधन नहीं हो सकता। अतः इस मनुष्यशरीर के द्वारा यदि शुभाशुभ कर्मों का सञ्चय न किया जाए, तो अध्यात्ममार्ग पर अग्रसर होना सम्भव ही नहीं होगा।

अग्निशिखासम्भूता पाञ्चाली

डा. ओम्प्रकाश पाण्डेय, लखनऊ

महाभारत में द्रौपदी के जन्म का जो विवरण मिलता है, वह अत्यन्त अस्वाभाविक होने के कारण विवाद का आस्पद है। तदनुसार द्रोणाचार्य के द्वारा अपमानित एवं क्षुब्ध होकर पाञ्चालनरेश यज्ञसेन द्रुपद ने पुत्रफलक जिस यज्ञ का अनुष्ठान किया, उसकी वेदी से धृष्टद्युम्न संज्ञक पुत्र और कृष्णा नाम्नी पुत्री उत्पन्न हुई। कालान्तर से पाञ्चाली, याज्ञसेनी और द्रौपदी प्रभृति नाम भी इसी कन्या के पड़े।

विचारणीय वस्तु यही यज्ञवेदी है, जिसके अक्षरशः शब्दार्थ को ग्रहण करने पर द्रौपदी की उत्पत्ति स्थूल हवनकुण्ड से हुई लगती है, किन्तु प्रजनन की सामान्य प्रक्रिया के विरुद्ध होने के कारण अविश्वसनीय प्रतीत होती है।

आसन—परम्परागत क्रिया और प्रतिक्रिया

सर्वेशकुमार दुबे, नई दिल्ली

आज स्वास्थ्य सम्बन्धी विषम परिस्थितियों तथा अन्य कारणों से आसनों का महत्त्व बढ़ रहा है। उपयोगितावादी दृष्टि के कारण आज हमें प्रत्येक घर में 'आसन शिक्षक' दिखाई पड़ रहे हैं।

पतंजलि के 'योगसूत्र' में साधनपाद के ४६वें सूत्र (स्थिर सुखमासनम्) में उनका मूल उद्देश्य मानव की विवशता, असहायता, भय, संत्रास, कुण्ठा आदि को दूर कर मानवशरीर को स्थिर कर, मानव-मन को प्रसन्न करना है जिससे मानव कठिनाइयों से हार कर न बैठे। ४७वें सूत्र (प्रयत्नशैथिल्यानन्त्य समापतिभ्याम्) में किसी बीमारी के कारण, धनलाभ के कारण या आडम्बरप्रदर्शन के कारण आसन न करने पर बल दिया गया है।

वाक्यपदीय में अधिकरण कारक

ब्रह्मदेव विद्यालंकार, कुरुक्षेत्र

व्याकरण-दर्शन के आचार्य भर्तृहरि ने वाक्यपदीय के प्रकीर्ण-काण्डान्तर्गत साधन समुद्देश' नामक प्रकारण में सप्तविध कारकशक्तियों का ऊहापोहात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। कर्तृ, कर्म आदि व्यपदेश-भेद से छ. और शेषव्यपदेश-भेद मे युक्त सप्तमी 'साधन' (कारक) शक्ति मानी है (कर्तृकर्मकरणादिव्यपदेशभेदेन षट्, शेषव्यपदेशभेदेन च सप्तमी इत्येवं सप्तकारक-शक्तय: अम्बाकर्त्री व्याख्या ३.७.४४। इनमें अन्यतम है--अधिकरण कारक, जिसको भर्तृहरि ने परिभाषित किया है।

वैदिक आख्यान और आचार्य यास्क

डा० मानसिंह, कुरुक्षेत्र

आचार्य यास्क के अनुसार अर्थद्रष्टा ऋषि की स्वदृष्ट अर्थ को स्पष्ट करने के लिए उसे आख्यान (कथा) से संयुक्त करने में प्रीति होती है। ऋषेर्दृष्टार्थस्य प्रीतिर्भवत्याख्यानसंयुक्ता (निरुक्त १०-१०-४६)। जिससे स्पष्ट है कि ऋषि द्वारा दृष्ट अर्थ अन्य होता है और उसके मनोरम सम्प्रेषणार्थ कल्पित इतिहास, आख्यायिका आदि मुख्यार्थ उससे भिन्न; उसे आधुनिक अर्थ में वास्तविक इतिहास नहीं माना जा सकता। 'निरुक्त-समुच्चय' के कर्त्ता आचार्य वररुचि भी मन्त्रगत आख्यानों को औपचारिक ही मानते हैं।

अपभ्रंश की लौकिक नीतिपरक मुक्तक कविता

डा० राधेश्याम मिश्र, गाजियाबाद

प्रत्येक देश और काल में प्रतिभाशाली कवियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा मानवीय आकांक्षाओं, लोक जीवन-गत आदर्शों और शाश्वत जीवन-मूल्यों की व्यंजना की है। यह व्यंजना कवि-कर्म का उच्चतम लक्ष्य है जिसकी सिद्धि प्रबन्धात्मक रचनाओं के साथ-साथ स्वतंत्र नीतिपरक मुक्तकों के द्वारा भी बड़ी प्रखरता से संभव हुई है। अपभ्रंश में लौकिक-भावपरक मुक्तक काव्य की कोई सम्पूर्ण कृति या संकलित रचना नही मिलती है।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में गतिकी

विकाशकुमार पाठक, भागलपुर

गति के मूलभूत सिद्धान्त का प्रतिपादन वैशेषिक दृष्टान्त में ईसा के ३०० वर्ष पहले हुआ था। दुर्भाग्यवश, उसके बाद गति की प्रकृति पर कोई भी अध्ययन ६०० ई० तक नही हुआ। ६०० ई० मे प्रशस्तपाद ने अपने पदार्थ-धर्मसग्रह में पदार्थ की गति के जिन विशिष्ट गुणों को परिभाषित किया है, वे इस प्रकार है :—

(१) एकद्रव्यत्व (२) क्षणिकत्व (३) अगुणत्व (४) मूर्तद्रव्यवृत्तित्व (५) गुरुत्व-द्रवत्व-प्रयत्न-संयोगजत्व (६) स्वकार्य-सयोग-विरोधित्व (७) संयोग-विभाग-निरपेक्षकारण (८) असमवायी-कारणत्व (९) स्वपराश्रय-समवेतकार्यारम्भकत्व (१०) द्रव्यनारारम्भकत्व (११) समानजातीय नारारम्भकत्व (१२) प्रतिनियत-जातीयोगित्व-दिविशिष्ट-कार्यारम्भकत्व। मैंने इस शोधपत्र में गति के उपर्युक्त विशिष्ट गुणों का आधुनिक गतिकी के परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन किया है।

वृहद्त्रयी में सांगीतिक तत्व

श्रीमती वसुन्धरा वसन्त कान्हे, रायपुर

वस्तुत: सुश्रुत चरक तथा वाग्भट द्वारा प्रणीत ग्रन्थों में सांगीतिक तत्वों की खोज, सागर से अमृत निकालने का भगीरथ प्रयास है। किन्तु विद्वानों मे इसे यथा-शक्ति संभव बनाने का प्रयास किया है।

"......सूत्रस्तेवास्ति मे गति:" कालिदास के उक्त कथन के अनुसार "विसंज्ञ श्रावयेत् वेणुम्" जैसे कुछ स्थलों का दिग्दर्शन इस लेख में करते हुए उक्त विशाल विषय पर चिन्तकों का ध्यान आकृष्ट किया है।

बोधगया से प्राप्त अभिलेखों का अध्ययन

राजीवकुमार, बोधगया

बोधगया गया शहर से १२ कि० मी० दक्षिण निरंजना (निलाजन) नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। यह बुद्धकालीन उरूवेला ग्राम है जहाँ गौतम सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। गौतम सिद्धार्थ के बुद्धत्व प्राप्ति को स्मारकरूप प्रदान करने के लिए यहाँ महाबोधि मंदिर का निर्माण करवाया गया जो स्थापत्य तथा शिल्पकला का अनुपम उदाहरण है। मौर्य सम्राट् अशोक के अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसने यहाँ आकर एक विहार, वज्रासन तथा वेरि्टणियों का निर्माण कराकर इस बौद्ध स्थान की नींव डाली थी। वर्तमान समय में विद्यमान मदिर गुप्तकाल में निर्मित माना जाता है।

कालिदास के नाटकों में सामाजिक वर्ग

दिनेशचन्द्र चौबीसा, उदयपुर

लोकजीवन से जुड़े सामाजिक पक्षों को पात्रों पर आरोपित कर अनुकरण रूप तात्कालिक घटनावृत्त की जीवन्त प्रस्तुति नाटक है। नाटक का लेखन और प्रदर्शन समाज में ही होता है। अतः नाटक में से समाज को तथा समाज मे से नाटक को पृथक् करके नही देखा जा सकता है। संस्कृत नाटकों को लेकर एक प्रश्न बार-बार उठता है कि नाटककार सामाजिक वर्ग को साथ लेकर क्यो नही चला, वह व्यक्तिवादी निरकुंश शक्तियों तक ही सीमित क्यों रहा ? राजपरिवारो के प्रेम-वैवाहिक कथानकों से उनके जीवनस्तर, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य-विलास व रति-राग को लिखता गया और इससे सामाजिक वर्ग अलग-थलग पड़ गया।

संस्कृत रूपकों में प्रकरण की परम्परा

डा० आभा पाण्डेय

संस्कृत में नाटक और प्रकरण — रूपक की दो प्रतिनिधि विधाएँ है, जिनमें प्रकृति और उद्देश्य की दृष्टि से प्रारम्भ से ही अन्तर रहा है। वस्तुतः ये सस्कृत-नाट्य की दो स्वतंत्र धाराओं के चरम विकसित स्वरूप हैं, अतः इनमें कथावस्तु, पात्र, आन्तरचेतना तथा समग्र नाटकीय वातावरण की दृष्टि से प्रभूत अन्तर पाया जाता है।

नाटक आदर्शोन्मुखी विधा है, जो आदर्श जीवन का भव्य तथा उदात्त चित्रण करती है।

लेनिनामृत—एक समीक्षा

महाकवि पदमशास्त्री ने अत्यंत सुप्रसिद्ध लेनिनामृत' नामक महाकाव्य की रचना की है। इस महाकाव्य में कवि ने मार्क्सवादी नेता श्री लेनिन का चरित्र और रूस देश की राजनैतिक जनक्रांति का विस्तृत वर्णन १५ सर्गों मे किया है। आर्य समाजी विद्वान श्री शास्त्रीजी मार्क्सवाद के सिद्धांत से प्रभावित थे। आज भी मानव-समूह के कल्याण और विकास के लिए मार्क्सवादी सिद्धान्तों की आवश्यकता है, इसीलिए शास्त्रीजी ने अपने महाकाव्य में मार्क्सवाद के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया।

सिद्धार्थ गौतम की प्रव्रज्या

डा० प्रा० बालचंद्र खांडेकर, नागपुर

सिद्धार्थ गौतम ने प्रव्रज्या ली उसका कारण घरका निवास जंजाल है, मलका मार्ग है, प्रव्रज्या खुला मैदान है, विषयोपभोगमे दोष और नैहकाम्यमें निर्भयता देखकर तपाचरण के लिए निकल पड़े। प्रव्रज्या लेकर उन्होंने कायासे पापकर्म वर्ज्य किए और वाचसिक पाप छोड़कर, अपनी उपजीविका शुद्ध रखी। हाथ में धारण किए दण्ड से भय उत्पन्न हुआ है। परस्परमें कलह करने वाले लोगों की ओर देखकर संवेग प्राप्त हुआ। अल्प पानी मे तड़फडनेवाली मछलीके तरह आपसमें विरोध करके तड़फड़ करने वाले लोगों को देखकर अंतःकरण में भय निर्माण हुआ, यह लोक असार है, सब दिशाएँ कंपित हो रही हैं, इसमें आश्रय की जगह प्राप्त न हो सकी और अंत तक यह लोग संघर्ष कर रहे—यह देखकर संसारकी अत्यंत घृणा आयी।

गोदादेवी की रचनाओं में प्रपत्ति

श्रीवैष्णव धर्म और दर्शन की परम्परा में प्रपत्ति का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। मोक्ष के चार साधनों—कर्म, ज्ञान, भक्ति तथा प्रपत्ति में से प्रपत्ति को सर्वोत्कृष्ट साधन स्वीकार किया गया है। श्रीवैष्णव-सम्प्रदाय में निरूपित प्रपत्ति का मुख्य प्रेरणा-स्रोत आलवार भक्तों की रचनाएँ हैं। 'आलवार' संख्या में बारह थे। इन बारह आलवारों में गोदादेवी का अपना विशिष्ट स्थान है। वे बाल्यकाल से ही भगवान् के प्रति अनुरक्त थीं। उनका हृदय भगवान के प्रति प्रेम तथा समर्पण से परिपूर्ण था।

जैन-सम्मत अहिंसा—आधुनिक सन्दर्भ में

डा० प्रभावती चौधरी, जोधपुर

जैन दर्शन में 'अहिंसा' को सर्वोच्च महाव्रत के रूप में ग्रहण किया गया है। अहिंसा तत्त्व का जैसा सूक्ष्म विवेचन जैनग्रन्थों में दृष्टिगोचर होता है वैसा अन्यत्र नहीं होता। पृथ्वीकायिकादि जीवों में भी हिंसा का निषेध जैनाचार की महती विशेषता है। हिंसा, अनाचार, अकाल, अतिवृष्टि आदि विपत्तियों से त्रस्त मानवता के लिए जैनसम्मत अहिंसा प्रचण्ड-गर्मी में शीतल बयार के सदृश उपादेय एवं परमावश्यक है। जैनदर्शन में सामान्यजन के लिए प्रतिपादित अणुव्रत मानव संस्कृति को प्राकृतिक विपदाओं से तथा मानुषी विपत्ति से बचा सकने में समर्थ है। प्रस्तुत निबन्ध में अहिंसा के स्वरूप एवं महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए आधुनिक काल में उसकी उपादेयता पर प्रकाश डाला गया है।

भारतीय साहित्य में नारी

डा० प्रभावती चौधरी, जोधपुर

भारतीय साहित्य में नारी सदा पूजनीया रही है। कवियों की दृष्टि में नारी माया-सी दुर्बोध, प्रकृति-सी बहुरूपी एवं सहानुभूति-सी सरल रही है। मानव का नारी के साथ शारीरिक, रागात्मक तथा धार्मिक सम्बन्ध होने के कारण नारी के विभिन्न स्वरूप-भेद हुए एवं उनके सूचकशब्दों की अलग-अलग सृष्टि हुई। जिस तरह एक छोटे-से ओस-बिन्दु में सम्पूर्ण सूर्य-मण्डल प्रतिबिम्बित हो जाता है उसी तरह नारीवाचक छोटे से छोटे शब्द में भी उसकी जाति, गुण, क्रिया अथवा इच्छा झलक जाती है। साहित्य में नारी को विशिष्ट स्थान दिया गया है। नायिका, उपनायिका, प्रतिनायिका, सहनायिका आदि विभिन्न रूपों में वह सदा चित्रित की जाती रही है।

सुत्तनिपात की उपमाओं का वैशिष्ट्य

डा० रामनारायण सिंह यादव, गया

भारतीय काव्यशास्त्र के अनुसार भावों के विशदीकरण के लिए उपमाओं का विशेष महत्त्व प्रदर्शित किया गया है। उपमाओं का उपयोग वैदिककाल से लेकर आज तक सम्पूर्ण विश्व वाङ्मय में दृष्टिगत होता है। भारतीय मनीषियों ने इसे अलंकारों का शिरोरत्न और काव्यसम्पदा का सर्वस्व कहा है। मध्यभारतीय आर्यभाषा पालि में भी भगवान् बुद्ध ने देशना के क्रम में तथ्यों के स्पष्टीकरण तथा बोधगम्यता के लिए उपमाओं का प्रयोग किया है।

कालिदास के महाकाव्यों में यमक—एक अध्ययन

डा० (श्रीमती) पूनम जैन, सहारनपुर

शब्दालंकारों में यमक अलंकार एक महत्त्वपूर्ण तथापि विवादास्पद अलंकार है, जिसका विवेचन आद्याचार्य भरत से लेकर अर्वाचीन आचार्य कर्णपूर तक ने भी किया है। इसकी विवादास्पदता इसी बात से स्पष्ट होती है कि एक ओर जहाँ दण्डी, भोज आदि आचार्यों ने इसका विस्तृत वर्णन किया है, वहीं उद्भट, अप्पय दीक्षित तथा पण्डित जगन्नाथ ने इसे पूर्ण परित्याज्य माना है। आचार्य मम्मट ने यमक को 'गन्ने की गांठ' के समान कहकर इसकी रस-बाधकता का प्रतिपादन किया।

वस्तुतः सैद्धान्तिक रूप से यमक की रस-बाधक रूप में जो समालोचना की गयी है, काव्यों में यमक-प्रयोग को देखकर यह उचित प्रतीत नहीं होती।

वैयाकरणभूषणसार के आधार पर निपातार्थ-विवेचन

डा० अरविन्दकुमार, कुरुक्षेत्र

निपातों की अर्थ-वाचकता अथवा द्योतकता के विषय में विभिन्न सम्प्रदायों के आचार्यों में प्राचीनकाल से ही मतभेद हैं। वैयाकरण, विशेषतः नव्य वैयाकरण, निपातों को वाचक न मानकर द्योतक मानने के पक्ष में है। प्रस्तुत निबन्ध में कौण्डभट्ट-कृत वैयाकरणभूषणसार के 'निपातार्थनिर्णय' के आधार पर निपातों के वाचकत्व और द्योतकत्व पक्षों का अध्ययन किया गया है।

यास्क तथा उत्तरवर्त्ती विद्वानों की दृष्टि में वैदिक देवता

डा० गणेशदत्त भारद्वाज, होशियारपुर

वैदिक देवता के स्वरूप के बारे में आचार्य यास्क से लेकर दयानन्द, अरविन्द, अय्यर, वासुदेवशरण अग्रवाल तथा मैक्समूलर, मैक्डॉनल, ब्लूमफील्ड प्रभृति विद्वानों में परस्पर मतभेद दिखायी पड़ता है, किन्तु ये सभी विचारक यास्काचार्य के 'प्राकृतिक सिद्धान्त' मत से न्यूनाधिक्य रूप में प्रभावित दिखायी पड़ते हैं।

एकदेववाद और बहुदेववाद को लेकर भी पाश्चात्य और भारतीय आचार्यों ने अपने-अपने मत की पुष्टि में वैदिक संहिताओं को ही आधार बनाया है, जहाँ मैक्समूलर 'हेनोथीज्म' के प्रतिपादक हैं, वहाँ मैक्डॉनल एकदेववाद के समर्थक हैं।

महापुराण की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

डा० सुदर्शन मिश्र, भोजपुर

भारत का सांस्कृतिक जीवन आज से कई हजार वर्ष पहले से आरम्भ होता है। मोहनजोदड़ो आदि की खुदाई में ईसा के सहस्रों वर्ष पूर्व की संस्कृति का पता चला है। यों भारतीय संस्कृति का मूलस्रोत वेदकालीन संस्कृति ही मानी जाती है। देववाद और यज्ञवाद ही इस संस्कृति के मूल आधार थे। जब वेद तथा उपनिषदों के ऊँचे विचार साधारण जनता की समझ से बाहर की बात हो गयी, तब भारत में श्रमण-परम्परा का विकास हुआ। यह श्रमण-परम्परा भी मुख्यत: दो रूपों में विकसित हुई—बौद्ध और जैन।

सूत्रकृतांग में चर्चित मौलिक जैन सिद्धान्त

डा० रामजी राय, आरा

सूत्रकृतांग में ज्ञान और क्रिया का समन्वय के द्वारा एकान्तवादी दर्शनों का खंडन कर अनेकान्त की स्थापना की गई है। इसके आरम्भ में ही वर्णित है कि बोध प्राप्त करना चाहिए और परिग्रह के बन्धन को जानकर उसे तोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

सूत्रकृतांग में जीव, अजीव, आस्त्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, ज्ञान आदि तत्वों का अनेक स्थलों पर निरूपण एवं प्रतिपादन किया गया है। आचार एवं अनाचार का स्वरूप बतलाने के संदर्भ में सर्वप्रथम लोक और अलोक का स्वरूप बतलाया गया है। फिर जीव और अजीव के अस्तित्व पर विचार किया गया है।

मेघदूत में कालिदास की समाजसंहिता

रामसेवक पाण्डेय

काव्य या साहित्य समाज का दर्पण होता है। मेघदूत में महाकवि कालिदास ने मेघ के द्वारा अपनी प्रियतमा के पास यक्ष के संदेश-प्रेषण में भी कतिपय तत्कालीन सामाजिक मान्यताओं की ओर संकेत किया है। उज्जयिनी तथा अलका की रीति, धार्मिक भावना, धर्मानुष्ठान, प्रेम, व्यवहार, वासना, वेश्या, युवतियाँ, सौन्दर्य-बोध, नारी के विविध स्वरूप, पारिवारिक सम्बन्ध, जातिगत भेद-भाव, बाल-क्रीड़ा, अपराध, दण्ड विधान, अतिथि-सत्कार, दाम्पत्य जीवन, आदि विषयों पर यहाँ पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।

वैदिक सृष्टि-विज्ञान और नवीन वैज्ञानिक सत्य

डा० मनोहरलाल गुप्त, भरतपुर

वेद पूर्ण सृष्टि-विज्ञान है। वेद में सृष्टिउत्पत्ति से पहले की अवस्था से लेकर सृष्टि-उत्पत्ति की विभिन्न प्रक्रियाओं का बड़ा विशद वर्णन है। यह सृष्टि किस मूलतत्व से बनी, किन-किन देव-शक्तियों ने इसके निर्माण में भाग लिया और यह अपने वर्तमानस्वरूप में किस प्रकार आई, इन सभी सृष्टिविषयक प्रश्नों का समाधान वेद में उपलब्ध होता है। सृष्टि का कोई गूढ़ से गूढ़ रहस्य ऐसा नहीं है जो वेद में प्रकट न हुआ हो। अनेक ऐसे रहस्य जिन्हें जानने के लिये आधुनिक विज्ञान आज जूझ रहा है, वेद में सहजभाव से प्रकट किये गये हैं।

कालिदास के रूपकों की भाषासंरचना में प्रयुक्त कृत प्रत्ययों का महत्व

डा० रमानाथ पाण्डेय, शाहदरा

कालिदास के रूपकों की भाषा-संरचना का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर हम देखते है कि उनकी भाषा में प्रयुक्त प्रत्येक पद उनकी भाषा की क्षमता का पूर्ण परिचय देते हैं। उन्होंने जहाँ अत्यन्त लोकप्रचलित शब्दों का प्रयोग किया है वहीं अनेक शब्दों का प्रयोग अपनी प्रतिभा से भी किया है। वैयाकरणिक दृष्टि से उन्होंने शब्द के पाँचों भेदों—संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया एवं अवयय का अत्यन्त कुशलता से प्रयोग किया है तथापि कृत प्रत्ययों से बने शब्द उन्हें अत्यन्त प्रिय हैं।

महावीर : उनका जीवन-दर्शन

डा० चन्द्रदेव राय, आरा

मानवजीवन के प्रति जैन दृष्टिकोण अच्छी तरह समझा जा सकता है। जीवन के प्रति जैन दृष्टिकोण से हमारा तात्पर्य है—जैन अध्यात्म और आचार-शास्त्र के मूल सिद्धान्तों की उद्देश्यपूर्ण और न्यायसंगत व्याख्या। जैन-जीवन के उस दृष्टि-कोण से नहीं जो प्रायः आज के जैनसमाज में दिखायी देता है। आध्यात्मिक दृष्टि से धर्म-पथ पर प्रत्येक आत्मा की विकास की विभिन्न श्रेणियों (गुणस्थान) के अनुरूप एक निश्चित स्थिति है। यह स्थिति उसके कर्मों की सीमाओं से बंधी हुई है।

'आंग्लभाषा खण्ड'

Illustrations of Indian Aesthetics

Dr. Sambhunath Samanta, Bankura (W.B.)

In illustrating the principles enunciated by Sanskrit Literary Theory most of the critics do not cite veres from noted specimens of literary art, but from compositions of lesser known poets, who could not achieve recognition from the critical contemporary world. In most of these stray stanzas one is confronted with the common world and hard reality, and is pleased to trace his identity with the characters depicted. What is more striking is that these stanzas portray free love, that constitutes the starting point of Romance as also the hunger of the body to a great extent. Indian attitude never emphasises the hunger of the body.

Images of Gods in Isanashivgurudevpaddhati

The study of the Silpatexts highlight to the field of Sculpture, Brchitecture and Painting. Over and above the Silpatexts, agamas and tantras do acquire a significant place in this field. Pioneer scholars like V. Raghavan, Stella Kramrisch, Anand Coomarswamy brought to light some Silpa texts. These treatises help us in appreciating the sculptures, paintings and so on. Hence a study of Canonical texts appears to be indispensable. It should however be remembered that the study of Silpatexts has not yet been exhaustive.

Bhedadhikkara of Nrsimhasrama

Dr. E. Easwaran Nampoothiry, Kerala

